वैशाख कृष्ण पक्ष 14
संवत 2082

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
27 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-190
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया है। सोमवार को मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। पिछली घटनाओं को रेखांकित करते हुए परामर्श में कहा गया है कि रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित 'स्रोत-आधारित' जानकारी के आधार पर कोई वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा होने से सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण कांड जैसी घटनाओं के दौरान अप्रतिबंधित कवरेज के कारण राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल परिणाम हुए।

### हिमाचल प्रदेश में मिला पाकिस्तान एयरलाइंस का मॉडल गुब्बारा

**हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच शनिवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का एक मॉडल गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना हमीरपुर जिले के बड़सर थाना क्षेत्र के रैली जजरी पंचायत अंतर्गत करनेहड़ा गांव की है, जो हमीरपुर और बिलासपुर जिलों की सीमा पर स्थित है। स्थानीय पंचायत प्रधान की सूचना पर बड़सर पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई प्रकाश ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गुब्बारा कहां से आया और इसके पीछे की मंशा क्या हो सकती है, इसका पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन व ड्रग

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** बीएसएफ ने सीमा पार से होने वाली हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई कर पंजाब के अमृतसर व तरनतारन से हथियार व ड्रग बरामद किया है। बीएसफ से मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब में कई समन्वित सर्च अभियानों के दौरान मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन के 4 पैकेट (कुल वजन लगभग 1.935 किलोग्राम) बरामद किए गए। बीएसएफ ने अमृतसर के गांव दाओके में एक खेत से 302 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

# सड़क हादसे में बिखर गया पूरा परिवार...तीन की मौत, सात गंभीर

- तीन दिन पहले हुई थी शादी पति के सामने चली गई पत्नी की जान

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो में तीन महिला की दर्दनाक मौत होने के साथ दो बच्चों समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना इटखोरी-चतरा मुख्यमार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के गंधरिया गांव की है। ग्रामीणों ने पुलिस के सहयोग से उपचार के लिए सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी इटखोरी माता भद्रकाली मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे। इस दौरान स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में अमरपाली उर्फ प्रिया देवी 23 वर्ष, बहन पिंकी देवी 30 वर्ष, मां विमली देवी 60 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। 3 बच्चे मालिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, रश्मिकांत साहू, राहुल प्रसाद सहित 7 गंभीर रुप से घायल हो गये। सभी मृतक व घायल जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत रखेद गांव के एक ही परिवार के हैं। बताया जा रहा है कि घायलों में ओड़िशा पुलिस का होमगार्ड जवान भी शामिल है। वह स्वयं गाड़ी चला रहा था। होमगार्ड जवान ओड़िशा के राउरकेला क्षेत्र का रहने वाला है। चार दिन पहले शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी के साथ ससुराल आया था। ससुराल वालों के साथ ही माता भद्रकाली मंदिर पूजा करने गया था। सभी पूजा कर लौट रहे थे इस दौरान दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में होमगार्ड जवान के पत्नी की मौत हो गई है।



# टीएसपीसी के दो सक्रिय अग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मेसर्स भारद्वाज कंपनी के संवेदक से लेवी मांगने वाले टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्त किया है। थाना क्षेत्र के काढमदिरी निवासी संवेदक रमेश राणा ने 6 जनवरी को लेवी मांगे जाने की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय मामले पर अपनी नजर बनाए हुए थे। शुक्रवार को जब थाना क्षेत्र के सिसई में टीपीसी के दो सक्रिय सदस्य मारंगलोइया बड़कीतरी गांव के रहने वाला 22 वर्षीय मनोज गंझू पिता फागुन गंझू, व लातेहार जिला के बारियातू थाना क्षेत्र स्थित चेडरा निवासी अखिलेश गंझू पिता झुबर गंझू के साथ जैसे ही पैसा लेने के लिए पहुंचा। ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए मनोज गंझू को पकड़ लिया। उसका साथी अखिलेश जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपी से स्थानीय पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने पर उसकी स्वीकारोक्ति और निशानदेही के आधार फरार अग्रवादी महज 24 घंटे के अंदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को एक साथ दोनों अग्रवादियों को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी उमेश राम,पुअनि रामजी सिंह, पुअनि शिवमणी पासवान, सअनि सौरभ कुमार समेत रिजर्व गार्ड के जवान मौजूद थे।



### सीएम सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन व स्वीडन में निवेशकों को दिया पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन

# झारखंड में दिया निवेश का न्योता

**निवेशकों को बताया**

- झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में खनिज संसाधनों का है प्रचुर भंडार
- राज्य में है खनिज ब्लॉकों की नीलामी और अन्वेषण का अवसर
- झारखंड के पास है पूरे देश के खनिज की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी



### खनन उपकरण निर्माण में निवेश के अवसर

अधिकारियों ने निवेशकों को जानकारी दी कि खनन क्षेत्र के विकास के साथ खनन उपकरण निर्माण में भी झारखंड में अपार संभावनाएं हैं। ड्रिलिंग रिग, आर्टिकुलेटिंग ट्रक, बुलडोजर, ड्रैगलाइन, ड्रिल मशीन, हॉल ट्रक, लोडर, मोटर ग्रेडर और एक्सकेवेटर जैसे खनन अन्वेषण वाहनों और उपकरणों का निर्माण एक बड़ा उद्योग क्षेत्र बन सकता है। इसके अलावा, खनिज प्रसंस्करण एवं शुद्धिकरण उपकरण जैसे कि ग्राइंडिंग इक्विपमेंट, मैग्नेटिक सेपरेटर, थिकनर, क्लैरिफायर आदि के निर्माण में भी निवेश के सुनहरे अवसर हैं। वाहन उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ परिवहन साधनों जैसे कि बेल्ट कन्वेयर, मोटर स्क्रैपर आदि के निर्माण में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन व स्वीडन के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को खनन क्षेत्र में विशेषकर खनिज उपकरण निर्माण व खनिज ब्लॉक की नीलामी में निवेश का न्यौता दिया। खान सचिव अरवा राजकमल व खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल में गए अधिकारियों ने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से निवेशकों को बताया कि झारखंड भारत के उन राज्यों में से एक है, जो प्राकृतिक खनिज संपदा से समृद्ध हैं। यह राज्य भारत के कुल खनिज संसाधनों का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा समेटे हुए है। झारखंड खनिज उत्पादन के क्षेत्र में देश में पांचवें स्थान पर है और इसकी **शेष पेज 11 पर**

### धनबाद के वासेपुर में एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

# आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा

- इसका मकसद इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना है
- भारत सरकार ने इस कट्टरपंथी संगठन को किया है प्रतिबंधित

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने शनिवार को एक बड़े आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड विंग का खुलासा किया। एटीएस ने धनबाद के वासेपुर में एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार भी किया। सभी गिरफ्तार संदिग्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' से जुड़े हुए हैं। छापेमारी का नेतृत्व एटीएस के एसपी ऋषभ झा स्वयं कर रहे थे। झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। झारखंड एटीएस के अनुसार, हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण (यूएपीए) अधिनियम-1967 के तहत भारत **शेष पेज 11 पर**



**इनकी हुई गिरफ्तारी**

1. गुलफाम हसन (21), धनबाद के बैंकमोड़ थाना के अलीनगर।
2. आयान जावेद (21), धनबाद के भूली थाना के अमन सोसाइटी।
3. मो. शहजाद आलम (20), धनबाद के भूली थाना के अमन सोसाइटी।
4. शबनम परवीन (20) धनबाद के भूली थाना के शमशेर नगर गली नंबर-03।

# सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और नवाचार से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। वहीं हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ें। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न **शेष पेज 11 पर**

### युवा भागीदार बनता है, तो तेजी से आगे बढ़ता है देश : सेठ



**रांची।** रोजगार मेला में शनिवार को रांची के सीसीएल स्थित सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 172 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। इन युवाओं को जिन क्षेत्रों में नियुक्ति पत्र दिया गया, उसमें केंद्र सरकार के जीएसटी, सेंट्रल एक्साइज, बैंक, बीएसएफ, सीआरपीएफ, पोत, रेलवे, जल आयोग, सीएससी, पीसीआई शामिल है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी नवनियुक्त युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त युवाओं **शेष पेज 11 पर**

### रिटायर्ड आदिवासी अफसरों के संगठन ने उठाए आदिवासियों के मुद्दे

# जमीन ऑनलाइन रिकार्ड त्रुटिपूर्ण करने से झारखंड परेशान

- टीएसी से राज्यपाल को बाहर करने से कमजोर हुआ झारखंड
- आरक्षण रोस्टर का माखौल उड़ रहा झारखंड में
- बंद हो आरक्षण विरोधी आउटसोर्सिंग अनुबंध आधारित नौकरी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पड़हा समन्वय समिति, भारत ने रांची प्रेस क्लब में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन किया। उच्च पदों से सेवानिवृत्त पदस्थ सदस्यों ने झारखंड से जुड़े मुद्दे पर खुलकर बात की।

सेल्स टैक्स के उपायुक्त रहे राणा प्रताप उरांव ने कहा कि पूरे राज्य में भूमि के रिकार्ड ऑनलाइन किए जा रहे थे, तो जानबूझकर या लापरवाही से बिना जांच किए त्रुटिपूर्ण एंट्री की गई, जिससे एक भी रिकॉड संदेह से परे नहीं है। इस कारण रातों-रात सरकारी जमीन, आदिवासियों की जमीन और सार्वजनिक जमीन मनमाने ढंग से हस्तांतरित किया जा रहा था, या बेचा जा रहा था, जिससे उत्पन्न विवाद में गरीब और आदिवासियों से लेकर सरकारें तक उलझी हुई हैं। सरकार को विशेष अभियान चलाकर इन सारे रिकॉड को पूर्व के लिखित रिकॉड का अनुसरण करना चाहिए, ताकि अनावश्यक हिंसा न हो। पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि सीएनटी, एसपीटी एक्ट को आधुनिक युग के हिसाब से परिवर्तित कर आदिवासियों के कहीं भी जमीन खरीदने की छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भीली कोड, गोंडी कोड जैसी मांगों से लेकर सरना **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

# बेलगाम सोशल मीडिया और घातक होती टीआरपी पत्रकारिता



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कहावत है कि जिसके मूर्ख दोस्त हों उन्हें दुश्मनों की जरूरत ही क्या है! लगभग यही स्थिति अति उत्साही यूट्यूब के कथित उत्साही पत्रकारों,सोशल मीडिया वीरों और कुछ गैर जिम्मेदार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोगों का है जो हाथ में आई कलाम और शुक का दफ्तर खुला वाले अंदाज में मोबाइल या कैमरे से टीआरपी या लाइक्स की दौड़ में अनजाने में देश के दुश्मनों की मदद कर रहे हैं। कश्मीर से लेकर भारत के विभिन्न हिस्सों से सेना की गतिविधियां शत्रु देशों को रणनीति बनाने के बहुत काम आती है और जब भी ऐसी मूवमेंट की खबर हम सोशल मीडिया पर या किसी भी प्रचार माध्यम से चलाते हैं तो उन जासूसों या स्लीपर सेल जैसा कृत्य करते हैं जो पैसे लेकर ऐसी खबरें भेजते हैं। हमें याद रखना चाहिए यही गलती हमारे देश के टीवी चैनलों ने 26/11 के सामी की थी जिसे पाकिस्तान में मॉनिटर कर वहां से निर्देश दिए जा रहे थे और नतीजा हुआ कि अनेक पुलिसकर्मियों सहित निर्दोष नागरिकों की जानें गईं और कमांडो ऑपरेशन में बाधा आ गई जिसके बाद इसकी जांच और समीक्षा में यह बात सामने आई जिसके बाद सभी टीवी चैनलों को सलाह दी गई कि वे किसी भी आतंकी घटना का जीवंत प्रसारण न करें। कश्मीर में ही यह प्रयोग सफल रहा और घंटे भर बाद प्रसारण से अनेक आतंकी इन सूचनाओं के आधार पर भ्रमित होकर या तो मारे गए या पकड़े गए। पत्रकारिता को साहित्य का ही अंग माना जाता है जिसे सत्यम शिवम सुंदरम की अवधारणा पर काम करना चाहिए यानी सत्य हो,आकर्षक भी हो पर शिव की तरह जनकल्याण के लिए हो। कुछ अति उत्साही लोगों ने भारत की सुरक्षा और सुरक्षाकर्मियों को जाने अनजाने खतरे में डाल दिया है या डाल सकते हैं जिस कारण सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की अडवाइजरी जारी की है। अडवाइजरी में कहा गया है, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।' यह सच है कि सच को छुपाया नहीं जा सकता या छुपाना उचित नहीं पर हमारी गतिविधियां मोबाइल रूपी हथियार से अपने ही देश का अहित करने वाला नहीं होना चाहिए। अभी किसी भी घटना को देखते ही उसक वीडियो बनाने वालों की भीड़ लग जाती है और अनेक उत्साही फेसबुक लाइव तक कर देते हैं जिनकी अधूरी या गलत जानकारी से जातीय धार्मिक तनाव बढ़ जाता है। पत्रकारिता की पढ़ाई या प्रशिक्षण के बिना एकतरफा,भ्रामक या अधूरी जानकारी फैलाने के खतरों को हम समझ महीन पाते और सुरक्षा एजेंसियों की ऐसी सूचनाओं को फैलाने वालों की जाने वाली कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं। इसलिए सोशल मीडिया पोस्ट में आतंकियों पर सेना या पुलिस की कार्रवाई की मनमानी रिपोर्टिंग से बचना चाहिए क्योंकि इससे आतंकी सतर्क हो छिप सकते हैं या भाग सकते हैं जिससे अंतोगत्वा नुकसान समाज का ही होगा। आजकल एक्स,इन्स्टा और फेसबुक पेज पर पड़ोसी देश की कुख्यात एजेंसी आईएसआई एक नया अभियान चला रही है जिसमें भारतीय नामों वाली फर्जी महिलाओं की कामुक फोटो और मैसेज रहते हैं। आश्चर्य नहीं कि इनके फोलोवर्स लाखों में होते हैं। इनकी छानबीन आप स्वयं भी कर सकते हैं जिसमें भारती सिंह,कोमल शर्मा,भाभीजी जैसे फर्जी नामों से हजारों प्रोफाइल हैं और इनके आईएसआई से लिंक का अकाट्य सबूत यह है कि इनके अधिकांश फ्रेंड या या जिन्हें ये प्रोफाइलधारी फॉलो करते हैं सभी या अधिकांश पाकिस्तानी हैं। इनसे जुडने वालों पर आईएसआई की नजर रहती है और फिर इन्हें ये हानी ट्रैप में फंसाते है जिन्हें ब्लैकमेल कर देश विरोधी काम कराए जाते हैं। अनेक सेना का अधिकारियों तक को इसमें फंसाया गया है। यदि यूट्यूब और बिना रजिस्ट्रेशन के ऐसी गैर जिम्मेदार पत्रकारिता चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार मजबूर होकर कड़े कानून बनाएगी या सभी ऐसे चलंत पत्रकारों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर देगी तब शोर उठेगा कि चौथे स्तंभ को रोका जा रहा है। अभी इसका असर यह हुआ कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी के पर्यटन पर भारी असर पड़ा है। होटल बुकिंग रद्द हो रही हैं और स्थानीय व्यवसायियों को नुकसान हो रहा है। कश्मीर ही नहीं देश के पर्यटन उद्योग और इसकी शान्तिप्रिय छवि को नुकसाना पहुंचेगा इसलिए सरकार कड़े कदम उठाएगी ही इसमें कोई संदेह नहीं।



# पहलगाम आतंकी हमला मामले में ट्रंप पूरी तरह भारत के साथ नहीं!

**- ट्रंप व उनकी सरकार के अधिकारियों के बयान में नहीं है एकरूपता**

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमला मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह से भारत के साथ नहीं हैं, उनका रवैया बहुत ढुलमुल है। पहलगाम हमले के बाद से ट्रंप व उनकी सरकार के जो बयान आए हैं, उनमें बिल्कुल एकरूपता नहीं है। अमेरिका एक तरफ पूरी तरह से भारत के साथ खड़े होने की बात कर रहा है, लेकिन इसी दौरान ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम भी उभर आया है। शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप समेत अमेरिकी सरकार की ओर से इस आतंकी घटना को लेकर तीन तरह के बयान आए हैं और इनमें जमीन आसमान का फर्क है। इसकी पोल पट्टी पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आतंकवाद के मसले पर अमेरिका व ब्रिटेन के असली चरित्र को बेनकाब करके कर दिया। पहलगाम हमले से शुरू में हाथ खींचने वाले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में मान लिया है कि वह तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। उनका दावा है कि पाकिस्तान यह 'गंदा काम' 'अमेरिका और ब्रिटेन समेत पूरे पश्चिम के लिए करता रहा है। यह गलती थी और हम इसका खामियाजा भुगत चुके हैं।' वैसे तो पाकिस्तान का यह पुराना रवैया रहा है कि वह पहले तो अपने आतंकवादी चरित्र को नकारता है, लेकिन फिर खुद ही उसे कबूल भी कर लेता है। उसकी यह रणनीति 1947-48 से ही चल रही है। लगता है इसी का इनाम दे रहा है अमेरिका व ट्रंप। बीते शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति **शेष पेज 11 पर**

# किसान की फसल में आग लगने से लाखों की क्षति



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिलासपुर ग्राम पंचायत के बनाही गांव के किसान नंदलाल राम के खेत में आग लगने से 5 बिगहा में तैयार गेहूं व 15 कट्ठा में तैयार चना की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना से किसान नंदलाल राम को करीब एक लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। घटना की खबर मिलने पर जेएमएम पलामू जिला के पूर्व मीडिया प्रभारी विवेकानंद सिंह ने पीड़ित किसान को ढांढस बंधाया। उन्होंने तत्काल हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार से दूरभाष पर घटना की जानकारी दी। उन्होंने किसान को हर संभव मदद करने की बात कही। अंचल पदाधिकारी ने किसान को अंचल में जले हुए स्थान का फोटो के साथ आवेदन देने को कहा है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त को आवेदन अग्रसारित किया जाएगा।

## अबुआ व पीएम आवास योजना जांच की मांग

**छत्तरपुर।** पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार ने बयान जारी करते अबुआ व प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता बरते जाने पर चिंता जतायी। उन्होंने बताया कि अयोग्य व्यक्तियों को खुलेआम लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से जिला स्तरीय टीम गठित कर अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच कराने की मांग की है। कहा कि अगर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होती है तब विवश होकर ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# प्राचार्य व सचिव पर बिना चेक के 17 लाख रुपए का अवैध भुगतान का आरोप



## लेखापाल ने थाना में दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला के लेखापाल अरुण कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर कालेज के प्राचार्य प्रेमनाथ व अंतरिम सचिव सुशीला मिश्रा पर कार्यालय की बिना किसी प्रक्रिया और बिना चेक के 17 लाख रुपए का अवैध भुगतान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कार्यालय का भुगतान रजिस्टर व पंजाब नेशनल बैंक का चेक बुक उनके अलमारी में है। इसके बावजूद छह कर्मचारियों के नाम पर 25 अप्रैल को अलग-अलग 441342 रुपए व 1193258 रुपए की निकासी की गई है। इस संबंध में उन्हें किसी तरह की जानकारी भी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि पलामू के उपायुक्त ने कॉलेज में हो रही वित्तीय अनियमितता की जांच के बाद कॉलेज के छह कर्मचारियों का भुगतान रोक दिया था। उपायुक्त ने 13 मार्च 2020 के माध्यम जांच रिपोर्ट सचिव झारखंड अधिविध परिषद को भेजा था। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने 5 जुलाई 2022 को प्राचार्य व सचिव शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला को पत्र देकर झारखंड अधिविध परिषद के आदेश का हवाला देते हुए कई दिशा निर्देश दिया था। इस मामले में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोप बेबुनियाद हैः प्राचार्य

हुसैनाबाद एसबीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रेमनाथ ने बताया कि 9 अप्रैल को शासी निकाय की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में भुगतान किया गया है। आरोप लगाना बेबुनियाद हैं। इसके लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। फिलहाल लेखापाल को निलंबित की कार्रवाई की गई है।

# कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में अल्पसंख्यक व बीपीएल कोटा में नामांकन का अंतिम मौका

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर व कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छह में नामांकन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने बताया कि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हैदरनगर व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में भी कक्षा छह में अल्पसंख्यक व बीपीएल कोटा में सीट रिक्त है। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन रिक्त सीट पर उक्त दोनों विद्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों विद्यालयों में चयन प्रक्रिया के तहत अनाथ बालिकाओं, एकल अभिभावक वाली बालिकाओं, दिव्यांग बालिकाओं, दूरस्थ व वंचित क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। आवेदन जमा करते समय अभिभावकों को आवेदिका और माता, पिता, अभिभावक का आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज के दो-दो फोटो (आवेदिका और अभिभावक के) संलग्न करना अनिवार्य है। वार्डेन ने बताया कि यह पहल बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक समावेशन सुनिश्चित करने और वंचित वर्ग की छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इन विद्यालयों को संचालित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी अभिभावकों से समय रहते आवेदन जमा करने की अपील की है, जिससे संबंधित क्षेत्र के छात्राओं को समुचित शिक्षा का लाभ मिल सके।

## सोशल मीडिया टीम गठन पर आभार जताया

मोहम्मदगंज। झारखंड में युवा कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम में अनुभवी प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए इसके राज्य संयोजक राहुल सिंह ने आइवाइसी के नेशनल हेड मनु जैन के साथ ही अन्य पार्टी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसके लिए उक्त के अलावा इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अलावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, झारखंड प्रभारी शशि सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के प्रति आभार प्रकट किया है।

# इलेक्ट्रिक लोको में वॉटरलेस यूरिनल की सुविधा, पायलटों को मिली बड़ी राहत



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत लोको शेड ने लोको पायलटों की सुविधा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और मानव केंद्रित कदम उठाया गया है। रेलवे बोर्ड और आरडीएसओ के निर्देशों के अनुरूप अब इलेक्ट्रिक इंजनों में वॉटरलेस यूरिनल लगाए जा रहे हैं। जिससे ड्यूटी के दौरान लोको पायलटों (महिला व पुरुष दोनों) को इंजन से उतरकर बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह पहल संचालन में निरंतरता, सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करेगी। यह जानकारी डीडीयू मंडल की ओर से शनिवार को जारी की गई है। इसमें इस संबंध में बताया गया है कि इस सुविधा का कार्य अप्रैल से तीव्र गति से प्रगति पर है। अब तक लगभग 18 इंजनों में यह व्यवस्था सफलता पूर्वक लगाई जा चुकी है। आने वाले समय में डीडीयू बेस के सभी थ्री फेस लोको में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह वॉटरलेस यूरिनल पीआइआर सेंसर आधारित है, जो केवल मानव गतिविधि पर सक्रिय होता है। इसमें सैनिटाइजर, परफ्यूम स्प्रे, यूवी एलईडी लाइट, एग्जॉस्ट फैन और स्पीड कंट्रोल ऑटोमैटिक डोर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह यूनिट केवल तब खुलेगी जब इंजन पूर्ण रूप से रुका होगा।

# गुलबाग स्टेडियम का एक साल से जलमीनार खराब



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम का पिछले एक साल से जलमीनार खराब पड़ा है। इससे लोगों को गर्मी के दिनों में पीने की पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस जलमीनार से चिकटोली मुहल्ले के करीब पांच हजार की आबादी प्रभावित हो रहे हैं। उक्त स्थान पर एक प्राथमिक विद्यालय भी अवस्थित हैं, जहां बच्चे पानी पीते थे। अन्य चापाकल का पानी खरा होने के कारण पीना पसंद नहीं करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत के द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व जलमीनार लगायी गयी थी। वह छह माह चलने के बाद खराब हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार में मोटर खराब होने के बाद छह माह से खराब होने के कारण पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या को लेकर पलामू डीसी व कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया है। बताया जाता है कि संवेदक तथा संबंधित पदाधिकारी की मिलीभगत से सरकारी पैसों का दुरुपयोग करके चालू सामान का उपयोग किया गया है। इसीलिए 6 महीना बाद खराब हो गया। जबकि इस जलमीनार पर लगभग 50 घरों के सौ लोग निर्भर थे।

# बिश्रामपुर विधायक ने कंडा में 24.74 लाख की लागत से बनने वाली विज्ञान प्रयोगशाला भवन का किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**नवाबाजार।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कंडा स्थित पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। क्षेत्र के विधायक श्री नरेश प्रसाद सिंह ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत 24 लाख 74 हजार रुपये की लागत से बनने वाली फिजिक्स और बायोलॉजी लैब भवन का विधिवत शिलान्यास किया। पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक ने प्रभारी प्राचार्य सुमित शंकर के साथ मिलकर औषधीय पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, संवेदक अरविंद तिवारी, कनिय अभियंता संजीत यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित कई शिक्षक, शिक्षिकाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे। शिक्षक राकेश कुमार सिंह, प्रमोद भारती, आलोक सिंह, प्रेम गौरव, विवेक कुमार पाठक, जावेद अंसारी, जितेंद्र कुमार, विक्रमा कुमार दुबे, परमेश्वर गुप्ता, निशांत कुमार बर्मन, अश्विनी कुमार दुबे, विवेक सिंह और शिक्षिकाएं मेहनाज, मीनाक्षी चौधरी, सुलेखा रानी व कविता कुमारी भी मौके पर मौजूद थीं। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद पासवान और कलीम खलीफा समेत अनेक स्थानीय लोग भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# पहलगाम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों को जवाब दे सरकार




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिकों ने हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आंतकियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या पर सभी दिवंगत आत्माओं के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही सभी ने इस निर्मम हत्या की पर विरोध जताया। सभी ने भारतीय तीरंगा झंडा लहराते हुए एक स्वर में नारे लगाए। मौके पर पाकिस्तानी झंडे को पैरों से कुचलते हुए जलाई गई। पूर्व सैनिकों के साथ श्रद्धांजलि में क्षेत्र के काफी लोग शामिल हुए। विषेश कर महिलाएं काफी आक्रोशित दिखीं। जिस तरह पर्यटकों को निर्मम हत्या कर सुहागिनों की सुहाग छीन ली, बच्चों को अनाथ व बेसहारा बना दिया। सभी ने सरकार से शीघ्र खून का बदला खून से लेने कि मांग की। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि बेशक हमारा देश हिन्दुस्तान बुद्ध के नीति पर चलता है, न कि युद्ध की। लेकिन युद्ध के लिए उकसाया जा रहा है। अब केवल युद्ध ही एक मात्र बचाव का रास्ता है। कैप्टन दुखन सिंह ने कहा अब केवल कूटनीतिक तरीके से जबाब काफी नहीं होगा। हथियार उठाने की जरूरत है। मौके पर उपस्थिति बुन पब्लिक के डायरेक्टर मयंक सिंह ने कहा कि हम सभ सरकार व सैनिकों के साथ हैं। मौके पर सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर, गौरी शंकर ठाकुर, अशरफी पाल, अक्षय सिंह, कृष्णा सिंह, प्रसाद सिंह, सतेन्द्र शर्मा, सुधीर सिंह, सत्यनारायण सिंह, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, बुन पब्लिक स्कूल के हेडमास्टर बबिता सिंह, बक्शी हाईस्कूल के एनसीसी कैडेट, महिलाएं के अलावा काफी संख्या में लोग श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

# रेल यूजर्स की मांग पर शटल ट्रेन में बढ़ी पांच के बदले दो बोगी




नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू व धनबाद रेल मंडल संयुक्त रेल प्रशासन की ओर संचालित शटल ट्रेन में झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की मांग पर शनिवार से दो बोगी बढ़ाया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, प्रवक्ता सत्यम कुमार व सदस्य अंकू सिंह राणा ने बताया शादी विवाह के दौर में इन दिनों सभी सवारी गाड़ियों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद बोगी बढ़ाने के बजाय यात्रियों को चढ़ने-उतरने में काफी पसीना बहाना ही पड़ रहा है। यही बदत्तर स्थिति बरकाकाना से वाराणासी तक परिचालित मेमू ट्रेन की है। साथ ही भेड़ बकरियों की लदे यात्रियों को बोगी में भी अत्यधिक भीड़ रहने से पैर रखने की जगह नहीं मिलती। इस हालात में बच्चों व लगेज लेकर चलने वाले यात्रियों की सुखद यात्रा की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को ही डेहरी ऑन सोन से शटल ट्रेन नं. 53349 गार्ड वान सहित 14 के बजाय मात्र आठ बोगी लेकर बरवाडीह के लिये रवाना हुई। जिसमें कई स्टेशनों पर बोगी के गेट पर प्रवेश करने तक की जगह नहीं मिलने से हैदरनगर व जपला स्टेशन पर यात्रियों ने हंगामा मचाया था। विभिन्न सोशल मीडिया पर इस ट्रेन की हालात वायरल होने पर उन्होंने रेल सेवा के पोर्टल पर उन्होंने रेल यूजर्स हैंडल से एक्स टवीटर पर जानकारी देकर बोगी बढ़ाने की मांग की थी। इस शिकायत के बाद शनिवार को गुजरी यह ट्रेन 14 के बजाय 11 बोगी लेकर गुजरी है। जिसमें एसआरडी व दिव्यांग बोगी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेन पलामू जिला के हुसैनाबाद व विश्रामपुर के अधिकांश इलाके के यात्रियों को सुबह 10 बजे में जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक पहुंचाने के लिये एकमात्र ही बहुपयोगी ट्रेन है, जो पूरे दिन जिला में कामकाज कर यही ट्रेन रात नौ बजे तक वापस इन यात्रियों को घर तक पहुंचाती है। एसोसिएशन ने दोनों रेल मंडल के डीआरएम से इस ट्रेन में न्यूनतम 14 बोगी लगाने और इसके परिवर्तित समय सारणी को वापस लेने का अनुरोध रेलयात्री हित में करने का आग्रह किया है। जिससे रेल प्रशासन की सुलभ व सुखद यात्रा का श्लोगन भी सार्थक हो।

## पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए देश ने तैयारी कर ली : पूर्व मंत्री



हुसैनाबाद। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार सिंह ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर कहा कि आतंकवादियों का यह कृत माफ करने के काबिल नहीं है। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने देश के 140 करोड़ लोगों को झकझोर दिया है। इसका करारा जवाब पाकिस्तान को मिलेगा। पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी देश ने कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत हाथों में देश की बागडोर है। इस बार पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांगने के लायक भी नहीं बचेगा। घटना के बाद झारखंड में जश्न मनाने और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पहलाम आतंकवादी हमले की मानसिकता वाले लोग झारखंड में भी हैं। वर्तमान झारखंड सरकार में भी ऐसे लोग हैं, जो शरीया को संविधान से ऊपर मानते हैं। ऐसे लोगों को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए।

# स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण की जांच की



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधा दर्जन से अधिक केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर एएनएम और सहिया टीकाकरण का कार्य कर रही थीं, किंतु कई कर्मी निर्धारित यूनिफॉर्म में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने कर्मियों को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। ड्रेस में नहीं आने पर न केवल अनुशासनहीनता की छवि बनती है, बल्कि आम जनता में स्वास्थ्य विभाग की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि वे भविष्य में पूरी ड्रेस में ही ड्यूटी पर आएं, अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्य की प्रगति, टीकों की उपलब्धता, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया। उन्होंने कुछ स्थानों पर रिकॉर्ड संधारण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों को सुधार का निर्देश दिया। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ तभी सही ढंग से लोगों तक पहुंच सकता है, जब पूरी टीम जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करे।

## जपला रेलवे स्टेशन पर महिला आरक्षित बोगी में महिलाओं को यात्रा करने में होती हैं परेशानी

# आरपीएफ पुलिस सप्ताह में एक दिन महिला बोगी में यात्रियों पर कर रही कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड पर चलने वाली विभिन्न ट्रेन में महिला आरक्षित बोगी में पुरुषों को यात्रा करते देखा जा सकता हैं। रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर नियम-कानून भी है और कार्रवाई भी होती है, लेकिन सारे कायदे-कानून आरपीएफ जवानों की मौजूदगी में टूट रहे हैं। जपला में महिला बोगी में पुरुष यात्री बेहिचक यात्रा कर रहे रहे हैं। रेलवे पुलिस भी चेकिंग के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। किसी ओहदेदार की शिकायत और रेलवे के आलाधिकारियों के आदेश के बाद ही रेलवे सुरक्षा बल पुलिस महिला बोगी में चेकिंग कर पुरुष यात्रियों से जुर्माना वसूलती है। डेहरी ऑनसोन से बरवाडीह शटल सवारी गाड़ी, बरकाकाना से डेहरी ऑनसोन, रांची वाराणसी एक्सप्रेस, डीजीआर, बीडीएम जैसी ट्रेनों का मुख्य रूप से संचलन होता है। साथ ही 6-7 ट्रेन जपला से होकर गुजरती हैं। सभी को मिलाकर लगभग दो -तीन गाड़ियों में महिलाओं के लिए अलग बोगी है और लगभग हरेक में यही तस्वीर दिखती है, फिर भी जपला आरपीएफ पुलिस सप्ताह में एक दिन महिला बोगी में केवल 5-10 यात्रियों पर कार्रवाई कर रही है। कजरात की यात्री खुशी कुमारी ने बताया कि आरक्षित बोगी में अक्सर पुरुष यात्री जाते हैं। जब उनसे आरक्षित बोगी की बात की जाती है, तो अक्सर अन्य बोगी में भीड़ की बात कहते हुए अगले स्टेशन पर उतर जाने का बहाना बनाते हैं। जपला की यात्री काजल कुमारी ने बताया कि यात्रा के दौरान सुरक्षाकर्मी कहीं पर नजर नहीं आते हैं। महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी में पुरुष यात्री चढ़ जाते हैं तो महिलाएं असहज महसूस करती हैं। कोई देखने वाला नहीं हैं। जपला आरपीएफ की लापरवाही से हर दिन दर्जनों यात्री महिला बोगी में सफर करते हैं।

### धारा 162 के तहत होती है कार्रवाई

राजेश कुमार मीणा,जपला आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला बोगी में पुरुष यात्री के पकड़े जाने पर धारा 162 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसके तहत 500 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में छह माह की कैद का प्रावधान है, परंतु भीड़ के कारण दिव्यांग व महिला आरक्षित बोगी में यात्रा करते हैं। इससे महिलाओं को असुविधा होने के साथ ही सुरक्षा का खतरा भी रहता है।

## पंसस ने की पानी की समस्या दूर करने की मांग

**मोहम्मदगंज।** पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने आए विधायक संजय कुमार सिंह यादव को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने स्टेशन रोड से पदारथडीह होते हुए राजनडीह टोला को सड़क मार्ग से जोड़ने, आवास निर्माण में बालू की समस्या का समाधान करने, बंद होने के कगार पर खड़े उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय को प्राथमिकता देकर सरकार की ओर से संचालित कराने, टोला नदीपर, गोलापत्थर में आंगनबाड़ी का निर्माण कराने और पूरे पंचायत में पाइपलाइन से जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग शामिल हैं। युवा समाज सेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि विधायक ने पंसस की मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

# भीम चूल्हा में विशालकाय शिलाखंड के गजराज स्थल पर गहरा नाला व गड्ढा से खतरा



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व के भीम चूल्हा परिसर में स्थित हाथीनुमा विशालकाय शिलाखंड भी लोगों की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। प्रारंभ से ही इस प्राचीन स्थल पर मौजूद विशालकाय शिलाखंड के गजराज भीम चूल्हा की विशिष्ट पहचान है। इसी वजह से इस ऐतिहासिक पर्यटक स्थल के पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण व विकसित करने के दौरान विशालकाय शिलाखंड को भी गजराज का हू ब हू रंग रूप दिया गया है। जबकि काफी समय तक बिना सूंड का एक अलग थलग खड़ा विशालकाय शिलाखंड के रूप में इसे देखा जाता रहा था। मगर जिस जगह पर गजराज मौजूद है, वहां सामने गहरी खाई है। जबकि पश्चिमी और उत्तरी दिशा में तालाबनुमा बड़ा और गहरा गड्ढा है, जो गर्मी में भले ही सूखे रहते हैं। मगर बरसात के साथ खतरनाक बन जाते हैं। गर्मी में सूखे रहने पर भी इनके गहरे होने की वजह से खतरा कम नहीं बना रहता है। बताया जाता है कि भीम बराज निर्माण के दौरान बगल से ही मिट्टी काटकर तटबंध बनाने से बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया है। जबकि नाले की खुदाई कादलकुर्मी गांव को बरसात के पानी में डूबने से बचाने के लिए की गई थी। गजराज नुमा विशालकाय शिलाखंड सदियों पहले से वहां अवस्थित है और लोगों की आस्था व आकर्षण का केंद्र भी है। इसके बावजूद न तो सामने का गहरा नाला ही पाटा गया है, और न ही बड़े और गहरे गड्ढे की दिशा में घेराबंदी ही की गई है। पर्यटन के दृष्टिकोण से सौंदर्यीकरण व विकसित करने के दौरान इससे वंचित रह जाने के बाद करीब साल भर पहले इसका जायजा लेते हुए उक्त कारणों से डेंजर जोन बने इस स्थल की घेराबंदी कराने की बात कही गई थी।

# मेदिनीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी तेज, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक उनके कार्यालय वेश्म में आयोजित हुई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में निर्णय लिया गया कि योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी प्रखंड और पंचायत मुख्यालयों पर भी सुचारू और व्यवस्थित योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि यह दिन भव्यता और उत्साह के साथ मनाया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग योग से जुड़ें और उसके लाभों को समझें।

**प्रत्येक विभाग को सौंपी गई जिम्मेदारियां :** आयुष विभाग को योग दिवस की तैयारी से जुड़े सभी आवश्यक सामग्री और इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम को योग स्थलों की सफाई, पेयजल और चलंत शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। योग दिवस के प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचे।

उपायुक्त ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि जीवनशैली को भी बेहतर बनाता है, इसलिए सभी नागरिकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम में भाग लेने वालों को टी-शर्ट, टोपी वितरित की जाए और बेहतर योगाभ्यास करने वालों को योगा डायरी और ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाए।

**मुख्य कार्यक्रम शिवाजी मैदान में सुबह 6:30 बजे से**

मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6:30 बजे स्थानीय शिवाजी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी स्कूलों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, पंचायत मुख्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ब्रॉडकास्ट के माध्यम से योग के लाभ और योग न करने से होने वाली हानियों की जानकारी भी आमजन को दी जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामनारायण कारक, आयुष डीपीएम डॉ. मृत्युंजय कुमार मेहता समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने जिलेवासियों, छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, मीडिया कर्मियों और आम नागरिकों से इस योग दिवस में अधिक-से-अधिक भागीदारी की अपील की।

# आवास योजनाओं में लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करें : डीडीसी

**● उप विकास आयुक्त ने आवास एवं मनरेगा योजना की समीक्षा की**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अपने कार्यालय में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की और विभिन्न आवास योजनाओं तथा मनरेगा योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना और मनरेगा के तहत कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 30 अप्रैल 2025 तक शत प्रतिशत स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने छूटे हुए योग्य लाभुकों का लाभ पहुंचाने की दिशा में शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (2.0) के तहत सर्वे का कार्य चल रहा है, और इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक सर्वे में न छूटे और जेएसएलपीएस टीम से सत्यापन कराते हुए निर्धारित समय सीमा में शत प्रतिशत सर्वे पूरा किया जाए। अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत तृतीय किस्त भुगतान हो चुके लाभुकों के आवासों को 15 दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश भी दिया गया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना (2016-22) और बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना में लंबित आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें एक महीने के अंदर पूर्ण करने के लिए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिए।

आवास योजनाओं के अंतर्गत मनरेगा मजदूरी भुगतान के लिए एक सप्ताह के अंदर मास्टर रॉल निर्गत करने की सख्त हिदायत भी दी गई।

बैठक में डीआरडीए निदेशक, परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा के जिला समन्वयक और आवास योजना के जिला प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे।

# शहर में नो एंट्री में भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश जारी, रात्रि में जाम से हाल बेहाल

**▸▸ प्रशासनिक आदेश का नहीं हो रहा पालन, आम जनता हो रही है परेशान**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जिला प्रशासन द्वारा भारी मालवाहक वाहनों पर नो एंट्री के आदेश लागू किए जाने के बावजूद इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दिन के समय नो एंट्री प्रभावी रहने के बावजूद 16 चक्का ट्रक, हाइवा और ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे भारी वाहन शहर की मुख्य सड़कों पर बेरोकटोक प्रवेश कर रहे हैं। इससे न सिर्फ जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। शहर के कोयल नदी पुल, रेड़मा चौक, छह मुहान, साहित्य समाज चौक और सादिक चौक पर अक्सर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थिति यह हो चुकी है कि स्कूल जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। रात्रि 9 बजे के बाद नो एंट्री हटते ही शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का सैलाब उमड़ पड़ता है। वर्तमान में शादी-ब्याह के सीजन के कारण रात में ट्रैफिक का दबाव और भी ज्यादा बढ़ गया है। ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी रात्रि में समाप्त हो जाने से यह जाम और भी भयावह रूप ले लेता है।



चिंता की बात यह है कि नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हैं ताकि कार्रवाई से बच सकें। इससे आम लोगों को दुर्घटना का डर हर समय बना रहता है। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासनिक आदेश महज कागजी साबित हो रहा है। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

जनता ने मांग की है कि नो एंट्री का सख्ती से पालन हो, और रात्रि में भी ट्रैफिक नियंत्रण हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए।

# छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर स्मिता ने की धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना, पर्यटन विकास का दिया आश्वासन

**▸▸ मंदिरों के विकास व पेयजल सुविधा के लिए आरओ प्लांट की स्थापना का किया वादा, शोक संतप्त परिवार से भी की मुलाकात**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छतरपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुश्री स्मिता ने शनिवारको किया। इस दौरान उन्होंने चेगौना धाम, ग्राम खोढ़ी स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर, छतरपुर की राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर तथा देवगन के श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

पूजा-अर्चना के पश्चात उन्होंने इन धार्मिक स्थलों को विकसित करने की बात कही। विशेष रूप से उन्होंने देवगन के श्री राधे कृष्ण मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया। साथ ही, चेगौना धाम परिसर में पेयजल सुविधा के लिए आरओ प्लांट लगाने की भी घोषणा की।

अपने भ्रमण के दौरान वे ग्राम खोढ़ी पहुंचीं, जहाँ हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में दिवंगत मनीष यादव के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन जायसवाल, ईश्वरी पाण्डेय, चेतन चौहान, भगवान दास, गणौरी पासवान, राजेन्द्र पासवान, दीपक गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुखिया हरेंद्र सिंह, राजेन्द्र यादव, निर्मल यादव, उदल पासवान, प्रमोद जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में तीन विभागाध्यक्षों की नियुक्ति

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के पीजी डिपार्मेंट के तीन प्रमुख विषयों में विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस निर्णय के तहत, डॉ. कुर्तउल्लाह को इकोनॉमिक्स विभाग का विभागाध्यक्ष, डॉ. मनोरमा सिंह को हिंदी विभाग का विभागाध्यक्ष और डॉ. विमल कुमार सिंह को अंग्रेजी विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, कुलपति के निदेर्शानुसार, सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज गढ़वा में मनोविज्ञान की सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत नीता कुमारी सिन्हा को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग का डीन नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के साथ विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यों को बेहतर बनाने और विभागों के संचालन में सुधार की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने उम्मीद जताई कि इन बदलावों से विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

### सदर कस्तूरबा में रिक्त सीटों पर 30 अप्रैल तक आवेदन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छह में नामांकन हेतु ओबीसी कोटे की आठ तथा अल्पसंख्यक कोटे की आठ सीटें रिक्त हैं। इन सीटों के लिए अभिभावक 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विद्यालय की वार्डन अर्चिता सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने की तिथि के आधार पर, पहले आने वाले छात्रों को वरीयता दी जाएगी और उन्हें रिक्त सीटों पर नामांकित किया जाएगा।

### आबादगंज रेलवे ट्रैक पर चार दिनों में दो लोगों ने किया आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत आबादगंज में ट्रेन से आत्महत्या की चार दिनों में दूसरी घटना सामने आई है, बीते बुधवार को ही एक 35 वर्षीय महिला के द्वारा आबादगंज रेलवे ट्रैक पर कट कर आत्महत्या कर ली थी वही फिर से आबादगंज स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे व्यक्ति के द्वारा ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। मृत व्यक्ति की पहचान नवल कुमार सोनी (उम्र 45) के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर रेल थाना पुलिस पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार नवल सोनी दोपहर में अपनी दुकान से बाहर निकल कर दौड़ते हुए रेलवे क्रॉसिंग के पास गया और आ रही मालगाड़ी के सामने कूद गया जिससे जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नवल आबादगंज में ही किराना का दुकान चलाता था। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक सम्पन्न, आंदोलन तेज करने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित विधायक क्लब में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता महासचिव पुष्कर महतो ने की। बैठक में सरकार की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए आमरण अनशन व आर्थिक नाकेबंदी का निर्णय लिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष विदेसी महतो ने कहा कि कई बड़े आंदोलनों के बावजूद सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाया। संयोजक सतीश कुमार ने आंदोलनकारियों को ₹50,000 पेंशन और जेल बाध्यता हटाने की मांग दोहराई। पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता व अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन होगा। बैठक में आमरण अनशन का प्रस्ताव पारित हुआ और तय हुआ कि प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी, के. राजू और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपेगा। अंत में वरिष्ठ आंदोलनकारी अल्फ्रेड आईन को सम्मानित किया गया।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में श्रद्धांजलि सभा

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रेडमा स्थित कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हम पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष ने किया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना से पूरा देश आक्रोशित है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें जड़ से समाप्त किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि देशवासी आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में प्रधानमंत्री के साथ हैं। श्रद्धांजलि सभा में जिला सचिव भारत कुमार द्विवेदी, वारिस आलम, शाहनवाज खान, आबिद तबरेज, मलिक शुक्ला सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को लगाया गया टीके

**मेदिनीनगर।** राज्य हज कमेटी के निर्देश पर इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए शनिवार को आईएमए हॉल, मेदिनीनगर में विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पलामू और लातेहार जिले के 31 से अधिक महिला-पुरुष जायरीनों को शामिल किया गया, जो इस वर्ष हज यात्रा पर जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में जायरीनों को इन्फ्लूएंजा, पोलियो ड्रॉप सहित अन्य आवश्यक टीके लगाए गए। साथ ही हज यात्रा से पूर्व सभी जायरीनों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस प्रक्रिया में डॉ. मो. रजी अहमद और डॉ. एस.के. रवि ने जायरीनों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सुझाव दिए। टीकाकरण कार्यक्रम में एएनएम राजमुनि कुमारी, श्वेता सिन्हा, और निराली गीत सक्रिय रहीं। सभी जायरीनों की हेल्थ रिपोर्ट तैयार कर उन्हें यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर को सफल बनाने में पलामू हज कमेटी के प्रभारी हाजी सैयद शमीम अहमद, हाजी मोबिन अली, और रजीउद्दीन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया।

# सीमित संसाधनों में दुश्मनों को परास्त करने की तैयारी सीखा रहा स्काउट गाइड प्रशिक्षण : अविनाश देव

**■ संत मरियम विद्यालय में स्काउट गाइड कैंप, बच्चों ने आपातकालीन हालात में आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन कर जीता दिल**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के प्रांगण में आयोजित स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सैनिक अनुशासन, आत्मनिर्भरता और देशप्रेम का अद्भुत परिचय दिया। तृतीय सोपान का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे स्काउट गाइड छात्रों ने अपने कौशल और साहस का प्रदर्शन करते हुए दिखाया कि कैसे वे आपातकालीन परिस्थितियों में भी संसाधनों की कमी के बावजूद आत्मनिर्भर रह सकते हैं और देश की सेवा कर सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने स्काउट गाइड बच्चों द्वारा दी गई सलामी ली और उनके बनाए बेस कैंप का निरीक्षण किया। बच्चों ने अविनाश देव को बताया कि जब देश पर संकट आएगा–चाहे वह युद्ध हो या कोई आंतरिक आपदा–तब इस प्रकार का प्रशिक्षण ही उन्हें सेवा में सक्षम बनाएगा।

बच्चों ने जंगल जैसे दुर्गम इलाकों में रहकर जीवन यापन की कला, लकड़ी और गोइठे से भोजन पकाने की तकनीक, शिविर संचालन और प्राथमिक चिकित्सा सहित कई महत्वपूर्ण अभ्यास प्रस्तुत किए। यह स्पष्ट किया कि वे हर परिस्थिति में मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

झंडोतोलन के बाद स्काउट गाइडों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा की हमारे लिए यह देश सर्वोपरि है। 1962, 1965, 1971 और 1999 के युद्धों में देश की विजय ऐसे ही वीर सैनिकों के बल पर संभव हो सकी। आज के ये प्रशिक्षण भविष्य के सैनिकों की नींव रख रहे हैं।

उन्होंने हाल ही में 22 अप्रैल को कश्मीर घाटी में आतंकियों द्वारा 27 पर्यटकों की हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि स्काउट गाइड जैसी गतिविधियाँ युवाओं को ऐसे खतरों से निपटने के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संत मरियम विद्यालय का मैदान घुड़सवारी, राइफल शूटिंग, तीरंदाजी और तैराकी जैसे सैन्य प्रशिक्षणों का केंद्र बनेगा, जहाँ से जल, थल और नभ के भावी सैनिक तैयार होंगे।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली शिक्षक सोनू पांडेय, सुनील यादव, अपरेंद्र सर, कादरी सर की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, पूर्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पशुओं का सही देखभाल करें पशु प्रेमी : उपायुक्त

**■ विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर 52 बेजुबानों को मिला निःशुल्क एंटी रेबीज टीका**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर शनिवार को उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर मेदिनीनगर स्थित पशु शल्य चिकित्सालय के पेट क्लिनिक में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में कुल 52 बेजुबान पशुओं झ जिनमें 48 कुत्ते और 4 बिल्लियां शामिल थीं - को निःशुल्क एंटी रेबीज का टीका लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पेट लवर्स व पेट ऑनर्स अपने पालतू जानवरों को लेकर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाई।

उपायुक्त शशि रंजन ने इस अवसर पर सभी पशुपालकों से अपील की कि वे अपने पालतू पशुओं की नियमित देखभाल करें, उन्हें समय पर टीकाकरण कराएं और गर्मी के मौसम में उनके लिए पर्याप्त पानी और छाया की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि 'बेजुबान पशु हमसे अपनी पीड़ा नहीं कह सकते, लेकिन हमारी देखभाल से उन्हें जीवनदान मिल सकता है।' जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिंह ने जानकारी दी कि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित पशुओं के काटने से मनुष्यों में फैल सकती है और इसका कोई इलाज नहीं है। टीकाकरण ही इसका एकमात्र बचाव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में 'डॉ. दीन बंधु गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. संगीता कुमारी' और 'डॉ. धर्मेंद्र सिंह' की सक्रिय भूमिका रही।

# गर्मी बढ़ते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू डीजल व इनवर्टर पर निर्भर हुए लोग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में अप्रैल माह में ही मई-जून जैसी गर्मी ने दस्तक दे दी है, वहीं बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख मिचौली जारी है। दिन हो या रात, बिन पूर्व सूचना के कई-कई घंटे बिजली कटने से लोग परेशान हैं। हमीदगंज, आजाद नगर, अघोर आश्रम, सुदना सहित कई क्षेत्रों में शुक्रवार को दिनभर बिजली गुल रही। शहर में प्रतिदिन तीन से चार घंटे की कटौती हो रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर है। कम वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति के चलते नलों में पानी नहीं आ रहा, सबमर्सिबल मोटर काम नहीं कर पा रहे। इनवर्टर की सुविधा न होने से अधिकांश ग्रामीण परिवार पूरी तरह बिजली पर निर्भर हैं। गर्मी के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप नींद हराम कर रहा है।

बिजली संकट का असर व्यापार पर भी साफ नजर आ रहा है। होटल, रेस्टोरेंट, आइसक्रीम पार्लर, दवा दुकान, अस्पताल, फोटो स्टेट और कंप्यूटर आधारित सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। व्यापारी डीजल जला कर जेनरेटर से काम चला रहे हैं, जिससे उन पर बिजली बिल के साथ-साथ अतिरिक्त डीजल खर्च का भी बोझ बढ़ गया है। वहीं किसानों को भी सिंचाई में भारी परेशानी हो रही है। सब्जी और मौसमी फसल की बुवाई बाधित हो रही है। इस संबंध में अनुमंडल के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पलामू को पूरा बिजली सप्लाई मिल रहा है, लेकिन एसी और फ्रिज के बढ़ते उपयोग से लोड बढ़ गया है। संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ समय की कटौती की जा रही है। जल्द ही स्थिति में सुधार का दावा किया गया है।

# ब्राइट लैंड स्कूल के छात्र जीत तिवारी ने 68वें एसजेएफआई नेशनल गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल, शहर व झारखंड का नाम किया रोशन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ब्राइट लैंड स्कूल के छात्र जीत तिवारीने 68वें एसजेएफआई नेशनल गेम्स में गतका खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता है, जिससे न केवल स्कूल का नाम रोशन हुआ, बल्कि पूरे शहर और राज्य झारखंड का भी मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि अपने आप में गर्व की बात है, और इस सफलता से प्रेरित होकर अन्य छात्रों को भी खेलों में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी।



खेल शिक्षक सनत चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस नेशनल गेम्स में देशभर से हजारों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में जीत तिवारी ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी मेहनत और समर्पण से ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल छात्र की व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है, बल्कि स्कूल के खेल विभाग की भी सफलता है। इस अद्वितीय सफलता पर स्कूल की संस्थापक सदस्य सह निदेशक रागिनी सिंह, प्राचार्य राहुल सिंह ने जीत तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता स्कूल के विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने खेल विभाग और छात्र के परिवार को भी इसके लिए सराहा और भविष्य में और अधिक खिलाड़ियों को इस तरह की उपलब्धियों के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया।

प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उन्हें भविष्य में और अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। स्कूल प्रशासन ने इस सफलता को पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का कारण बताया।

# उपायुक्त ने की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन संग बैठक

**नशे में इस्तेमाल होने वाली सभी दवा पर विशेष निगरानी रखने व जांच का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय की उपस्थिति में नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिले में नशीली दवा के बिक्री पर रोकथाम के लिए गढ़वा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों के साथ टाउन हॉल में बैठक कर नशीली दवा पर रोकथाम के लिए चर्चा कर साकारात्मक निर्णय लिया गया।उपायुक्त ने बैठक में राज्य स्तर पर गृह सचिव, झारखंड सरकार, रांची की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक में



लिए गए निर्णयों व जिला स्तर पर इस संबंध में किए जाने वाले अनुपालन को लेकर सभी को जानकारी दी। उन्होंने जिले के सभी केमिस्टों से कहा कि उन दवाओं की बिक्री बिल्कुल भी ना करें, जिसका उपयोग नशे के रूप में किया जाता हो। ऐसी दवाओं की बिक्री सही तरीके से जांच कर करें। कोई भी बिना डॉक्टर के पर्ची के दवा नहीं बेचे। उपायुक्त ने कहा कि जिस चीज का लाइसेंस मिला है, उसी के अनुसार ही सब दवाओं की खरीद-बिक्री करें। अगर कोई गलत दवाओं की बिक्री करते पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के बच्चों को गलत दवा के सेवन से बहुत ही बुरा प्रभाव पर रहा है। मौके पर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपस्थित सभी ड्रग केमिस्टों ने अपनी तरफ से नियम संगत कार्य करने का अश्वासन दिया। ड्रग एसोसिएशन के सचिव ने इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने जिले के तीनों एसडीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को नशे की लत से बचाने व नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसपी ने गढ़वा जिले को नशा मुक्त बनाने एवं युवाओं को नशे से बचाने को लेकर सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ सदर संजय कुमार, एसडीओ बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, एसडीओ रंका रुद्र प्रताप,सिविल सर्जन अशोक कुमार, ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष अद्याशंकर पाण्डेय, सचिव नन्द किशोर श्रीवास्तव, संतोष दुबे, गढ़वा जिले के सभी क्षेत्रों के केमिस्ट सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### मुखिया पति पर हमला, रेफर

**भवनाथपुर।** बनसानी पंचायत की मुखिया इलायची देवी और उनके पति राजेश्वर पासवान के बीच आपसी विवाद में शुक्रवार की रात हिंसक रूप ले लिया। घर में हुए विवाद के दौरान मारपीट में मुखिया पति राजेश्वर पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान राजेश्वर पासवान को काफी रक्त स्त्राव हुआ, जिसके चलते उन्हें गढ़वा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल में बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड स्थित एसजीएन माडर्न किंडर गार्टन विद्यालय में बच्चों चुस्त दुरुस्त रहने के लिए इनडोर,आउटडोर स्पोंट आत्म सुरक्षा, प्राणायाम, बॉक्सिंग वुशू सहित खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि बच्चे खेल का अनुभव कर पाते है, जिससे जागरूकता आती है। इससे स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। खेल को अब प्रोफेशन के रूप में अपनाकर बचे आगे बढ़ सकते हैं। निदेशक ने बच्चों को इनडोर गेम खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से सामान्य, बीपीएल कोटे के तहत बच्चों को नामांकन की बात कही।

### पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में निकला कैंडल मार्च

**चिनियां।** कश्मीर के पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले के विरोध में शनिवार शाम प्रखंड मुख्यालय में एकजुट होकर हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। मार्च में युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैंडल मार्च की शुरूआत चिनियां थाना मोड़ से हुई, जो बस स्टैंड होते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंचा और फिर थाना चौक आकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर एक सभा में तब्दील हो गया। मौके पर विद्याराम रवि, नौशाद मंसूरी, उमेश यादव, उमर गुल मंसूरी, गोधू साह, रॉकी उर्फ भोला, रामाशंकर प्रसाद, रौनक गुप्ता, अरबाज मंसूरी, सिजान मंसूरी, विजय पासवान, रवि विश्वकर्मा, राकेश रवि,शाहीद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बीपीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर बागवानी योजना में गड्ढे की खुदाई शुरू कराने का दिया निर्देश

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार पाल ने मनरेगा कर्मियों व बागवानी सखी के साथ बैठक की। उक्त बैठक में बीपीओ ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के लिए योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर बागवानी योजना का स्थल चयन कर ऑन गोइंग करते हुए लाभुक से गड्ढे का खोदाई शुरू कराने का निर्देश दिया। बीपीओ ने पुरानी बागवानी योजना में पौधों का देख-रेख, समय-समय पर पटवन व डिमांड लगाकर मजदूरी भुगतान कराने और पुरानी योजनाओं को बंद करने की बात कही। उन्होंने अबुआ आवास, पीएम आवास में डिमांड लगाने के लिए सभी रोजगार सेवकों को निर्देश दिया। मौके पर कनीय अभियंता अमर भारती, आनंद कुमार, राजीव कुमार, सत्यम कुमार, पंचायत सचिव राम सुरेश राम, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, बागवानी सखी सोनी देवी, मधु कुमारी,मंजू देवी, पुजा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल

**भवनाथपुर।** बाराती सवार ऑटो पलटने से शुक्रवार की रात एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक डॉ. फैज अहमद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एक घायल को गढ़वा रेफर कर दिया गया। सभी बाराती एक ही गांव के कोन मंडरा के उरांव जाती के लोग शामिल है। घायलों में प्रेम नाथ उरांव पिता सीता उरांव,आदि उरांव पिता एतवा उरांव, चुन्नू उरांव पिता पुराण उरांव, विक्रम उरांव पिता मनीष उरांव,धीरज उरांव पिता कैला उरांव ,मनीष उरांव पिता चुन्नू उरांव, सुनील उरांव पिता घूरन उरांव, रणजीत उरांव पिता करमू उरांव ,बंधन उरांव पिता कैला उरांव का नाम शामिल है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि कोन मंडरा से एक ऑटो पर सवार होकर एक दर्जनों लोग तिलक चढ़ाकर वापस लौट रहे थे। इस बीच भवनाथपुर के पीलुयाही मोड़ के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के पांच फीट खाई में गिर जाने से सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### भाजपा नेता किसानों की समस्याओं को लेकर मिले डीएसओ से

**कांडी।**भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने शनिवार को किसानों की समस्या को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात कर किसानों की धान क्रय का बकाया राशि भुगतान करने का मांग की। उन्होंने कहा कि कई किसानों का पिछले साल का भी धान का पैसा अभी तक नहीं मिल है, जिससे किसानों को अगला खेती के लिए कर्ज महाजन से लेना पड़ रहा है। गढ़वा जिला अंतर्गत डुमरसोटा, गड़ा खुर्द, पतीला, अटौला आदि दर्जनों धान क्रय केंद्र में सैकड़ों क्विंटल धान बिना पंचिंग के खुले आसामान में फेंका है। धान अधिप्राप्ति केंद्र पर कहा जा रहा है कि धान पंचिंग ऊपर से ही बंद कर दिया गया है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, विकास सहित कई लोग शामिल थे।

### विहिप ने पहलगाम घटना के विरोध में निकला मशाल जुलूस

**डंडई।** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रखंड मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी। जुलूस बाबा वीर कुंवर स्थान से शुरू होकर लवाही मोड़ होते हुए अंबेडकर चौक तक पहुंचा। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मशाल जुलूस के माध्यम से लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जुलूस में शामिल लोग हाथों में मशाल लिए नारेबाजी करते चल रहे थे। मौके पर शंकर चौधरी, राजू कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव कुमार, मनीष ठाकुर, राकेश कुमार, पीयूष चंद्रवंशी, अमन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अवैध पटाखा भंडारण को लेकर एक गोदाम सील

**गुप्त सूचना पर एसडीओ ने की छापेमारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।**अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार व संबंधित कर्मियों के साथ सोनपुरवा की एक भीड़ वाली गली में अवस्थित एक पटाखा गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। हालांकि यह गोदाम पहले से लॉक था। गोदाम मालिक को बुलाने के बावजूद वह मौके पर नहीं पहुंचा और न ही चाबियां उपलब्ध कराया। फोन पर उसने स्वीकार किया कि उसके गोदाम के अंदर बड़ी मात्रा में पटाखा रखा है। पड़ोसियों व स्थानीय लोगों ने भी गोदाम के अंदर बड़ी मात्रा में पटाखा रखे होने की पुष्टि की। इस पर तत्काल प्रभाव से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने उक्त गोदाम को स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में सील कर दिया। उक्त गोदाम को गोदाम मालिक या मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खुलवा कर उसके निस्तारण की नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने स्थानीय थाना व पुलिस के वरीय पदाधिकारियों को भी सूचना दे दी है। इस क्रम में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ ने बताया कि उक्त गोदाम एक स्कूल की दीवार से सटा हुआ है। जानकारी अनुसार स्कूल में 200 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। इलाका भी भीड़ वाला व संकरी गली वाला है। पटाखा भंडारण या विक्रय का लाइसेंस भी नहीं है। इसके बावजूद यहां पटाखा गोदाम रखना दुस्साहस भरा काम है। उन्होंने कहा कि उनकी बार-बार छापेमारी और अपील के बाद भी लोग इस प्रकार के अवैध भंडारण से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने शहर के स्थानीय लोगों से भी अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं इस प्रकार के विस्फोटकों का अवैध भंडारण या खरीद बिक्री की जा रही है तो वे प्रशासन को जरुर सूचना दें।

# एसडीओ ने पेयजल योजनाओं का किया निरीक्षण

**पदाधिकारियों को अधूरे काम की जांच कर काम पूर्ण करने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पिछले दिनों 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में अचला के मुखिया मुखराम भारती द्वारा रखी गई शिकायतों के आलोक में गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अचला पंचायत अंतर्गत नारायणपुर गांव में अधूरी पांच नलकूप योजनाओं का निरीक्षण किया। मुखिया ने 'कॉफी संवाद' में एसडीएम के समक्ष मामला उठाया था कि उनकी पंचायत में 2022-23 की पेयजल योजनाओं को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। इस आलोक में एसडीएम द्वारा किए गए स्थानीय निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि डेढ़ वर्ष पहले से ये पांच बोरिंग किये हुए पड़े हुए हैं, किंतु न ही इनमें कोई पंप अधिष्ठापित किया गया और न ही जलमीनार बनाई गई। निरीक्षण में पाया गया कि नारायणपुर के रामू कुमार मेहता के घर के सामने, राजेंद्र कुमार मेहता के घर के सामने, श्याम मेहता के घर के सामने, लखन शर्मा के घर के सामने तथा सिमरिय टोला में कुल पांच बोरिंग फरवरी 2024 में किए गए थे। जलमीनार के लिए



फाउंडेशन भी खोदा गया था, आसपास में गिट्टी, बालू भी पड़ी हुयी मिली, किंतु जलमीनार का निर्माण नहीं हुआ। इस पर उपस्थित ग्रामीणों ने एसडीएम से आगामी पेयजल संकट को देखते हुए शीघ्र सभी योजनाओं को फंक्शनल करवाने का अनुरोध किया। एसडीएम ने संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता व कनीय अभियंता को दो दिनों में वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं के प्राक्कलन व निविदा के अनुरूप शेष बचे हुए काम को नियमानुसार पूर्ण करने को कहा। इस दौरान एसडीएम ने नमूने के तौर पर एक बोर में जल स्तर की स्थिति को लेकर रस्सी से जांच भी कार्रवाई। इस दौरान पंचायत के उप मुखिया रामनाथ महतो, उदय रजवार, महेंद्र महतो, रिंकू देवी, कविता देवी, चंदन मेहता, रामू कुमार, श्रवण कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# मुख्य मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।**अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अंचल अधिकारी सफी आलम, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार व कार्यपालक दंडाधिकारी राजेश कुमार के साथ बैठक कर शहर के मेन रोड तथा मझिआंव रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों से अस्थाई प्रकृति के अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार से अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेन रोड और मझिआंव रोड पर आए दिन जाम की स्थिति रहती है। यह जाम की स्थिति सड़क पर जगह के अभाव में न होकर लोगों के द्वारा अस्त-व्यस्त तरीके से रखे गए सामानों के कारण होती है। इसलिए अतिक्रमित सड़क खाली करवाने के लिए अगले सप्ताह अंचल, नगर परिषद व गढ़वा थाना मिलकर एक संयुक्त अभियान



चलाएंगे। इस दौरान जो लोग नाली के ऊपर या नाली के बाहर समान रखते हुए पाए जाएंगे उनका सामान जब्त करने और उन पर जुर्माना करने की कार्रवाई नगर परिषद की ओर से की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि मेन रोड में डिवाइडर लगाने का प्रयोग किया गया था, किंतु इसके दोनों और लोग अतिक्रमण करके मार्ग को सकरा कर दे रहे हैं, जिससे डिवाइडर के दोनों ओर वाहनों का आवागमन सुचारू नहीं हो पा रहा है। फलस्वरूप अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर अवस्थित व्यवसायियों को भी निर्देश दिया कि वे अपने सामान की लोडिंग या अनलोडिंग का काम कम व्यस्त समय में करें।उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जा रहा है कि दिन में व्यापारी अपना सामान उतारने के लिए ट्रक या टेंपो वगैरह रोड पर खड़ा कर देते है। सामान उतारने तक पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ऐसा करना अनैतिक और दंडनीय है। उन्होंने व्यवसायियों से अनुरोध किया कि वे लोडिंग-अनलोडिंग का काम सुबह 9 बजे से पूर्व या रात्रि 8 के बाद करें, जिससे आम लोगों को असुविधा नहीं होगी।

### भाजपा ने पहलगाम हमला में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**कांडी।** प्रखंड के भाजपा मंडल कार्यालय में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए सभी पर्यटकों की मृत आत्मा की शांति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का किया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बजरंग दल संयोजक शशि रंजन दुबे की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे ने सभी २८ मृत व्यक्ति के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह,राम जन्म प्रसाद,शिव प्रसाद पाण्डेय,नारद पाण्डेय,नीरज सिंह,लालमेंद्र कुमार,कौशल किशोर,राजा राम बैठा,विजय सिंह,सुधीर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने 500 एमटी गोदाम का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने धुरकी प्रखंड के खुटिया पंचायत में सहकारिता विभाग से 500 एमटी का कृषि गोदाम का शनिवार को 70 लाख के प्राक्कलन से बनने वाले गोदाम भवन का शिलान्यास



विधिवत पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया है। इस दौरान विधायक ने कहा कि गोदाम बनने से यहां के कृषि को अनाज रखने के लिए प्रखंड के गोदाम में नहीं जाना पड़ेगा। अपने ही गांव के गोदाम में अपना अनाज रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी बजट सत्र के दौरान उन्होंने आदिम जनजातियों की जमीन के संबंध में व हाथियों द्वारा ग्रामीणो को कुचलने, घर तोड़ने व फसल रौंदकर नष्ट करने का मामला भी प्रमुखता से उठाया था। विधायक ने कहा कि उन्हें उनकी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार यह जानकारी मिल रही है कि प्रखंड कार्यालय में घूसखोरी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। विधायक ने कहा की राज्य में सरकार हमारी है। प्रखंड कार्यालय में चल रहे घूसखोरी, कमीशनखोरी की तमाम जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी भ्रष्टाचारी पदाधिकारी और कर्मी से डरें नहीं। अगर उनका रवैया नहीं बदलता है, तब ऐसे भ्रष्ट कर्मी या पदाधिकारी भी अपना बोरिया-बिस्तर बांधकर तैयार रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने किया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य जानकी सिंह, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, इसलाम खान, शैलेश यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, प्रदीप सिंह, जीतेंद्र ठाकुर, योगेंद्र यादव एहसान अंसारी, एकराम खान, रामकिसुन कोरवा, बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मनान अंसारी, इरशाद अंसारी, शंभु सिंह, नरेश गोड़, अशोक यादव, जाबीर अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०–9**
**ई मेल jepcpalamau@rediffmail.com & jepcpalamau1@gmail.com**

**नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन संबंधी सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक RS/15/01/25-26/1513 दिनांक 24.04.2025 के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 में झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू अन्तर्गत संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सुआ, मेदिनीनगर में सिर्फ बालकों का कक्षा (01 से 08 एवं कक्षा 9 में) रिक्त सीटों के आधार पर नामांकन किया जाना है। नामांकन हेतु निम्न कोटि के बच्चों का नामांकन लिया जाता है।

1. अनाथ बच्चें। 2. एकल माता–पिता के बच्चें। 3. बिना वयस्क संरक्षण के रहने वाले बच्चे, 4. उग्रवाद से प्रभावित परिवार के बच्चें। 5. मानव तस्करी गतिविधियों से प्रभावित बच्चे। 6. सड़क पर रहने वाले बच्चे। 7. घर से भागे हुये बच्चे / घुमन्तु बच्चे। 8. अभ्रक खदानों या अन्य खदानों में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चे और बाल श्रमिक। 9. प्रवासी परिवार के बच्चें। 10. आदिम जनजाति परिवार के बच्चे। 11. HIV/AIDs से संक्रमित / प्रभावित परिवार के बच्चे। 12. भिखारी बच्चें।

उपरोक्त कोटि के छात्रों के माता–पिता / अभिभावक से अनुरोध है कि यदि वे अपने बच्चों का नामांकन उक्त विद्यालय में कराना चाहते है तो वे समग्र शिक्षा अभियान, पलामू, समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी, कमरा नं0–9 अथवा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सुआ, मेदिनीनगर से सम्पर्क स्थापित कर दिनांक 05.05.2024 तक आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक कागजातों के साथ जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, पलामू

PR.NO.351146 District(25-26):D



## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

**अत्यधिक गर्म मौसम (लू) के दौरान सीधी गर्मी के संपर्क से जानवरों की देखभाल करने हेतु पशुपालकों से अपील :–**

1. **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना :–** जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निमार्ण करें या उन्हें सीधे सूर्य की किरणों से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
2. **पानी के कटोरे और बर्तन रखना :–** जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुंजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं / हैंडपंप आदि के पास चौड़े, खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
3. **गर्मी के तनाव के लक्षणों की निगरानी करें :–** गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो ओ0आर0एस0 का उपयोग करें एवं तुरंत निकटतम पशु चिकित्सक से या टोल फ्री नं0 1962 पर संपर्क करें।
4. **जागरूकता :–** जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व से अपने समुदाय के लोगों को जागरूक करे। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित भी करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के नियम 1965 के नियम 06 के उप–नियम 03 में कहा गया है कि जहाँ तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहां दोपहर 12 बजे से 03:00 बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेगें।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतिकुल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकट से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें। ताकि चरम गरम मौसम की स्थिति के कारण जानवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो।

निवेदक
(डॉ0 प्रभाकर कुमार सिन्हा)
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 351167 District (25-26)_D


# गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया

# शक्तिपीठ का सातवां वार्षिकोत्सव सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शहर के जंगीपुर स्थित पेट्रोल पंप के निकट वेद माता गायत्री शक्तिपीठ में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शक्तिपीठ का सातवां वार्षिकोत्सव एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा में भाग लिया बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर की परिक्रमा करती हुए स्टेशन रोड से होते हुए जंगीपुर होते हुए पुनः शक्तिपीठ पहुंची। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में गायत्री माता की



जय, शिव परिवार की जय, हर हर महादेव, जय भोलेनाथ, जय माता जी, वैदिक संस्कृति अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी जितेंद्र कुमार कमलापुरी उर्फ मंटू, उनकी धर्मपत्नी कंचन कुमारी विशेष रूप से शामिल रहे। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन, महाआरती और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर गायत्री माता के चरणों में अपना भाव अर्पित किया। भजन-कीर्तन के दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य लालसू राम, उपेंद्र कुमार ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बांसुरी वादक व तबला वादक सुजीत कुमार और कीबोर्ड प्लेयर बिपिन कुमार के मधुर संगत ने भजनों में और भी उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को प्रातः शिव परिवार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशेष पूजन किया जाएगा। इसके बाद पूर्णाहुति, भव्य भंडारा एवं शाम को दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। शोभायात्रा में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी,डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, ज्योतिम अखौरी प्रसाद, रामप्रसाद कमलापुरी, सुजीत अग्रवाल, युवा समन्वयक शुभम जायसवाल, नवीन मेहता, जोखू गुप्ता, राजेश जायसवाल,रवि अग्रवाल, मीना देवी, अनीता देवी, सृष्टि कुमारी, रिमझिम अग्रवाल,प्रज्ञा अग्रवाल, मानसी जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ सख्त एक्शन लें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर शनिवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया गया कि 28 मार्च से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भडारण में 37 वाहनों को जब्त कर 7 प्राथमिकी दर्ज गई है। उन सभी से 1 करोड़ 25 लाख 61 हजार रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन, भंडारण, परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने व इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया। अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा कर निर्देश दिया गया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

## भू-राजस्व,दाखिल-खारिज,भूमि सीमांकन कार्यों का निष्पादित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**





**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा, भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक,डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी व संबंधित पदाधिकारी व अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## मुखिया ने खराब जलमीनार बनाने की मांग की

**बालूमाथ।** बालूमाथ पंचायत के मुखिया ने उपायुक्त को आवेदन देकर बालूमाथ पंचायत में खराब पड़े जलमीनर को दुरुस्त कराने का आग्रह किया है। मुखिया ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समक्ष खराब पड़े जलमीनर के कारण प्रखंड में आए दिन ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बालूमाथ थाना चौक, बस स्टैंड आदि जगहों पर भी पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। जिससे दूर दराज से आए ग्रामीण पानी के लिए चापानल की तलाश कर अपना प्यास बुझा रहे हैं। मुखिया ने शीघ्र खराब पड़े जलमीनार व जल स्रोतों को ठीक करोने की मांग की है।

## जमीन का लंबित मुआवजा भुगतान शीघ्र करने का निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया। उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के बाद जल्द कार्रवाई कर निष्पादन का निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजा के भुगतान की समीक्षा कर शीघ्र ही मुआवजा भुगतान का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार सीओ से उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी,कोल कंपनियों के अधिकारी,प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए : उप प्रमुख





**चंदवा।** बैक टू स्कूल कैंपेन के तहत शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय चंदवा के सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरोज देवी,प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी मौजूद थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ की गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुबोध कुमार चंदेल ने कार्यक्रम के संबंध में विशेष जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा सभी प्रधानाध्यापक को विद्यालयों में 7 प्रतिशत बच्चों का नामांकन व उनका ठहराव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शत प्रतिशत कक्षावार पारगमन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। प्रखंड उपप्रमुख ने कहा की सभी बच्चों का नामांकन व विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करने की जरूरत है। मंच संचालन मो, बेलाल अहमद, सहायक अध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोकहा ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक केदारनाथ महतो,बीआरपी प्रतीक कुमार सिन्हा,शिक्षक उदय चरण भारती, राजपाल भगत, मनोज पाठक, सीआरपी दीपक कुमार, संजू कुमारी, सुनील कुमार सिंह, धनंजय कुमार समेत कर्मी व सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बूंद-बूंद को तरस रहे सरकारी स्कूल के बच्चे

**कुंदा (चतरा)।** सिंदरी विद्यालय में पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। समाधान करने के लिए नवादा मुखिया भरत यादव ने पानी की बोतल वितरित की है। विद्यालय में पानी की समस्या काफी समय से बनी है, जिससे छात्रों को काफी परेशानियों का का सामना करना पड़ता है। इस उत्पन्न समस्या को लेकर विभाग अभी तक बेखबर बना है। विभाग की ओर से अभी तक इस विषय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे विद्यालय में पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो। मुखिया ने विद्यालय में पानी की बोतल वितरित कर वैकल्पिक रूप से समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है, इससे छात्रों को पानी की सुविधा तत्काल रूप से मिली है। उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल रहा है। मुखिया की इस पहल की अभिवावक सराहना कर रहे है।

### वन क्षेत्र में हो रहे मकान निर्माण कार्यो पर रोक

**चंदवा।** वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को चंदवा वन प्रक्षेत्र के कर्मियों व वन रक्षा समिति अलौदिया के लोगों ने अभियान चला कर वन क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे मकान निर्माण कार्य को रोक दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई को लेकर तैयारी में जुट गई है। अभियान के दौरान समिति के लोगों व कर्मियों ने वन क्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर ला रहे लोगों को भी रोक कर ऐसा न करने की कड़ी हिदायत दी। वनरक्षी सुनील कच्छप,अनिल कुमार ने विभाग को गुप्त सूचना मिल रही थी कि वन क्षेत्र में अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस आलोक में उक्त कार्रवाई की गई है। मामले में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। मौके पर वन रक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पंडित, सचिव नरेंद्र कुमार,रंथू पुजेर, गुठल गंझु,लट्टू गंझु,राजेश गंझु समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा/हंटरगंज।** जिला के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध कौलेश्वरी पहाड़ पर अवस्थित कुलेश्वरी मंदिर प्रांगण में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब खुलेआम बेचा जा रहा था। इसकी सूचना माता के दर्शन व पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने दुकानदारों को खुलेआम शराब बेचने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ के रास्ते में वेलतरनी के पास शराब बेच रहे दो दुकानदार चतुर्भुज कुमार व भीष्म कुमार को पड़कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने मंदिर परिसर के दुकानदारों से कहा है कि माता के दरबार में भविष्य में अवैध शराब बेचते पाए जाते हैं, तो उनके उपर कानूनी कारवाई की जायेगी। कहा कि श्रद्धा के साथ माता के दरबार में जाकर पूजा-पाठ करें आशिकी और शराब का अड्डा ना बनाएं।

### टीएनए का डीईओ ने किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के पीएम श्री मध्य विद्यालय में गुरुवार से प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं के क्षमता विकास को ले आयोजित टीचर्स नीड एसेसमेंट (टीएनए) का निरीक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने किया। इस क्रम में परीक्षा में शामिल प्रतिभागियों को शांतिपूर्वक परीक्षा देने का सुझाव दिया। साथ ही समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया। बताया गया कि यह आकलन परीक्षा 24 से 29 अप्रैल तक जारी रहेगा। बताया गया कि टीचर्स नीड एसेसमेंट के दौरान शिक्षकों का आकलन तमाम विषयों पर किया जाएगा। ऐसे में जिस विषय वस्तु में संबंधित शिक्षक के प्रशिक्षण की जरूरत होगी उन्हें उसी विषय वस्तु का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,सीआरपी , सहित अन्य थे।

### अनियंत्रित हाइवा ने मकान व चहारदीवार तोड़ा, चालक फरार

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बजरंगबली मुहल्ला में देर रात एक अनियंत्रित हाइवा ने मकान व चारदीवारी तोड़ते हुए सड़क किनारे खड़ा ट्रैक्टर और थ्रेसर मशीन में टक्कर मार दी। इससे करीब 10 लाख रुपए के नुकसान होने की अनुमान है। बताया गया कि कटकमसांडी डीपो से हाइवा वाहन कोयला अनलोडिंग कर टंडवा जा रहा था। इस क्रम में बजरंगबली मुहल्ला स्थित पाठक दांगी के खड़े ट्रैक्टर व थ्रेसर मशीन, ब्रह्मदेव के चाहरदीवारी में टक्कर मारते हुए लक्ष्मण प्रसाद घर में जा टक्कर मार दिया। घटना में 10 लाख रुपया का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना के बाद वाहन चालक मौके पर से फरार होने में कामयाब रहा। बताया जाता है कि पाठक दांगी का ट्रैक्टर व थ्रेसर मशीन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ब्रह्मदेव दांगी की चाहरदीवारी 50 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया। लक्ष्मण प्रसाद का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### पीएम जीवन बीमा के तीन आश्रितों को मिला दो-दो लाख की राशि

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के मझगांवा सचिवालय भवन में शुक्रवार को नार्बाड के तहत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पीतजी द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को बैंक से मिलने वाले विभिन्न प्रकार की सरकारी लाभ की जानकारी दिया गया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री जीवन बीमा के तीन लाभुकों के बीच 2-2 लाख रुपया का चेक वितरण किया गया। उनमें पूनम देवी के पति राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार की पत्नी ममता कुमारी,आरती देवी के पति मेघन को दो-दो लाख रुपए का चेक दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजनल मैनेजर डीके सिंह ने की। मौके पर नार्बाड के डीएम मृत्युंजय बख्शी,एफआई मैनेजर शशि शेखर, शाखा प्रबंधक मंटू कुमार, उप प्रमुख, दीपशिखा, प्रियंका कुमारी, नीतीश कुमार, प्रमोद महतो सहित थे।

## नामांकन अभियान में तेजी लाने का निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने की। बैठक में विद्यालय संचालन के साथ खर्च किया गया विद्यालय विकास मद की राशि पर चर्चा हुई। साथी ही कार्यक्रम व नामांकन अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कर्मियों को नामांकन में तेजी लाते हुए अपने-अपने पोषक क्षेत्र में अधिक से अधिक नामांकन करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाशपति पातर,पीएमश्री मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय,विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज का स्वायत्त संस्थान बनना प्रमंडल के लिए गर्व : रामचंद्र सिंह

**महुआडांड़।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा महाविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान ऑटोनॉमस स्टेटस का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके लिए यूजीसी को आवश्यक डॉक्यूमेंट्स सबमिट किए गए थे। पूरी गहनता पूर्वक अवलोकन व निरीक्षण करने के बाद संतुष्ट होकर यूजीसी ने इसे एक ऑटोनामस कॉलेज का दर्जा दिया। दर्जा मिलने से प्राचार्य, उप प्राचार्य, प्रोफेसर्स, छात्र-छात्राओं व स्थानीय निवासियों के बीच खुशी का माहौल है। इस मौके पर कॉलेज में एक समारोह का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के उत्कृष्ट विधायक यमुना सिंह ने कहा कि संत जेवियर्स कॉलेज का स्वायत्त संस्थान बनना प्रमंडल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अब यहां पर अध्यनरत विद्यार्थियों को समय पर डिग्री मिलेगा। इससे उनका भविष्य और अधिक बेहतर होगा। डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि महाविद्यालय अविस्मरणीय मुकाम को हासिल कर सका है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का एकमात्र स्वायत्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में हम सभी के समक्ष खड़ा है। यह उपलब्धि इस संस्थान में शामिल सभी की कड़ी मेहनत, निष्ठा, समर्पण, टीम वर्क और विश्वास को परिलक्षित करता है। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष व असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने मंच संचालन कर पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर सभी अथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर शशि शेखर, शिक्षक प्रतिनिधि जफर इकबाल, मैक्सेंशस कुजूर, रोस एलिस बारला, शालिनी बारा, शेफाली प्रकाश, अंशु अंकिता, डॉ. मनु शर्मा, डॉ. आरिफुल हक सहित प्रोफेसर्स मौजूद थे।

## विहिप ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**बारियातू।** विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड इकाई के बैनर तले शुक्रवार देर शाम प्रखंड मुख्यालय स्थित फुलसू मोड़ के समीप विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आयोजित किया गया। मौके पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदन कुमार ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। जिन पर निर्दोष निहत्थे की हत्या बंद करो,आतंकवादियों का सफाया करो, भारत माता की जय सरीखे नारे लिखा था। मौके पर पवन प्रसाद, किशोर राम, राजन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**


**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में शनिवार को भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने की। बैठक में प्रभारी राकेश कुमार दुबे मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक कुमार निषाद ने की। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा एक सांगठनिक पार्टी है। पार्टी के नीति व सिद्धान्तों को लेकर हम सबों को आगे भी कार्य करना है। पार्टी में मिला कोई भी पद बड़ा होता है जिसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। प्रभारी राकेश कुमार दुबे ने मंडल अध्यक्ष पद के नामांकन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत प्रखंड के पांच सक्रिय सदस्यों ने अपने-अपने आवेदन देकर मंडल अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की। इनमें मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श रविराज,पूर्व मंडल महामंत्री श्रवण प्रसाद,बारी पंचायत अध्यक्ष संजय प्रसाद साहू,ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू व महिला मोर्चा की हीरामणि देवी शामिल थे। राकेश कुमार दुबे ने बताया कि आवेदन करने वालों की सूची प्रदेश कमेटी को भेजी जाएगी। मौके पर देवमोहन सिंह, कुलामन साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव,शंकर साहू,मीनाक्षी देवी, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, विनय वर्मा उर्फ रिकी,बिनोद प्रसाद,विजय साव,मनोज पाठक,राजन भगत समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

### मंडल अध्यक्ष के लिए रायशुमारीः चार नाम जिला को भेजा

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पद की रायसुमारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव ने की। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू की गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डॉक्टर श्यामलाल गोस्वामी ने किया। जिला कार्यसमिति सदस्य कार्यक्रम पर्यवेक्षक संजीव कुमार सिंहा, जिला कार्य समिति सदस्य व पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल, अजय सिंह, विजय गुप्ता, मनीष जायसवाल, विजय ठाकुर के निगरानी में सर्व समिति से मंडल से चार नाम को लिया गया। संजीव कुमार सिंहा ने बताया कि पार्टी पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ मंडल अध्यक्ष का चुनाव कराएगी। जो भी सक्रिय सदस्य है वह अपना नाम भेज सकते हैं, इसके बाद चार लोगों का नाम सामने आया। उनमें कन्हाई साव, श्यामलाल गोस्वामी, मनोज यादव, जसमतियां देवी। सभी नाम जिला भेजा गया, जो नाम गया उसमें पार्टी इनके कार्यकाल को देखते हुए प्रदेश से किसी एक नाम की घोषणा जल्द ही करेगी। बैठक में मंडल के पदाधिकारी महामंत्री कैलाश कुमार ठाकुर, जितेंद्र यादव, बिहारी प्रसाद, सभी बूथ अध्यक्ष, पंचायत संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद सिंह, राकेश यादव, दिलीप चंद्रवंशी, अरुण साव, अखलेश यादव, संकेश्वर राम, निर्मल भोक्ता, पिंटू यादव, बिशेश्वर भगत, अजय जायसवाल, चिंतामणि देवी, संजय यादव समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अफीम व गांजा की खेती करने वालों पर कार्रवाई करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**





**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अफीम व गांजा की अवैध खेती चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी चंदवा, बालूमाथ, बारियातू, हेरहंज से वर्तमान फसलीय वर्ष 2024-25 में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी ली। संबंधित अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी, उपयोग पर सजगता के साथ लोगों के ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों पर नजर रखें। जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है। वहां पर खेती के विनष्टीकरण करें। साथ ही जो लोग इसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों की तस्करी खेती पर नियंत्रण, पहचान व विनष्टीकरण, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जन-जागरुकता संबंधित निर्देश भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए सभी थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर निगरानी रखने व सूचना प्राप्त होने पर तत्काल जिला मुख्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०-०२, गढ़वा

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/GARHWA/01/2025-26,** दिनांक–26.04.2025

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत प्रखण्ड डण्डई के ग्राम तसरार में मदरसा सिराजुल उलूम तसरार के पास तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | 9,99,800.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–28.04.2025 से दिनांक–06.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–08.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 351136 Rural Development (25-26)_D



### कार्यालय नगर परिषद गढ़वा
**Email : eo.gharhwa.np@gmail.com**

#### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ( हरी) 2.0 के घटक–04 लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण / के अंतर्गत गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत छुटे हुए वैसे योग्य लाभुक जो इस योजना का लाभ नहीं ले सके है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है वे निम्नलिखित Link अथवा QR Code के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के उपरान्त सभी संबंधित दस्तावेज कार्यालय के PMAY(U) कोशांग में समर्पित कर सकते है।

**https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PMAY_SURVEY/EligiblityCheck.aspx**





- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कही भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना अंतर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे भामिल होंगे।
- आवेदक का संबंधित निकाय क्षेत्र में अपना जमीन होना चाहिए।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 03 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से किसी एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।

**आवदेन हेतु आवश्यक दस्तावेज :**

- ✓ परिवारिक फोटो।
- ✓ लाभुक के सभी सदस्य की आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
- ✓ बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति।
- ✓ अपडेटेड मोबाईल नं0, जो आधार से Linked हो।
- ✓ भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का भापथ–पत्र।
- ✓ आय प्रमाण पत्र।
- ✓ जमीन का रसीद।(BLC के मामले में)
- ✓ भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।(BLC के मामले में)

**उक्त संबंधित जानकारी हेतु लाभार्थी नगर परिषद गढ़वा PMAY(U) कोषांग से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR.NO.351181 Urban Development(25-26):D

# न्यूज बॉक्स

## भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की जिला कमेटी का विस्तार आज

**लोहरदगा।** होटल केतकी पैलेस पावरगंज में रविवार को भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। सभी पदाधिकारियो को मनोनयन पत्र दिया जाएगा। उक्त जानकारी भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने दी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए टीम गठित कर प्रखंड के प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष बनाया जाएगा। ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कमेटी बनाकर हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा सके और समाज हित में विकास कार्य जो जरूरी है उससे प्रशासन को अवगत कराया जा सके। अपने अपने क्षेत्र में समाज हित में आवाज उठा सकें। इसके लिए पूरे जिला, प्रखंड पंचायत स्तर पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का कमेटी बनाना आवश्यक है।

## पहलगाम हमले के विरोध में विहिप-बजरंग दल ने किया पुतला दहन




**सेन्हा-लोहरदगा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर प्रखंड वासियों का गुस्सा फुट पड़ा.उसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल और दुगार्वाहिनी के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा शुक्रवार देर शाम में सेन्हा मुख्य पथ पर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पहलगाम घटना में बलिदान हुए पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुतला दहन किया गया. वही पुतला दहन से पूर्व पाकिस्तान मुदार्बाद,कायर आतंकियों पर करें करारा प्रहार,पाकिस्तान होस में आओ, सहित विरोध में विहिप,बजरंगदल और दुगार्वाहिनी के लोगों द्वारा अन्य तरह का नारेबाजी किया जा रहा था.पुतला दहन कार्यक्रम में मौके पर विहिप के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार,अजातशत्रु सिंह,पवन तिग्गा,रामलगन महतो,रंजीत साहु,संतोष महतो सुरेंद्र साहु,जितेंद्र ठाकुर,भोला साहु के अलावे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अन्य सदस्य व कार्यकर्ता शामिल थे।

## किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर मिला सोलर पंप सेट



**लोहरदगा।** जिला कृषि कार्यालय परिसर लोहरदगा में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की उपस्थिति में किसान समृद्धि योजना के तहत 90 अनुदान पर सोलर पंपसेट का वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें 20 किसानो को सोलर पंप सेट उपलब्ध कराया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा किसानो को सोलर पंप के लाभ, ड्रिप से खेती करने एवं कृषि के आधुनिक तकनीको को अपनाते हुए अधिक उत्पादन कर कृषि को उद्योग के रूप मे स्थापित करने पर जोर दिया गया। साथ मे जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा भी किसानो को कृषि विभाग की इस प्रयास की सराहना किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने बतलाया गया की 118 किसानो को सोलर पंप सेट हेतु संबंधित एजेंसी को वर्क ऑर्डर दिया गया है। संबंधित एजेंसी द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसमे सभी अनुमोदित किसानो को वितरण कर दिया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा किया गया। मौके पर सहायक कृषि पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के बीटीएम, एटीएम, कृषक मित्र, आत्मा कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित हुए।

## छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन का अधिवेशन अब 08 मई को

**लोहरदगा।** किस्को मिडिल स्कूल के मैदान में 08 मई को छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा (झारखंड)का महाधिवेशन कार्यक्रम रखी गई है। पहले यह अधिवेशन 30 अप्रैल को रखी गई थी। लेकिन छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन लोहरदगा के कोषाध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि अशोक यादव के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण 30 अप्रैल का महाधिवेशन कार्यक्रम स्थगित की गई। अब छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों से विचारझविमर्श कर कार्यक्रम की नई तिथि 08 मई दिन बृहस्पतिवार 2025 को तय की गई है । जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमे मशहूर नागपुरी सिंगर नीतेश कच्छप, चिंता देवी, पवन रॉय ,सुमन गुप्ता एवं मशहूर माँदर वादक हुलास महतो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी।

## मतदान के माध्यम से होगा कैरो अंजुमन का चुनाव

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मकतब में शुक्रवार की शाम को कैरो बस्ती के मुस्लिम धर्मावलंबियों की बैठक अंजुमन के पूर्व सदर इम्तियाज अंसारी की सदारत में की गई।बैठक में अंजुमन के लिए नई कमिटी के गठन हेतु विचार-विमर्श किया गया। ध्यातव्य है कि सितंबर 2024 में ही पुरानी कमिटी का कार्यकाल समाप्त हो गया था।अब नई कमिटी के गठन के सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गुप्त मतदान के माध्यम से पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए एक चुनाव कमिटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष अलीरजा अंसारी बनाए गए। चुनाव कमिटी के सदस्य के रूप में मौलाना नुरूल हसन, मोबरक हुसैन,सकील अंसारी,तबारक अंसारी, एहसान अंसारी, अब्दुल मनान खान, जहांगीर अंसारी, कलीम अंसारी के नाम शामिल हैं। मौके पर चुनाव कमिटी के अध्यक्ष अलीरजा अंसारी ने कहा कि आगामी शुक्रवार 2 मई को चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा की जाएंगी। उसी दिन चुनाव में नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों की योग्यता, नामांकन तिथि, नाम वापसी की तिथि, चुनाव चिन्ह आबंटन, प्रचार करने की अंतिम तिथि, गुप्त मतदान एवं चुनाव परिणाम के घोषणा इत्यादि की तिथियां घोषित की जाएंगी।

## भूमि संरक्षण कार्यालय में भ्रष्टाचार और लुट खसोट चरम सिमा पर : कयूम अंसारी

**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिला सह सचिव कयूम अंसारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर भूमि संरक्षण कार्यालय पर भ्रष्टाचार, लुट खसोट, बिचौलियागिरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि विभागीय पदाधिकारी दिन भर विचौलियां संग सरकारी योजना का बंदरबाट कर योजना बनाते रहते है। सेटिंग कर पेसा निकालते है। हर दिन विचौलियो का भीड़ रहता है। कोई पानी पंचायत, या लाभुक नहीं रहते सिर्फ सेटिंग का खेल चलता है। इस विभाग के पदाधिकारी एक से बढ़ कर एक भ्रष्टाचारी है। एक पदाधिकारी पर घोटाला का आरोप जाँच चल रहा है। एक बिहार से कनिए अभियंता है जो जाति पुछ कर काम करते हैं। यहा के सिधा-साधा, आदिवासी, अल्पसंख्यको को लाभुक बनाकर विचौलिया पैसा को चेक से ट्रांसफर कराकर सभी पदाधिकारी को पैसा खिलाते है। वितीय वर्ष 2024-25 में सिर्फ बड़े जाति के विचौलिया का एक करोड़ 69 लाख 95 हजार 900 रुपए की इस कार्यालय से भुगतान किया गया है। सिर्फ इन खाता की जाँच एवं योजना की जाँच, फाइल की जाँच कराई जाएगी तो विचौलिया का खात्मा होगा। सही रूप से काम होने का रास्ता खुलेगा।

# गर्मी की जोरदार दस्तक, चिलचिलाती धूप से बेहाल हुए लोग

**अप्रैल में ही जून जैसी तपिश, आमजन का जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में भीषण गर्मी ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है। अप्रैल महीने में ही तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुँच चुका है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिन चढ़ते ही तेज धूप और लू जैसी स्थिति बन जा रही है, जिससे खासकर बुजुर्ग, बच्चे और दैनिक मजदूर बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर होते-होते शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग अत्यधिक गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। दुकानें और व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और मजदूरी कार्यों पर असर साफ दिखाई दे रहा है। तेज गर्मी को देखते हुए कई निजी स्कूलों और सरकारी विद्यालयों ने बच्चों के समय में परिवर्तन कर दिया है। सुबह की पाली में पढ़ाई कराई जा रही है ताकि बच्चे दोपहर की तपन से बच सकें।

गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए सावधानियाँ बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि लोग दिन के समय धूप में निकलने से बचें, हल्के कपड़े पहनें, ज्यादा से ज्यादा पानी और नींबू पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन करें। वही गर्मी के शुरूआती दौर में ही कई मोहल्लों और गांवों में जलसंकट की स्थिति बनने लगी है। कुएं और तालाब सूखने लगे हैं तथा हैंडपंपों का जल स्तर गिरने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अभी से ही यह हाल है, तो मई-जून की स्थिति और भयावह हो सकती है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि पेयजल, स्वास्थ्य और जन सुरक्षा की तैयारियों को अभी से मजबूत किया जाए।

## दिव्यांग व्यक्ति को मिली ट्राइसाइकिल



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका द्वारा एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल दिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक ने दिव्यांग को ट्राइसाइकिल देने के उपरान्त कहा की कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विकास विभाग की ओर से सभी तरह के दिव्यांगों को आवश्यकता अनुसार यंत्र दे कर सहयोग किया जाता है। दिव्यांग लाभुक अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका के माध्यम से सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन देकर दिव्यांगों का उपयोगी सामग्री और यंत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। प्रखंड क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को लाभ दिया जायेगा। जिसके लिये सेविकाओं को भी निर्देश देते हुए कहा गया है।सभी सेविका अपने क्षेत्र के योग्य दिव्यांग लाभुकों को लाभ दिलाने का प्रयास करें जिस निमित शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत महादेव टोली निवासी विरेन्द्र उरांव का 32 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अमित उरांव को ट्राइसाइकिल दिया गया। वही ट्राइसाइकिल मिलने से अमित उरांव काफी खुश नजर आया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक,विजय कुमार साहु समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## शत प्रतिशत कार्डधारियों का यथाशीघ्र ईकेवाईसी करें : एमओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी पीडीएस दुकानदारों को 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत कार्ड धारियों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जो कार्ड धारी का मृत्यु हो गया वैसे कार्डधारियों का सूची तैयार कर कार्यालय में शीघ्र जमा करने का भी निर्देश दिया गया. ग्रीन कार्ड ,लाल और पिला कार्ड के सभी कार्डधारियो का राशन वितरण 30 अप्रैल माह तक शत प्रतिशत वितरण करने का भी निर्दश दिया गया. मौके पर अजय साहु, नन्दकिशोर शुक्ला समेत अन्य सभी पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने आए चोर बाइक छोड़ भागे

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा चौक स्थित फूलदेव उरांव के घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने पहुंचे अज्ञात चोरो की मंशा विफल हो गई और वे अपनी मोटर साइकिल छोड़ भाग निकले। इसकी जानकारी फूलदेव उरांव ने भंडरा थाना पुलिस को दिया है। साथ ही अज्ञात चोरों द्वारा छोड़े गए अपाची मोटर साइकिल को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। भंडरा थाना पुलिस को फूलदेव उरांव ने बताया कि शुक्रवार की देर रात दो बजे घर के बाहर अज्ञात चोरों द्वारा बैटरी खोलने का प्रयास किया जा रहा था। बैटरी खोलने की आवाज सुनकर बाहर निकलने पर चोर मोटर साइकिल छोड़ फरार हो गए। अपाची मोटर साइकिल नंबर जेएच जीरो 8जे-8249 है। इधर भंडरा थाना पुलिस अज्ञात चोरों की धर पकड़ को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल



**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव के समीप सड़क दुर्घटना में वृद्ध दंपति सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लोहरदगा निवासी सीताराम महतो के पुत्र अतुल कुमार सहायक अध्यापक उम्र 35 अपने मोटर साइकिल से अपने स्कूल मकुंदा जा रहे थे। इसी दौरान उसके आगे टीवीएस मोटर साइकिल से चल रहे भैसमुंदो गांव निवासी मुन्ना महतो उम्र 65 के साथ भिड़ंत हो गई।



# प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 480/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 23.04.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कमरमा, थाना नं0–249, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75 से मझिऑव PWD पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कमरमा, थाना नं0–249, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–2.78700 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 | 8 |
| 1 | 57 | 184 | रैयती | – | 0.00700 | शिव नारायण गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–सुरेन्द्र गुप्ता, द0–हरिनारायण गुप्ता , पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 2 | | | | – | | सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–हरिनारायण गुप्ता द0–शिवनारायण गुप्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 3 | 57 | 185 | रैयती | – | 0.02400 | हरिनारायण गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–शिव नारायण गुप्ता द0–शिव मंदीर पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 4 | 82 | 186 | गै0मा0 आम | – | 0.00800 | आम रास्ता | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 5 | 57 | 187 | रैयती | – | 0.04200 | गुप्त प्रसाद गुप्ता पिता बालकेश्वर साह | उ0–मंदीर द0–सुरेश प्र0 गुप्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 6 | | | | – | | सुरेश प्रसाद गुप्ता पिता बालकेश्वर साह | उ0–गुप्त प्र0 गुप्ता द0–काशीनाथ पाण्डेय पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 7 | 63 | 188 | रैयती | – | 0.02500 | – | उ0–गुपुत प्रसाद द0–मुख राम पू0–,रास्ता प0–नीज |
| 8 | 33 | 226 | रैयती | – | 0.04600 | रामचन्द्र भुईयॉं पिता बिरा भुईयॉं | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–ब्रजराज सिंह, प0–जिम्मेदार भुईयॉं |
| 9 | 33 | 227 | रैयती | – | 0.02000 | रामचन्द्र भुईयॉं पिता बिरा भुईयॉं | उ0–नीजद0–रास्ता,पू0–ब्रजराज सिंह,प0–जिम्मेदार भुईयॉं |
| 10 | 29 | 229 | बकास्त | – | 0.03900 | जिम्मेदार भुईयॉं पिता किशुन भुईयॉं | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रामचन्द्र भुईयॉं प0–अनिल सिंह |
| 11 | 82 | 230 | गै0मा आम | – | 0.00300 | रास्ता | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 12 | 47 | 233 | रैयती | – | 0.00600 | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–जिम्मेदार भुईयॉं, प0–रास्ता, |
| 13 | 40 | 235 | रैयती | – | 0.01800 | कैलाश प्रजापति पिता तपेश्वर प्रजापति | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–,संजय सिंह प0–शिव भुईयॉं |
| 14 | 40 | 236 | रैयती | – | 0.05000 | कैलाश प्रजापति पिता तपेश्वर प्रजापति | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–संजय सिंह वगै0 प0–भगरत भुईया |
| 15 | 29 | 240 | बकास्त | – | 0.03100 | शिव कुमार भुईयॉं वगै0 पिता भगरत भुईयॉं | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–कैलाश प्रजापति, प0–महेश भुईयॉं |
| 16 | 41 | 245 | रैयती | – | 0.02300 | मेहश भुईयॉं पिता लदु भुईयॉं | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–शिव कु0 भुईयॉं वगै0, प0–केतार नाथ सिंह |
| 17 | 29 | 247 | बकास्त | – | 0.05900 | हरिहरनाथ सिंह पिता नन्दलाल सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–महेश भुईयझ प0–रास्ता |
| 18 | | | | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केदार नाथ सिंह | उ0–गोविन्दनाथ सिंह वगै0 द0–चंदर सिंह वगै0, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 19 | 39 | 248 | रैयती | – | 0.00700 | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केदारनाथ सिंह | उ0–गोविन्द नाथ महतो द0–चन्दर सिंह पू0–,नीज प0–रास्ता |
| 20 | 39 | 249 | रैयती | – | 0.07800 | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–गोविन्दनाथ सिंह वगै0 द0–चंदर सिंह वगै0, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 21 | | | | – | | सत्यनारायण सिंह पिता चंपर सिंह | उ0–शिव शंकर सिंह द0–प्लॉट 356, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 22 | | 256 | बकास्त | – | 0.08500 | राजू सिंह उर्फ बिनय सिंह पिता भोला सिंह | उ0–राजेन्द्र सिंह द0–अनिल सिंह पू0–रास्ता , प0–नीज |
| 23 | | | | – | | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–विनय सिंह द0–अभय सिंह, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 24 | | | | – | | अभय सिंह पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–अनिल सिंह द0–गोबिन्दनाथ सिंह पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 25 | | | | – | | गोबिन्दनाथ सिंह वगै0 पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–अभ्य सिंह द0–सत्यनारायण सिंह वगै0 पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 26 | | | | – | | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–रास्ता द0–जय करेश शर्मा, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 27 | 28 | 299 | गै0मा0 | – | 0.05200 | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–रास्ता द0–300 पू0–,रास्ता प0–नीज |
| 28 | 56 | 300 | रैयती रैयती | – | 0.06900 | जयगोविन्द शर्मा पिता बीरबल शर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–सत्यनाराण सिंह, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 29 | | | | – | | सकुन्तला देवी पति जय कृष्ण विश्वकर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–रास्ता, पू0–नीज, प0–नीज, |
| 30 | | | | – | | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–जय करेश शर्मा द0–जय गोबिन्द शर्मा पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 31 | | | | – | | गोबिन्दनाथ सिंह वगै0 पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–चंदर सिंह वगै0द0–प्लॉट सं0 356पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 32 | 56 | 301 | | – | 0.01100 | जयगोविन्द शर्मा पिता बीरबल शर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–सत्यनाराण सिंह, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 33 | 1 | 328 | बकास्त | – | 0.28500 | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता प0–रामजी पासवान, |
| 34 | | | | – | | राम सागर उरॉव पिता गंगा उरॉव | उ0–रंजी राम द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 35 | | | | – | | राजेन्द्र सिंह पिता चितेश्वर सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–राजू सिंह, प0–अनिल सिंह, |
| 36 | | | | – | | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–राजेन्द्र सिंह, प0–नीज, |
| 37 | | | | – | | शहादत अंसारी पिता इलियास अंसारी | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–बांध, प0–कलिम अंसारी, |
| 38 | | | | – | | कलिम अंसारी पिता फिरोज अंसारी | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–शहादत अंसारी प0–असलम अंसारी |
| 39 | | | | – | | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता प0–रामजी पासवान, |
| 40 | | | | – | | रंजित राम पिता सीता राम | उ0–बंशत केशरी द0–राम सागर उरॉव पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 41 | | | | – | | रंजीत राम पिता सीता राम | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–राम सागर उरॉव, प0–सुरेश राम के वगै0, |
| 42 | | | | – | | सुरेश राम वगै0 पिता रामचन्द्र राम | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रंजीत राम, प0–रंजीत राम, |
| 43 | | | | – | | रंजीत राम पिता सीता राम | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–सुरेश राम प0–राम कु0 मेहता, |
| 44 | | | | – | | राम कुमार मेहता पिता ब्रहमदेव मेहता | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रंजीत राम, प0–सुरेन्द्र मेहता, |
| 45 | | | | – | | सुरेन्द्र मेहता पिता अशर्फि मेहता | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–राम कु0 मेहता, प0–राजू सिंह |
| 46 | | | | – | | असलम अंसारी पिता इलियास अंसारी | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–कलिम अंसारी, प0–नदी नाला, |
| 47 | | | | – | | प्रभा कुवर पति ब्रमदेव महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–सीता राम प0–राजू सिंह, |
| 48 | | | | – | | सादीक अंसारी पिता .... | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–असलम अंसारी, प0–इम्तेयाज अंसारी, |
| 49 | | | | – | | इम्तेयाज अंसारी पिता अजमत अंसारी | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–सदीक अंसारी, प0–नदी नाला, |
| 50 | 29 | 332 | बकास्त | – | 0.00800 | अज्ञात | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 51 | 75 | 347 | रैयती | – | 0.04100 | बंसत कु0 केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीज द0–प्लॉट सं0 329, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 52 | 56 | 348 | रैयती | – | 0.03700 | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0– द0– पू0– प0– |
| 53 | 50 | 349 | रैयती | – | 0.10700 | बशंत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–प्लॉट सं0 351 द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 54 | 33 | 350 | रैयती | – | 0.01100 | अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 55 | 31 | 351 | रैयती | – | 0.05100 | गुपुत भुईयॉं पिता राम वृक्ष भुईयॉं | उ0–अर्जून भुईयॉं द0–पुरन भुईया, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 56 | | | | – | | पुरन भुईयॉं पिता राम वृक्ष भुईयॉं | उ0–गुपुत भुईयॉं द0–, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 57 | 33 | 352 | रैयती | – | 0.03500 | गणेश भुईयॉं पिता रतन भुईया | उ0–अमीरका शर्मा द0–रामदेव भुईयॉं पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 58 | | | | – | | बिहारी भुईयॉं, जोगन भुईयॉं पिता रामदेव भुईयॉं | उ0–गणेश भुईयॉं द0–अर्जून भुईया पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 59 | | | | – | | बिहारी भुईयॉं पिता राम देव भुईयॉं | उ0–रामदेव भुईयॉं वगै0 द0–गुपुत भुईयॉं पू0–रास्त, प0–नीज |
| 60 | 29 | 354 | बकास्त | – | 0.18100 | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–जयगोविन्द शर्मा द0–स्कूल पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 61 | | | | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–सत्यनारायण सिंह द0–पुष्पा देवी पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 62 | | | | – | | पुष्पा देवी पति संजीव सिंह | उ0–शिव शंकर सिंह वगै0 द0–रामनारायण सिंह, पू0–रास्ता प0–,नीज |
| 63 | | | | – | | रामनारायण सिंह पिता चंदर सिंह | उ0–पुष्पा देवी द0–राम लखन राम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 64 | | | | – | | लालमुनी देवी पति रामलखन राम पिता दुलर राम | उ0–रामनारायण सिंह द0–शहजाद खान, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 65 | | | | – | | शहजाद खान पिता फरीद खान | उ0–रामलखन राम द0–अमीरका शर्मा, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 66 | | | | – | | अमीरका शर्मा पिता मनरखन शर्मा | उ0–शहजाद खान द0–चाई भुईयॉं, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 67 | 79 | 355 | गै0मा0 | – | 0.01000 | उ0प्रा0वि0 कमरमा | उ0–संजय सिंह द0–सत्यनारायण पू0–,स्कूल प0–रास्ता |
| 68 | 1 | 356 | बकारत | – | 0.08000 | चंदर सिंह वगै0 पिता नन्दलाल सिह | उ0–रामदेव भुईयॉं द0–स्कूल पू0–,नीज प0–रास्ता |
| 69 | 29 | 354 | | – | 0.00000 | अभय सिंह पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–शिव शंकर वो द0–पुस्पा देवी पू0–,रास्ता प0–नीज |
| 70 | 67 | 362 | बकास्त | – | 0.02700 | उ0प्रा0वि0 कमरमा | उ0–नीज द0–अभ्य कुमार सिंह पू0–, प0–रास्ता |
| 71 | 54 | 366 | रैयती | – | 0.04000 | भूण्डूल सिंह उर्फ अभय कु0 सिंह पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–स्कूल द0–नसीम खान पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 72 | | | | – | | शैरून बीबी पति नसीम खान | उ0–भूण्डूल सिंह द0–रास्ता, पू0–,नीज, प0–,रास्ता |
| 73 | 8 | 369 | रैयती | – | 0.06700 | – | उ0–प्लॉट सं0 356 द0–प्लॉट सं0 366 पू0–प्लॉट सं0 362 प0–रास्ता, |
| 74 | | | | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–रास्ता द0–प्रेम केशरी, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 75 | | | | – | | प्रेम केशरी | उ0–शिव शंकर सिंह द0–फरीद खान पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 76 | 1 | 372 | बकास्त | – | 0.00000 | अख्तरी बीबी पति फरीद खान | उ0–प्रेम केशरी द0–इसलाम खान पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 77 | 1 | 372 | बकास्त | – | 0.09600 | इशलामुदीन खान पिता अलि करीम खान | उ0–अख्तारी बीबी द0–शहजाद खान, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 78 | | | | – | | शहजाद खान पिता फरीद खान | उ0–इशलाम खान द0–रास्ता पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 79 | 28 | 373 | गै0मा0 | – | 0.00800 | अज्ञात | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 80 | 1 | 387 | बकास्त | – | 0.05700 | संजय सिंह वगै0 पिता राममुरत आजाद | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–,नीज प0–नीज |
| 81 | 29 | 388 | बकास्त | – | 0.14000 | गोपाल साह पिता पच्चू साह | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–काशीनाथ पाण्डेय, प0–संजय सिंह |
| 82 | 29 | 389 | बकास्त | – | 0.13900 | राधिका देवी पति रटू साह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–सुरेश राम, प0–रास्ता, |
| 83 | | | | – | | | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–सुरेश राम प0–रास्ता, |
| 84 | 36 | 390 | रैयती | – | 0.08500 | सुरेश राम पिता बैजनाथ राम | उ0–काशीनाथ पाण्डेय द0–रास्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 85 | 29 | 392 | बकास्त | – | 0.09300 | लल्लू प्रसाद केशरी पिता मोतीलाल केशरी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता, प0–नन्दलाल प्र0 केशरी |
| 86 | | | | – | | नन्दलाल प्र0 केशरी पिता भजन केशरी | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–ललू प्र0 केशरी प0–अंतू चौधरी, |
| 87 | 14 | 444 | रैयती | – | 0.04100 | शिव भुईयॉं पिता बैजनाथ भुईयॉं | उ0–राम कु0 भईयॉं, द0–शिव कु0 भुईयॉं, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 88 | | | | – | | शिव कु0 भुईयॉं पिता बैजनाथ भुईयॉं | उ0–शिव भुईया द0–केतार भुईयॉं, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 89 | 5 | 445 | रैयती | – | 0.01800 | केतार भुईयॉं पिता फूलचन्द भुईयॉं | उ0–शिव कु0 भुईयॉं द0–कलवती कुंवर पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 90 | 10 | 448 | रैयती | – | 0.02200 | कलवती कुंवर पति कमेश्वर भुईयॉं | उ0–केदार भुईयॉं द0–दशरथ राम पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 91 | 11 | 449 | रैयती | – | 0.03200 | दशरथ राम पिता प्रसाद राम, सीता राम पिता प्रसाद राम | उ0–कलावती कुंवर द0–सीता राम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 92 | 7 | 452 | रैयती | – | 0.06600 | मुनी राम पिता प्रसाद राम | उ0–सीता राम द0–प्लॉट सं0 252, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 93 | | | | – | | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–दशरथ राम, द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 94 | 56 | 454 | रैयती | – | 0.03800 | बशंत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीज द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 95 | 67 | 457 | बकास्त | – | 0.03500 | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीज द0–471 पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 96 | 1 | 471 | बकास्त | – | 0.23400 | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–बांध+नीज द0–नीज पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| | | | | कुल :– | 2.78700 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NOI.351109 Land Reforms(25-26):D

## लोहरदगा में 10 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, विवादों का होगा त्वरित निपटारा

**लोहरदगा।** जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025, शनिवार को किया जाएगा। यह लोक अदालत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार गुमला जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगी, जिसमें न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। लोक अदालत को लेकर गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (उछरअ) ने तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। संबंधित विभागों, बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य संस्थानों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के किया जा सके। लोक अदालत में दिवानी, आपराधिक शमनीय, बैंक ऋण वसूली, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा, श्रम विवाद, भूमि विवाद, बिजली-पानी के बिल, बीमा क्लेम, वैवाहिक विवाद सहित कई मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे सभी मामले जिन्हें आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है, वे लोक अदालत के दायरे में लाए जाएंगे। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए विशेष न्यायिक पीठों का गठन किया जाएगा, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। डीएलएसए की ओर से आमजन को जागरूक करने के लिए शिविर, पंपलेट, बैनर, और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके मामले अदालत में लंबित हैं या जिन्हें कोई कानूनी विवाद है, वे इस अवसर का लाभ उठाएं और शांति, त्वरित समाधान और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करें।

### साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

# लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर की उपायुक्त से मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बसिया एवं सिसई प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं।कार्यक्रम में बसिया और सिसई प्रखंड से लगभग 20 आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं का विवरण दिया। मुख्य समस्याओं में आपदा प्रबंधन से मुआवजा राशि का भुगतान, जलमीनार की मरम्मत, पेयजल



संकट, ट्रांसफॉर्मर खराबी, सड़क निर्माण, पेंशन भुगतान, जन्म प्रमाण पत्र निर्गत न होना और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। उपविकास आयुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कई मामलों में ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान पेयजल संकट को लेकर कई ग्रामीणों ने अपनी व्यथा रखी।

उपायुक्त ने इस पर विशेष संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, सड़क निर्माण, पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, जलमीनार मरम्मत और आवास योजनाओं से जुड़े अन्य मामलों में भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिन समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर संभव है, उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञात हो कि साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन प्रत्येक शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाता है। जिले के समस्त नागरिक अपने निकटतम प्रखंड कार्यालय जाकर ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की हुई बैठक

## छुटे हुए टोलों में विद्युतीकरण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना 2025-26, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप, पोटो हो खेल विकास योजना, मनरेगा (अबुआ आवास) में एमआर जेनरेशन, अबुआ आवास योजना में लाभुकों को पहली किश्त की राशि का भुगतान उपरांत एमआर जेनरेशन के स्थिति की समीक्षा के गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना 2016-25 के प्रगति और पीएम जनमन योजना की समीक्षा की गई। आवास प्लस सर्वे 2.0 की समीक्षा की गई जिसमें आवास से वंचित लाभुकों को सर्वे में जोड़े जाने का निर्देश दिया गया।

समाज कल्याण विभाग के निमार्णाधीन भवनों में रनिंग वाटर की सुविधा की समीक्षा गयी और



जल जीवन मिशन से आंगनवाड़ी केंद्रों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों में धात्री माताओं को मिलने वाले रेडी टू इट फूड की स्थिति की समीक्षा की गई। डीएमएफटी प्रभारी को सीएसआर मद से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और संपर्क पथ राशि आवंटित किये जाने का निर्देश दिया गया। जल जीवन मिशन योजना की जांच हेतु गठित समिति को जांच रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूची तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विद्युत प्रमंडल द्वारा छुटे हुए टोलों में विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा में कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से किये जा रहे मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों का सत्यापन और पेंशनधारियों का सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी (डीआरडीए), जिला समन्वयक आवास योजना, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

## भाईचारा नहीं हमें तो हमेशा से चारा बनाया गया : सुनील अग्रवाल



**लोहरदगा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के 26 निदोर्षों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने बर्बरता पूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी। उसे लेकर सेन्हा प्रखण्ड के बरही डिप्पा चौक में आतंकवादियों का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया और उन शहीदों के आत्मा के शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया ' जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा बचपन से सिखाई गई भाई चारा परंतु अब हमें समझ में आया कि हम सब चारा है और इसका जीता-जागता उदाहरण है आंतकवादियों के द्वारा धर्म पूछ कर गोली मारना ' आगे कहा कि सनातन समाज को एकजुट होने का समय आ चुका है संगठित होकर ही भारत के दुश्मनों को सबक सिखा सकते हैं महावीर प्रसाद ने कहा आतंकवादियों का भी धर्म होता है यह पूरी दुनिया जान चुकी है अब समय है पाकिस्तान को मिट्टी में मिलाने का, मोदी जी आप आगे बढ़े हम सब आपके साथ हैं मौके पर जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ,जय मां दुर्गा पूजा समिति बरही के आजीवन संरक्षक रवींद्र साहू , भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार, विनोद साहू , समाज सेवी महावीर प्रसाद, विहिप के बाबा होमन दास,अजय शुक्ल,युवा कार्यकर्ता नितेश कुशवाहा, अंजू ठाकुर, नरेश महतो, उदित महतो , लखन महतो , एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

## दादा- दादी, नाना- नानी सम्मान समारोह हमारे समाज की मूल आत्मा : शशिधर लाल अग्रवाल

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शनिवार को दादा-दादी, नाना -नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ,उपाध्यक्ष विनोद राय,सचिव अजय प्रसाद,प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास एवं मधुमिता शर्मा एवं करुणा देवी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती ,ऊं,भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भैया -बहनों में अपने दादा-दादी एवं नाना नानी के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव विकसित करते हुए भारतीय कुटुंब व्यवस्था को समृद्ध करना है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रवाह को सतत बनाने के लिए यह कार्यक्रम भारत कुटुंब व्यवस्था के अनुरूप है हमारे संस्कृति परंपरा को निरंतर प्रवाहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## अधिवक्ताओं व लिपिकों को ई फाईलिंग एवं डिजिटल कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** ई कमिटी सुप्रीम कोर्ट, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं जुडिशल एकेडमी रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को 50 अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता लिपिक का ऑनलाइन फाईलिंग एवं ई कोर्ट कार्य पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा सचिव राजेश कुमार, अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी, डीएसए महेश प्रसाद




सिन्हा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अधिवक्ता सह मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी और जिला सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर सिविल कोर्ट महेश प्रसाद सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं बताया गया कि ई कोर्ट के माध्यम से केस की स्थिति, संख्या सहित केस से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में केस फाइलिंग होने के बाद लोगों को केस की स्थिति की जानकारी नहीं हो पाती थी। लेकिन अब लोग अपने मामलों के बारे में ई कोर्ट के माध्यम से खुद से पता कर सकते हैं। कहा कि ई-फाइलिंग के होने से पेपरलेस कार्य को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही समय और धन की भी बचत होगी। वहीं उन्होंने बताया कि पहले फाइलिंग प्रक्रिया फिजिकल मोड में होती है।

## कांग्रेस पार्टी की बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में बंधु तिर्की हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय नेतरहाट रोड स्थित झखरा कुम्बा में प्रखंड अध्यक्ष अरुण पांडेय की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह गुमला जिला पर्यवेक्षक बंधु तिर्की ने जिले के सभी उपस्थित प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष को कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठे बैठे कागजों में नही बल्कि फील्ड वर्क कर ईमानदारी पूर्वक कमिटी का गठन की बात कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वैसे कांग्रेस के पदाधिकारी जो अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक नही कर रहे है वे पद छोड़ दें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संविधान में छेड़छाड़ कर रही है इसे लेकर प्रखंड, जिले सहित विधानसभा तक यात्रा निकालने सहित अन्य कार्यक्रम करेगी। उन्होंने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के ऊपर आतंकवादियों द्वारा नृशंश हत्या को लेकर कहा कि केंद्र सरकार जो मिट्टी में मिलाने की बात कही है उसे पूरा करना चाहिए। आतंकियों ने कायराना हरक्क्त की है जिसकी सजा उन्हें मिलनी चाहिए। पहलगाम में हताहत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतू उरांव,राजेश एक्का, संजय गोप, घुड़ा उरांव, परमेश्वर साय सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## वादे से मुकरने वालों का क्या भरोसा : हातिम अंसारी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन को लेकर दिए जा रहे बयानों पर फिर एक बार राजनीतिक कटाक्ष सामने आई है। इंटक यूनियन नेता आलोक कुमार साहू के जिला श्रम अधीक्षक से मुलाकात और मजदूरों को लेकर की गई बात पर छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के हेसल साइडिंग के इंटक सचिव हातिम अंसारी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आलोक साहू आज मजदूर के हित में बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। उस समय वह कहां थे, जब उन्होंने यह भी कहा था कि लोहरदगा रेलवे साइडिंग से बॉक्साइट अनलोडिंग स्टेशन किसी भी हाल में नहीं हटेगा। मजदूरों के साथ अन्याय नहीं होगा, परंतु आज वहां से रेलवे साइडिंग हट चुका है और मजदूर बेरोजगार हो चुके हैं। उन्होंने यह कहा है कि मजदूरों के हित में लड़ाई लड़ने वाले ऐसे झूठे नेताओं के चक्कर में अब मजदूर पड़ने वाले नहीं हैं। उनकी सारी चालों को मजदूर अच्छी तरह से समझ चुके हैं। मजदूर हर हाल में धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में एक साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर किसी भी आंदोलन के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि धीरज प्रसाद साहू जैसे नेता बिना किसी स्वार्थ के हमेशा से ही समाज की सेवा में लगे हुए हैं। मजदूरों के अधिकार को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। आलोक साहू जैसे हवा बाज नेता हमेशा से ही अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का शोषण करते रहे हैं। हिंडालको जैसी कंपनी को लाभ पहुंचाने के साथ-साथ हिंडालको से खुद लाभ लेने के चक्कर में भी हमेशा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा है कि आलोक साहू जैसे हवा बाज नेता के चक्कर में अब मजदूर किसी कीमत में नहीं आएंगे। मजदूरों को सच्चाई पता चल चुका है कि कौन हिंडाल्को के लिए काम कर रहा है और कौन मजदूरों के हित में लड़ाई कर रहा है। विगत दिनों हेसल साइडिंग में मजदूरों ने हवा बाज नेता आलोक साहू का विरोध भी किया था, इसके बावजूद हवा बाज नेता आलोक साहू का यह भ्रम नहीं टूट नही है।वो अपने आप को मजदूरों के नेता समझते हैं आने वाले समय में मजदूर उन्हें पूरी तरह से खदेड़ने का काम करेगी।

### पंचायत भवन में वन अधिकार अधिनियम के ज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन

## वन पट्टा प्राप्त करना अब लोगों के लिए और आसान होगा: शोभा देवी

नवीन मेल संवाददात

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखण्ड के 10 पंचायतों के 82 गाँवों में फिया फाउंडेशन द्वारा वन अधिकार अधिनियम, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं राशन पेंशन योजना के तहत सतत रूप से कार्य चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज चैनपुर पंचायत भवन में वन अधिकार अधिनियम के ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया, जिसमें मुखिया शोभा देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर फीता काटकर इस केंद्र का उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुखिया शोभा देवी ने कहा कि वन पट्टा प्राप्त करना अब लोगों के लिए और आसान होगा। उन्होंने ग्रामीणों को अवगत कराया कि यह ज्ञान केंद्र गाँव वालों के लिए वन अधिकार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी और सहायता प्रदान करेगा। केंद्रो का उदेश्य लोगों को जागरूक करना और वन संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करना



है।फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ललित कुमार और प्रेमजीत मुंडा ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र सभी गाँवों में वन अधिकार के तहत सामुदायिक आवेदन की प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में सभी प्रकार के जरूरी दस्तावेज उपलब्ध होंगे ताकि आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यह ज्ञान केंद्र सप्ताह में दो से तीन दिन खुला रहेगा और इसमें ग्राम सभा परिषद के अध्यक्ष एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति (सी एफ आर एम सी) के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जहाँ आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है, वहाँ फिया संस्था के प्रतिनिधि सहायता प्रदान करेंगे। उद्घाटन समारोह में चैनपुर प्रखण्ड के 10 गाँवों से 41 सदस्य उपस्थित रहे, जिसमें ग्राम सभा के अध्यक्ष पलासीदियूस एका, प्रकाश एका, प्यासा उरांव, करम देव उरांव, संकर कोरवा, ललिता, रजनी, नीलम, उषा कमल, संजय सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।इस ज्ञान केंद्र के स्थापित होने से उम्मीद जताई जा रही है कि गाँवों में वन अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और ग्रामीण समुदाय अपने अधिकारों को जानने एवं लागू करने में सक्षम होंगे।

## न्यूज | बॉक्स

### ट्रक की चपेट में आने से सहायक शिक्षक की हुई मौत



फाइल फोटो

**गुमला।** जिले के शिलम ढलान के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सहायक शिक्षक की जान चली गई। मृतक की पहचान गोकुल नगर निवासी 50 वर्षीय दीनानाथ केसरी के रूप में हुई है, जो राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगाकांटा में वर्ष 1994 से सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, दीनानाथ केसरी अपनी बाइक से रायडीह बीआरसी परीक्षा देने जा रहे थे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ की ओर से आ रहे बीड़ी पत्ता लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस हरकत में आई और आरोपी ट्रक को जब्त कर लिया गया है। घायल अवस्था में शिक्षक को पुलिस जवानों ने तत्काल गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान



**गुमला।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सीलम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रायडीह के मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक अनूप नंद ने किया। इस दौरान छात्रों को मलेरिया बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया गया। अनूप नंद ने बच्चों को बताया कि मलेरिया मुख्य रूप से संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरदानी का नियमित उपयोग है। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें और अपने आस-पास कहीं भी पानी का जमाव न होने दें, क्योंकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर साफ और स्थिर पानी में ही पनपते हैं। उन्होंने यह भी चेताया कि किसी भी प्रकार का बुखार मलेरिया का संकेत हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर समय गंवाए बिना सहिया दीदी या स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क कर त्वरित मलेरिया जांच कराना सुनिश्चित करें। शुरूआती पहचान और समय पर उपचार से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मलेरिया से बचाव के उपायों को गंभीरता से सुना और जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने, आसपास साफ-सफाई रखने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का भी संदेश दिया गया।

### धर्म गुरु पॉप को दी गई श्रद्धांजलि



**बसिया(गुमला)।** रोमन कैथोलिक के धर्मगुरु फ्रांसिस पोप के निधन पर संत अन्ना चर्च कोनबीर नवाटोली में आज एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत फ्रांसिस पोप को श्रद्धांजलि देते हुए खीस्तीय समाज और मानवता की सेवा के लिए उनके द्वारा किए गए सेवा की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आयोजित कार्यक्रम में फादर जॉर्ज के द्वारा मिस्सा पूजा की गई और उन्हें सामुहिक श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पर पल्ली पुरोहित फादर अगुस्टिन, फादर सिप्रियन, सिस्टर ममता, सिस्टर बिमला, सिस्टर मुक्ता, ब्रदर शुशील के अतिरिक्त बड़ी संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

### बच्चों ने उठाया नशाखोर के विरुद्ध अभियान का बीड़ा




**बसिया (गुमला)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा आज यहाँ नशापान के विरुद्ध एक जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया गया। बसिया स्थित एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आज विद्यालय से संबंधित सभी छात्रों, शिक्षकों व तमाम कर्मचारियों को नशा से दूर रहने का शपथ दिलाया गया। बताते चलें कि यहाँ गत बाईस अप्रैल से एक युद्ध नशे के विरुद्ध के नाम पर यह कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम की पूणार्हुति के दौरान आज आसपास के ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्रों व शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया और वंदना सभा के माध्यम से विभिन्न विधाओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कविता लेखन में प्रेमलाल हेम्ब्रम को प्रथम व सुजीत उराँव को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। गीत गायन के लिए सूरज उराँव तथा बादल उराँव को प्रथम,पॉल जैक्सन केरकेट्टा को द्वितीय तथा तुलसी उराँव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।स्लोगन लेखन के लिए राजेश सिंह मुंडा प्रथम, प्रेमलाल हेम्ब्रम द्वितीय तथा निशांत उराँव तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। पोस्टर निर्माण में राजेश सिंह मुंडा को प्रथम,ईश्वर उराँव को द्वितीय तथा सुजित उराँव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।भाषण की प्रतियोगिता में प्रेमलाल हेम्ब्रम प्रथम, प्रेम चाँद लोहरा द्वितीय तथा रवि टुडू तृतीय पुरस्कार विजेता रहे। इस अवसर पर आयोजित सभा में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने नशाखोरी के दुष्प्रभावों की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि बच्चे अपने परिवार व समाज के लोगों को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करके बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## चैनपुर प्रखंड में कश्मीर में हुए आतंकी हमले के खिलाफ मुस्लिम समाज का विरोध प्रदर्शन

**चैनपुर।** हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस घटना के खिलाफ अंजुमन इस्लामिया चैनपुर प्रखंड में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने एक बड़ा विरोध प्रदर्शन साथ कैंडल मार्च निकाली साथ ही हाथ में काला फीता बांध मार्च में सभी लोगों भाग लिए। कैंडल मार्च मस्जिद से शुरूर हुई जो कुरूमगाड़ मोड़ में समापन किया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए इस नृशंस हमले की कड़ी निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।चैनपुर मस्जिद में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाते हुए अपने गुस्से का इजहार किया। समाज के सदर शकील खान ने इस आतंकी हमले को लेकर कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान न नामर्द की तरह भारत में घुसकर अचानक हमला करता है। अगर लड़ाई करनी है तो सामने से वार करें। इस चोरी-छुपकर हमला करने का तरीका कायरता का प्रतीक है। हम अगर युवा हैं और देश के लिए जान देने का मौका आया तो पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन के दौरान सलामत अंसारी ने केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की और कहा, हमें खून के बदले खून चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ओर दोबारा सर उठाने से पहले सोचने पर मजबूर होना पड़े।इप्रदर्शन में अन्य समाज के सदस्यों ने भी अपनी आवाज उठाई। सचिव मो जहीर, गयासुद्दीन खान, नवयुवक महताब खाना, इस्तियाक खान, साजाद खान, साहामूल खान, सलीम खान, एजाज खान सहित कई प्रमुख लोग भी शामिल थे। उन्होंने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया।इस विरोध प्रदर्शन से यह स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समाज इस आतंकवादी घटना को केवल अपने समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि समस्त मानवता के खिलाफ एक खतरे के तौर पर देखता है। समाज ने इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस प्रकार के विमर्श और प्रदर्शन सामूहिक एकता को दशार्ते हैं और समाज में आतंकवाद के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने का संकेत देते हैं।



## सफर से वापसी

ट्रेन स्टेशन छोडने वाली थी, तभी एक बीस-बाइस साल की लड़की चौकन्नी नजर से कुछ ढूँढ़ते हुए आ कर ट्रेन के गेट पर खडी हो गयी। ट्रेन धीरे- धीरे आगे बढ़ने लगी। लड़की ने बेचैनी से इधर-उधर सिर घुमाकर देखा, फिर अपने फोन से सीट नंबर मिला कर अपनी सीट पर आकर बैठ गयी।

सामने वाली बर्थ पर एक बीमार बुजुर्ग लेटे थे, उनके पैर के पास एक बुजुर्ग महिला थकी, उनींदी बैठी थीं, शायद उनकी पत्नी थीं। बुजुर्ग के बगल में फर्श पर रखे एक छोटे से बैग पर बैठी एक बाइस तेइस साल की लड़की उनका सिर सहला रही थी, शायद उनकी बेटी थी। दोनों लड़कियों की आपस में नजर मिली, शिष्टाचार की एक मुस्कान के बाद करीब आधे घंटे तक अकेली लड़की अपने फोन से बार-बार किसी को कॉल लगाती और कॉल किसी के नहीं उठाने से निराश हो कर रख देती। सामने की बर्थ पर लेटे बीमार बुजुर्ग सो गये थे । उनकी बेटी ने सामने बैठी लड़की को परेशान देख कर पूछा, तुम कुछ परेशान लग रही हो, क्या मैं तुम्हारी कोई मदद कर सकती हूँ? मेरा नाम इरा है , ये मेरे मम्मी-पापा हैं। पापा के ट्रीटमेंट के लिए हम मुंबई जा रहे हैं। तुम कहाँ जा रही हो? उसी वक्त अकेली लड़की के फोन पर रिंग बजने लगी। उसने झट से उठा कर देखा फिर शिकायत करते हुए कहा- मैं


मंजुला शरण

कब से तुम्हारा और तुम्हारे फोन का इंतज़ार कर रही थी, कहाँ हो तुम? दूसरी तरफ़ से कुछ कहा गया होगा,,, जिसके जवाब में लड़की ने कहा-- अगले स्टेशन पर? दूसरी तरफ से शायद कुछ पूछा गया तो लड़की ने जवाब दिया-- नहीं कुछ भी नहीं मेरे पास सिर्फ मेरा हैण्ड बैग है । शायद दूसरी तरफ से फोन डिसकनेक्ट हो गया था। लड़की हैलो...हैलो बोलती रही, पर कोई जवाब नहीं था । सामने बैठी इरा ने कहा परेशान मत हो ट्रेन में नेटवर्क का इश्यू हो सकता है। लेकिन क्या तुम्हारा सामान कहीं छूट गया है? तो तुम कंप्लेन करो हो सकता है मिल जाए। अकेली लड़की ने कोई जवाब नहीं दिया। बार-बार फोन लगाती और स्विच ऑफ सुन कर परेशान होती रही। अगले स्टेशन पर ट्रेन रुकी, पर वहाँ उससे मिलने कोई नहीं आया ना ही फोन से संपर्क हो सका। ट्रेन बढ़ने लगी और वो लड़की इरा के सामने रोने लगी। इरा ने पूछा - बताओ भी क्या हुआ है? अकेली लड़की ने कहा - मेरा नाम 'मीठी' है, अपने ब्यॉय फ्रेंड के साथ मुंबई भागने का पलान था। मैं घर से कैश और जेवर लाने वाली थी, पर मौका नहीं मिला, और खाली हाथ चली आई। शायद मेरे साथ धोखा हुआ है प्यार नहीं। इरा ने कहा- मीठी तुम धोखे से बच गयी हो।अगले स्टेशन से तुम घर वापसी का टिकट लो और और घर लौट जाओ।



मीठी ने कहा- घर जा कर क्या कहूँगी? इतनी देर कहाँ थी? इरा ने कहा, आज तुम सुरक्षित हो इसे अपने माता-पिता का आशीर्वाद समझो , सच बता सको तो उन्हें बताना, वरना कह देना अपनी किसी दोस्त की मुसीबत में उसके पास रुकी थी। मीठी ने भावुक हो कर कहा, ऐसा ही करती हूँ। आज के गलत सफर से वापस होने की तुम्हारी बात मैं जिंदगी भर याद रखूँगी, थैंक्स इरा...।

# जहां प्रकृति प्रेमी का जन्म हुआ था


अनिता रश्मि



यात्रा वृत्त

हमारे जीवन पर कई व्यक्तियों का प्रभाव पड़ता है। सशरीर उपस्थित न होकर भी महान लोग अपनी महानता से कई संवेदनशील मन को प्रभावित कर लेते हैं। मेरे जीवन-लेखन पर जिन लोगों का सर्वाधिक प्रभाव पड़ा, जिनके कारण लेखनी हाथों में आई, उनमें कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर भी हैं। बचपन से 'कादम्बिनी' 'कादम्बिनी' में शांतिनिकेतन के दोलोत्सव (वसंतोत्सव) के बारे में पढ़ा था। लाल पाड़ की पीली साड़ी में छात्राओं की नृत्यरत मुद्रा, आम्र कुंज के बीच वासंती छटा दिमाग पर हावी! शांतिनिकेतन आकाश कुसुम लगा था। कभी वहाँ जा पाऊँगी, कल्पना से परे थी यह बात। अचंभित और उत्कंठित मन।

कालांतर में बरहरवा (संथाल परगना) एवं पाकुड़ में रहने का सुअवसर मिला। 17-18 साल पहले बरहरवा में रहते हुए जाना, पास में ही है बोलपुर स्टेशन, जहाँ से शांतिनिकेतन पहुँचना आसान। बरसों का सोया प्यार जाग उठा। आकाश कुसुम इतना पास? पर नहीं जा पाई। 2013 के जून-जुलाई में पाकुड़ में थी। तय कर लिया था, सबसे पहले शांतिनिकेतन ही जाना है फिर अन्यत्र कहीं।

चिर-प्रतिक्षित स्थान पर जाकर जिस खुशी, उत्कंठा, उल्लास, बैचेनी, संतोष का कोलाज रचता है, उसे वही महसूस कर सकता है। जिसने आस की डोर लगभग छोड़ दी हो।

जब पाकुड़ से बोलपुर की ओर ट्रेन भागी जा रही थी, स्थानीय लोगों की भीड़ के बीच मन में उठ रहा था, बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में बंगला भाषा के बिना काम चलना मुश्किल! झारखंड के पाकुड़, बरहरवा तथा अन्य इलाकों में हर हिन्दू-मुसलमान बंगला समझता, बोलता है। गर्मी चरम पर। अचानक प्रकृति को हम पर दया आने लगी और वर्षा की फुहारें हमारा अंतस भिगोने लगीं। रास्ते भर हरियाली, पोखर, पोखरे के तट पर स्थित खजूर, केले या अन्य वृक्षों की कतारें बादल फुहारें, धूप, गर्मी की और मिचौली चलती रही। पर बोलपुर पहुँचने पर तपती धरती ने स्वागत किया। बादलों ने मुँह छिपा लिया।

थोड़ी ही देर में हम टेम्पो से शांतिनिकेतन के पास थे। गाइड ने टेगौर के द्वारा बनवाए गए परिसर में स्थित म्यूजियम जाने के लिए कहा। दोपहर में बंद होने वाले म्यूजियम में यायावरों की भीड़ कवीन्द्र की स्मृतियों को खंगाल रही थी। भीड़ पूरे जोश-खरोश, उत्सुकता के साथ उत्साह के घोड़े पर सवार हो आगे बढ़ती जा रही थी। वहाँ हर जगह जूते उतारकर ही प्रवेश करना है, जैसे वह किसी की स्मृतियों का खजाना नहीं, पूजा स्थल हो।

म्यूजियम में गुरुदेव की आदमकद तस्वीरों से झाँकती धीरे-गंभीर आँखें स्वागत कर रही थीं। गुरुदेव की अनगिन तस्वीरों संग उनके परिजनों, पत्नी मृणालिनी की जीवंत छवि जॉर्ज, बर्नाड शॉ, साइंटिस्ट आईंसटीन तथा कई देशों के राजनेताओं के साथ-साथ हमारे महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, पटेल आदि भी गुरुदेव के साथ नजर आ रहे थे। उन फोटों के साथ सभी जैसे उस कालखंड में जा पहुँचे।

असली नोबेल पुरस्कार चोरी हो गई है। वहाँ पर उसकी अनुकृति ही दर्शनार्थियों की उत्सुकता को शांत करने की कोशिश कर रही थी। सबके आकर्षण का केन्द्र वह अनुकृति! वहाँ पर रवीन्द्रनाथ के द्वारा प्रयोग में लाई जानेवाली चीजों के साथ विभिन्न देशों, विविध राजनायकों, भिन्न-भिन्न कलाकारों द्वारा भेंट स्वरूप दी गई वस्तुएँ म्यूजियम की शोभा में चार चाँद लगा रही थीं। चीन की प्लेटें, तो जापान की कला! गुरुवर एवं उनके परिजनों द्वारा उपयोग की जानेवाली रोजमर्रा की वस्तुएँ यथा उनका गाउन, चश्मा, तलवार, चप्पलें, पान बट्टा, पेन, कलमदानी, विभिन्न बर्तन और भी बहुत कुछ!

उस परिसर में पाँच अन्य भवनों का निर्माण गुरुदेव ने स्वयं करवाया था। प्रथम भवन है 'उदय', द्वित्तीय 'कोणार्क', तृतीय 'श्यामली', चतुर्थ 'पुनश्च' व पंचम 'उदिची'। ये पाँचों भवन उनकी देख-रेख में बने थे। 'कोणार्क' के बाद स्थित 'श्यामली' में अभी कुछ काम चल रहा था। अतः वह बंद कर दिया गया था।

इनमें से चार भवनों को देख पाने का सुख बड़ा था। चारों भवनों में आदमकद फोटोग्राफ, मीटिंग के लिए सजाई गई मेज, कुर्सी, सोफे या बिस्तर तथा अन्य जरूरत की वैसी चीजें, जिसे कवीन्द्र उपयोग में लाते थे, रखी गई हैं। उन सब चीजों को छूने की अनुमति एकदम नहीं है? आप देखकर आनन्दित हो सकते हैं कि कैसे बंगालवासी अपने लेखकों, कलाकारों का सम्मान करते हैं। पर्यटकों का श्रद्धा-विश्वास भी छलका पड़ रहा था। बंगाल के किस कोने-अंतरे से लोग नहीं आते। उस 'उदयन' में गुरुदेव मीटिंग किया करते थे। वहाँ अभी भी वही सोफे, मेज आदि लगे हैं पर अंदर जाने की इजाजत नहीं। 'कोणार्क' के सामने मधुमालती एवं माधवीलता लिपटी हैं। सभी भवनों को देखने के बाद हम गुरुदेव की जन्मस्थली और पेड़ों के नीचे क्लास चलते देखकर अभिभूत थे। पास ही उनके पढ़ने-लिखने और मेहमानों से मिलने का कक्ष और पत्नी की याद में बनवाया गया ग्राम्य परिवेश को प्रस्तुत करते मिट्टी के घर को देखना भी सुखद। डोलोत्सव स्थल देखकर तो आनंद की सीमा नहीं रही।

जगह-जगह कलात्मक मुर्तियाँ, पेंटिंग आदि शांतिनिकेतन परिसर को भव्यता प्रदान कर रहा था। चारों ओर उनकी याद दिलाती तस्वीरें, रिश्तेदारों संग शिशुपन की यादें, बचपन में पढ़ाई का बाग, नाट्य कलाकार तो कहीं कवि की भव्यता प्रस्तुत करती हुईं। प-पग पर कवीन्द्र, हर रूप-रंग में. अनगिन रूप नजर आए। महात्मा गाँधी ने यहीं कॉन्वोकेशन के समय उन्हें गुरुदेव की उपाधि दी थी। विश्व भारती विश्वविद्यालय में अद्भुत है सब। हर किसी को जाना चाहिए और ज्यादा वक्त बिताना चाहिए।

## अपने बाद भी

हरी घास में अपना
अस्तित्व ढूँढते
इक सूखे तिनके पर
लिखूँगी,
मैं फूल ख़ुशबू पर नहीं
बेवज़ह मसल दी गई
कलियों पर लिखूँगी,
मैं लिखूँगी उस नाव पर
जो बेकार हो गई और
जिसे मल्लाह छोड़ गए हैं
रेतीले किनारों पर,
उन सीपियों पर लिखूँगी
जिनमें भी
मोती हो सकते थे पर
नहीं हुए,
मैं उस तन्हा घोसले पर
लिखूँगी
जिसके पाखी उड़ गए
कभी न लौटने के लिए,
लिखूँगी शाख़ के उस
अकेले पत्ते पर
जो पतझड़ में जाने कैसे
बच गया,
उन रेल की पटरियों पर
लिखूँगी
जो मिलने की चाह में
अनंत तक कि
यात्रा पर हैं,
मैं हथेलियों पर रची सूखी
हिना की
ख़ुशबू पर लिखूँगी,
उन उँगलियों पर लिखूँगी
जो
रोटियाँ सेकते हुए बार बा
जली हैं
मैं लिखूँगी उस प्रेम पर
जो शिशु अपने साथ
लेकर आता है
माँ की गर्भ से,
उस बीज पर लिखूँगी
जो कभी अंकुर न ले
सका,
उन औरतों पर लिखूँगी
जो सब जानती हैं
बस ख़ुद को नहीं
पहचानती,
उन कुओं पर लिखूँगी
जहाँ पानी भरने अब कोई
नहीं आता,
अंतिम स्टेशन की उस
चाय की टपरी पर
लिखूँगी
जहाँ तक अब रेल नहीं
जाती,
मैं उन उदास रातों पर
लिखूँगी
जहाँ सासों की आवाज़
भी शोर लगती हो,
उन दुबली कलाइयों पर
लिखूँगी
जिन्होंने पूरे घर का बोझ
उठाया हो,
उन थके पैरों पर लिखूँगी
जिनके चलने से घर के
खर्च चले हैं,
मैं उन सरहदों की लकीरों
पर लिखूँगी
जो लोगों के खून से
खींची गईं हैं,
मैं उन बच्चों पर लिखूँगी
जो युद्ध में यतीम हो गए,
मैं उस नदी पर लिखूँगी
जो शहर से डरती है,
मैं लिखूँगी तब तक, जब
तक हूँ
मैं अपने न होने के बाद
भी लिखूँगी .


रीना सिन्हा सलोनी

## एक गिलास पानी


खुशबू बरनवाल 'सीपी'

ठक- ठक.. ठक- ठक.. ठक-ठक...
'जेठ की दुपहरी में कौन दरवाजा खटखटा रहा है?'फूल सोचने लगी।
ठक- ठक की आवाज तेज हो गई।
ठक-ठक..ठक-ठक...
"क..क..कौन?..."
"मैं एक सैनिक हूँ। क्या एक गिलास पानी मिल सकता है?"
" मैं दरवाजा खोल नहीं सकती। क्या आपको दिखाई नहीं दे रहा है? दरवाजा बाहर से बंद है।" "क्षमा करना, मैं किसी तरह अपने आप को घसीट कर यहाँ तक लाया हूँ। मैं घायल हूँ और मेरे तन पर वस्त्र भी बहुत कम हैं। "
"दूसरी ओर बगल में एक खिड़की है। कृपया आप उधर की ओर आ जाइए।.... मैं तब तक आपके लिए पानी और वस्त्र लाती हूँ।"
"लीजिए.... आपको थोड़ा हाथ ऊपर करना होगा।"
"धन्यवाद।"
" यह कुछ मलहम और दर्द निवारक दवाइयाँ हैं। आप खाकर लगा लीजिए।.... कुछ वस्त्र पिताजी के हैं, आप पहन लीजिए।.... तब तक मैं आपके लिए और पानी ले आती हूँ।........ अंकल, आपकी यह हालत कैसे हो गई?"
"बॉर्डर के पास मैं गलती से पकड़ा गया था।......मुझे प्रताड़ित भी किया गया लेकिन मैं अवसर पाकर उनके चंगुल से निकलकर भाग आया हूँ।"
" अंदर क्यों बंद हो, बेटा? आपको किसने बंद किया है?"
" पिताजी काम पर जाते हैं तो मुझे बंद करके जाते हैं। मेरा शुभलग्न हो गया है।... मैं आगे पढ़ना चाहती हूँ लेकिन पिताजी कहते हैं, उनके पास पैसे नहीं है और लड़कियों को ज्यादा नहीं पढ़ना चाहिए। माँ का निधन हो गया है।... पिताजी सिर्फ भाई को पढ़ाना चाहते हैं, मुझे नहीं।"
" एक कागज और कलम देना।" उस पर सैनिक ने कुछ लिखा।
"यह कागज अपने पिताजी को दिखाकर कहना, सूबेदार विक्रांत सिंह ने बुलाया है। .......पानी पिलाना पुण्य का काम होता है जो तुमने अभी -अभी किया। अब तुम पढ़ोगी। ...तुम्हारी पढ़ाई की जिम्मेदारी मेरी है।"
"क्या सच में!" फूल की आँखें चमक उठीं। कभी उस कागज को देखती, तो कभी उस गिलास को और कभी उसके सपने को सच करनेवाले व्यक्ति को।.......

## अच्छा लगता है


पूनम सिन्हा भावशिखा

भावुक हूँ ! चिंतन करना अच्छा
लगता है,
भावनाओं से
उभरे,शब्द
पिरोना अच्छा
लगता है ,
और बने
हार से तुम्हे
सजाना भी अच्छा लगता है।
चाँदनी में नदी का किनारा अच्छा
लगता है,
बागों में कोयल का कूकना
अच्छा लगता है,
और फूलों पर भंवरों का डोलना
भी तो, अच्छा लगता है।
अच्छा लगता है परीवार के बीच
में रहना,
अच्छा लगता है संग उनके,
कहना सुनना,
और अच्छा लगता उनके लिए
कुछ भी कर जाना।
अच्छा लगता है बच्चों को खेलते
देखना ,
अच्छा लगता है यौवनाओं को
गोलगप्पे खाते देखना,
और अच्छा लगता है, दोस्तों के
साथ गप्पें मारना।
सुबह- शाम पूजा जाप ! करना
अच्छा लगता है,
पढ़ना-लिखना और पढ़ाना
अच्छा लगता है,
और कभी-कभी बृद्धाश्रम जा
उनके संग रहना भी अच्छा
लगता है।

## दस्तावेज


सविता गुप्ता

पापा द्वारा ख़रीदा गया मकान जहाँ बचपन से लेकर किशोरावस्था बीता था। जहाँ से दोनों बहनों की डोली उठी थी और भाभियों की डोली आई थी।शहनाई की गूँज और ढोलक के थाप की मधुर यादें ताज़ा थी। घर के दस्तावेज भाइयों के कहे अनुसार वकील साहब ने तैयार कर लिए थे। कोर्ट की ठंडी सीट पर बैठे हुए सीमा के आँखों से गरम -गरम आँसू रह -रह कर लुढ़क रहे थे। आँखों के कोर सूख ही नहीं पा रहे थे। सीमा, पति निशांत के साथ रजिस्ट्री ऑफिस में अपनों संग घिरी बैठी हुई थी। वहाँ माँ थी, दोनों भाई,भाभी सभी रजिस्ट्रार के आने का इंतज़ार कर रहे थे। "दीदी ,कुछ खाइएगा?"बड़ी भाभी मुझसे दो तीन बार पूछ चूकी थी। आज भाभी की वाणी से शहद टपक रहा था। सीमा की भूख मर चूकी थी। बार- बार पापा की तस्वीर आँखों के सामने तैर जाती। क्या पापा होते तो ऐसा होता मन ही मन सीमा अंतर्मन के झंझावात से जूझ रही थी। जहाँ -जहाँ वकील ने साइन करने को कहा सीमा ने बिना कुछ देखे,सोचे हस्ताक्षर कर दिया। हस्ताक्षर की रस्म निभा कर घर आ गई। घर आ कर फट पड़ी थी सीमा- "भाइयों के आँख में ज़रा भी पानी नहीं बचा माँ भी तो मूक दर्शक बनी रही" निशांत ने सांत्वना देते हुए कहा-"अरे,सीमा अब छोड़ो ग़ुस्सा थूक दो, ज़्यादा मत सोचो ज्यादातर ऐसा ही होता है।चाहे लाख कानून बन जाए। हमें तो कुछ लेना देना नहींतुम्हें किस चीज़ की कमी है" "नहीं ,निशांत मैं परेशान हूँ कि दीदी को बताया तक नहीं गया उन्हें कैसा लगेगा,जब पता चलेगा कि दस्तावेज में तो उनके नाम का ज़िक्र तक नहीं ।"

### काव्य कोना

## स्थाई- अस्थाई

इच्छा है, इच्छा तो होगी ही
उँगलियाँ है, उँगलियाँ तो उठेंगी ही।
अफवाहों का क्या करें हवा की तरह फ़ैल जायेगी
सत्य छुपेगा नहीं, सुरज-चाँद की ज्योत बन फैल जायेगा।
बड़प्पन है ही ऐसा, हर अपना बखान खुद करेगा
सर्वशक्तिमान की तरह स्वयंसिद्ध कहाँ बनेगा।
समान भरने को ज़मीं पर एक मकान चाहिए
अंतिम बिदाई के बाद हमारा प्रमाण चाहिए।
स्थाई-स्थाई करते-करते, अस्थाई हो जाना फितरत है
देखना तात्पर्य की कहानी समय सापेक्ष हो जायेगा।

**नाग मणि**

## पाती पिता के नाम


पूनम शर्मा स्नेहिल

पापा क्या कहूं, कहां से शुरू करूं,और क्या छोड़ूं समझने में बहुत मुश्किल हो रही है।

आज पूरे 9 बरस हो गए आपको गए हुए। इन 9 वर्षों में न तो आपसे लड़ाई हुई, न झगड़ा, न आपने नसीहतें दी और नाही मैंने कोई शिकायत की। देखिए आपकी बिटिया बड़ी हो गई। पर सच कहूँ मुझे बड़ा होना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। बड़ों की दुनिया में बे मतलब के बहुत सारे द्वंद्व होते रहते हैं। मुझे आपकी बिटिया बनकर जितना सुकून मिला उतना शायद किसी दूसरे रिश्ते में जुड़कर नहीं।

अब चीजें पहले जैसे दिल को लुभाती नहीं हैं बस ठीक लगती है।

सभी को मायके जाने का बहुत मन करता है। पर मुझे वहाँ जाने से आपकी कमी बहुत ज्यादा खलती है। अब आपकी आवाज से मेरा पीछा नहीं करती। अब हर जगह से कोई मुझे देखता नहीं है। नहीं आपके जैसे कोई खींची करता है।



मेरे कहे हुए शब्द लोगों को समझ में नहीं आते खामोशी तो बहुत दूर की बात है। मुझे भी पता है जाना सबको एक दिन है। पर आपसे शिकायत रह गई। आप समय से बहुत पहले चले गए बिना मुझे बड़ा किया। अभी तो मुझे आपकी बहुत जरूरत थी। पर शायद आपको जाने की बहुत ज्यादा जल्दी थी।

अब जब कहीं किसी चीज में फंसती हूँ तो रास्ते मुझे खुद निकालने पड़ते हैं। हाँ हाँ पता है अब आप कहेंगे, आपने सिखाया है मुझे रास्ते निकालना। मुस्कुराइए मत। आप भी जानते हैं कि आप से बेहतर मुझे कोई नहीं समझ सकता था।

आपकी दी हुई सीखें आज भी समय-समय पर मुझे मार्गदर्शन देती रहती हैं। पर जिंदगी का वह खालीपन नहीं भर पाती। बिटिया भी आपको बहुत याद करती है। उसकी यादों में कुछ धुंधली यादें जिंदा है अभी भी। पर बेटे की यादों में आप नहीं है वह अक्सर आपकी तस्वीर देखकर पूछता है यह कौन है। उसे खाली कोने की वीरानियां बहुत चुभती हैं। अब सुबह-सुबह कोई 5:00 मेरे कमरे में आकर मुझे जागने के लिए नहीं कहता। नहीं कोई दबे पांव कमरे में आकर मुझे डरता है। बहुत सारे शिकायतें हैं आपसे जो मिलने पर जरूर करूंगी। इंतजार करिएगा मेरा।

**आपकी बेटी**

# सिद्धी मामा द्वारा अनन्यप्रिया का त्याग


ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

त्रिवेणी मामा, सिद्धी मामा के चचेरे बड़े भाई थे। उन्हें डिहरी - ओन - सोन, जो गया से ढाई या तीन घंटे की सवारी गाड़ी की रेल यात्रा के पड़ाव पर पड़ता है, जाना था। उन्होंने सिद्धी मामा को भी साथ में ले लिया।

डिहरी में काम पूरा कर शाम की लोकल ट्रेन से दोनों लौट रहे थे। त्रिवेणी मामा ने सिद्धी मामा को टिकट कटाने के पैसे दिए। सिद्धी मामा टिकट कटा कर एक टिकट त्रिवेणी मामा को थमा दिए।

"तुहु अपना लगी टिकट ले लेलऽ हे न, सिद्धी?"

"अपने काहे ल चिंता करीत ही। चलऽ ट्रैन लग गेलै हे। तोरा बढ़िया सीट देख के बैठा दे हिओ।"

त्रिवेणी मामा को एक बढ़िया सा खिड़की वाला सीट पर बैठा दिए।

"तू, यहीं पर बैठ, हम आवित हिओ।"

"देख, सिद्धी जल्दी आ जै है।"

तब तक ट्रेन खुल चुकी थी। टिकट चेकर बाबू आये सबका टिकट चेक कर आगे बढ़ गए। अब त्रिवेणी मामा परेशान। जब तीसरा स्टेशन पार कर गया, तब सिद्धी मामा दिखाई दिए।

"सिद्धी कहाँ चले गए थे? तुम हमको बदनाम करके रहोगे।"

गया जिला (बिहार) का आदमी जब गुस्सा में होता है तब मगही से खड़ी बोली यानी शुद्ध हिन्दी बोलने लगता है।

"भैया, तू काहे ल परेशान होइत ह, हम हिएँ पर न हिए।"

"नहीं, नहीं तुम हिएँ बैठो।"

सिद्धी मामू को तो जैसे जेल हो गई।

"भैया टिटिया, चल गेलै न।"

"तू टिटिया से काहे ल परेशान होइत हैं, टिकट हो न, हम तो टिकट के पैसा तोरा देलिओ हल।"

"हाँ, भैया, तू परेशान मत होअ।"

गया जंक्शन आने के पहले ट्रेन थोड़ी धीमी हुई थी।

"भैया, हम तुरत आवित हिओ।"

कहकर सिद्धी मामू वहाँ से उठकर दरवाजे के तरफ बढ़े थे। फिर ट्रेन धीरे - धीरे गया जंक्शन प्लेटफार्म पर लग गई। त्रिवेणी मामा स्टेशन पर उतर गए। सोचे, सिद्धी टॉयलेट गया होगा। जब बहुत देर तक नहीं उतरे, तब मामा खुद टॉयलेट में देखने गए। वहां तो सिद्धी था ही नहीं।

'पता नहीं आउटर गुमटी आने के समय दरवाजे की ओर गया था। गिर गया क्या? किस मुहूर्त में मैंने सिद्धी को अपने साथ चलने के लिए कहा था। सारे दुष्परिणामों की जड़ मै ही हूँ।' त्रिवेणी मामा अपने को कोसते हुए काफी देर तक स्टेशन पर बैठे रहे। फिर एक हारे हुए जुआरी या एक ऐसे वैष्णव, जिसे धोखे से मांस खिलाकर मदिरापान करा दिया गया हो, की तरह लुटे - पिटे चेहरे लेकर अपने डेरा की ओर चले।



उन दिनों मेरे ममहर के कॉलेज में पढने वाले सारे लडके गया के 'दुःखहरणी माई के फाटक' से थोड़ी दूर पर 'रैन - बसेरा' नामक डेरे में रहते थे। वहीं मेरे बड़े मामा के बड़े लड़के महेश भैया भी रहते थे। वे उम्र में सिद्धी मामा से थोड़े बड़े ही होंगे। त्रिवेणी मामा डेरा पर रिक्शा से उतरते ही महेश भैया से रोते हुए कहने लगे, "देख ना महेश, सिद्धिया कहीं डेल्हा पर वाला गुमटी के पास गिर गया, क्या हुआ पता नहीं, स्टेशन पर उतरा ही नहीं। अब हम चाचा को क्या मुंह दिखाएंगे ?"

महेश भैया बोले, "चाचा, तू फ्रेश हो के खाना खा। रात बहुत हो गेलो हे।"

"महेश, का तू बोल हे, हमारा खाना ढुकतौ?" कहकर त्रिवेणी मामू रोने लगे।

तब तक सिद्धी मामू एक फ़िल्मी धुन गुनगुनाते हुए डेरा में घुसे।

महेश भैया बोले, "देखऑ सिद्धिया आ गेलो न, तू बेकारे परेशान हो रहलऑ हल."

त्रिवेणी मामा तैश में थे। वे तैश में होते थे तो खड़ी हिन्दी बोलने लगते थे, "सिद्धी तुम कहाँ रह गए थे? हमको बदनाम करके छोड़ दोगे। चाचा क्या कहेंगे? सिद्धी के बिगाड़े में हम भी लगे हुए हैं। ऐसे ही तुम्हारा नाम बदनाम है।"

सिद्धी मामा बिलकुल शांत स्थितप्रज्ञ की तरह बोले. "भैया तू बेकार परेशान हो रहला हल। हम तो आवते हलि न।"

महेश भैया बोले, "देख चाचा हम तो तोरा शांत रहे कहलियो हल। एकरा का होतो। इ तो केतना के चरा देतो।"

"ऐ महेश, देखो ज्यादा लट- पट मत बोलो।"

सिद्धी मामू महेश भैया को अकेले कोने में ले गए, "अरे हम गुमटी के पास ट्रेन धीमा हुआ तब उतर गए थे।"

महेश, "टिकट नहीं कटाये थे न।"

सिद्धी मामू हँसने लगे। महेश भैया बोले, "टिकट का पैसा बचाकर सिगरेट पिए होगे।"

"भैया से मत कहना। महेश तुमको हम्मर किरिया।"

"अच्छा, ठीक है। लेकिन एक शर्त है। आज से तुम सिगरेट नहीं पीओगे।"

सिद्धी मामू बड़े सोच में पड़ गए। महेश भैया फिर पूछे, "जल्दी बोलो।"

"जाओ ठीक है आज से कसम खाते हैं कभी सिगरेट नहीं पीयेंगे। जाओ तुम्हारे नाम पर आज से सिगरेट पीना छोड़ रहे हैं।" और उसके बाद सिद्धी मामू ने सिगरेट कभी मुंह से नहीं लगाई। उन्हें अपनी अनन्यप्रिया, दुःख और दर्द में साथ देनेवाली प्रेयसी सिगरेट को त्यागने का कितना गम था उसे तो उन्होंने ही महसूस किया होगा। उन्होंने अपने पैंट की पॉकेट से सिगरेट की नई खरीदी गई डिबिया को टॉयलेट के क्लोसेट में खुद डालकर फ्लश चला दिया।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

### आज का दोहा

क्यों बैठे हो राम जी, कलि में आंखें मींच।
युग तो बदला है मगर, बदले ना मारीच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार जब्त

## उत्तर कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

**एजेंसी। श्रीनगर**

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से ही कश्मीर हाई अलर्ट पर है। आतंकवादियों को खोचने के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा बलों और भारतीय सेना ने नजर बनाए रखी हैं। ताजा अपडेट आ रही हैं कि पुलिस ने आतंकवादियों के ठिकानों को खोज लिया है। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं। मंगलवार, 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्ताकाबाद माछिल के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया है, जिसमें पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, एके-47 के 660 राउंड, एक पिस्तौल का एक राउंड और एम4 के 50 राउंड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है।

# 'टिकट खरीदने' का आरोप लगाकर घिरे प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**

राजनीतिक दल जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इन दिनों 'जन सुराज उद्घोष यात्रा' के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बारे में दिए गए बयान पर वह घिरते नजर आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जदयू नेता अशोक चौधरी ने शनिवार को कहा कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उसके लिए उनके खिलाफ मानहानि का केस करेंगे और लड़ेंगे। उन्होंने कहा, "हम दलित परिवार से आते हैं, हम तलवार लेकर तो लड़ नहीं सकते। हमारे पास जो भी सामान्य नागरिकों के संसाधन हैं, हम उन्हीं का प्रयोग करेंगे और हमें लगता है कि हमें न्याय मिलेगा।" दरअसल,



प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जमुई में मंत्री अशोक चौधरी पर जमकर निशाना साधा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा था कि उनका (अशोक चौधरी का) राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को "टिकट खरीदकर" सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके। उन्होंने कहा था, "मैं न तो विधायक हूं, न सांसद, न ही बालू माफिया या शराब माफिया के लिए काम करता हूं। मैंने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है।

## दिल्ली-एनसीआर के सात ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

# फिटजी धोखाधड़ी मामले में 250 करोड़ की ठगी का खुलासा

**एजेंसी। नोएडा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में सात स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान फिटजी से संबंधित है।

फिटजी के निदेशक डी.के. गोयल के अलावा सीईओ, सीओओ और सीएफओ के आवासों तथा संस्थान के आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और अन्य शहरों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर फिटजी और उसके वरिष्ठ प्रबंधन के खिलाफ जांच शुरू की है। इन एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सेवाएं देने के नाम पर भारी शुल्क वसूला, लेकिन इसके बदले में वादे के अनुरूप सेवाएं प्रदान नहीं की गईं और बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात तथा शैक्षणिक अनियमितताओं में लिप्त रहे। तलाशी के दौरान 10 लाख रुपए नकद और 4.89 करोड़ रुपए मूल्य के आभूषण भी जब्त किए गए। ईडी के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि संस्थान ने योजनाबद्ध तरीके से छात्रों और अभिभावकों को ठगने के लिए एक संगठित साजिश रची थी।

## 32 सेंटर अचानक बंद, 15,000 छात्रों को झटका




जांच के दौरान पता चला कि फिटजी ने वर्तमान बैच के छात्रों से लगभग 206 करोड़ रुपए शुल्क के रूप में वसूले, लेकिन वादे के अनुसार सेवाएं नहीं दी गईं। तलाशी के दौरान कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक 2025-26 में 9,823 छात्रों से 181.89 करोड़ रुपए वसूले गए थे। इसके बाद 2026-27 के लिए 3,316 छात्रों से 47.48 करोड़, 2027-28 के लिए 1,008 छात्रों से 17.07 करोड़ रुपए और 2028-29 के लिए 264 छात्रों से 3.76 करोड़ रुपए वसूले गए थे। कुल 14,411 छात्रों से इन चार साल के लिए 250.2 करोड़ रुपए लिए गए थे।

तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, जिनसे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का पता चला है। आरोप है कि एकत्रित धनराशि को निजी और अनधिकृत उपयोग के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि शिक्षकों के वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया। इस धोखाधड़ी के चलते उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, नोएडा और प्रयागराज, दिल्ली, मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर और इंदौर, हरियाणा के फरीदाबाद और गुरुग्राम तथा मुंबई सहित 32 कोचिंग सेंटर अचानक बंद कर दिए गए, जिससे लगभग 15,000 छात्रों और अभिभावकों को भारी नुकसान हुआ।

### महिला के पेट में ऑपरेशन के दौरान रह गया आधा मीटर कपड़ा

**ग्रेटर नोएडाः** ग्रेटर नोएडा के बेकसन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट में आधा मीटर कपड़ा छूट गया, जो डेढ़ साल बाद दूसरी सर्जरी में निकाला गया। महिला लगातार पेट दर्द से जूझती रही, लेकिन डॉक्टरों ने गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों ने अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, गौतमबुद्धनगर CMO ने जांच कमेटी गठित की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल से चिकित्सकीय लापरवाही का बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से आधा मीटर लंबा कपड़ा उसके पेट में ही छूट गया। करीब डेढ़ साल तक पेट में ही रहा और महिला को लगातार पेट दर्द की पीड़ा से गुजरना पड़ा। दरअसल, मामला 14 नवंबर 2023 का है, जब महिला को डिलीवरी के लिए बेकसन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, शुरुआत में नॉर्मल डिलीवरी की बात कही गई। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने सी-सेक्शन ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद महिला को स्वस्थ बताकर छुट्टी दे दी गई। लेकिन डिस्चार्ज के कुछ ही दिनों बाद से महिला को तेज पेट दर्द होने लगा। परिजनों ने कई बार अस्पताल जाकर डॉक्टरों को दर्द की शिकायत की, लेकिन उन्हें हर बार सिर्फ पेनकिलर देकर लौटा दिया गया। डेढ़ साल तक महिला दर्द सहती रही, लेकिन कोई डॉक्टर असली वजह नहीं समझ सका।

# सीमा हैदर ने लगाई गुहार, जताई भारत में ही रहने की इच्छा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला पर्यटकों पर किया गया था। इस आतंकी हमले के बाद से ही भारत सरकार ने कई कड़े कदम उठाए है। पाकिस्तान से नापाक इरादों की कमर तोड़ने के लिए भारत ने पाकिस्तान के साथ कई समझौतों और रिश्तों को तोड़ने का ऐलान कर दिया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तानी नागरिकों को भी भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ने का निर्देश मिला है। वहीं पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा भी रद्द कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अवैध तरीके से भारत आई पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर फिर सुर्खियों में आ गई है। सीमा हैदर जिन्होंने उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी सचिन मीना के साथ शादी की थी। दोनों की एक बेटी भी है।



सीमा हैदर ने भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के बाद कहा कि मैं पहले पाकिस्तान की बेटी थी मगर अब मैं भारत की बहू हूं। पाकिस्तान वापस भेजे जाने का डर सीमा को भी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से भेजा रहा है, जिस कारण उनके मन में भी डर समाया हुआ है। सीमा ने कहा कि अन्य पाकिस्तानी नागरिकों की तरह उन्हें भी भारत छोड़ने को ना कह दिया जाए। भारत सरकार सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर चुकी है। पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने के निर्देश दिए गए है।

### मोदी और योगी से सीमा की अपील

पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाने को लेकर सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहती हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करती हूं कि मुझे भारत में रहने दिया जाए। गौरतलब है कि सीमा हैदर वर्ष 2023 में चर्चा में आई थी जब वो पाकिस्तान को छोड़कर नेपाल के रास्ते अपने भारतीय प्रेमी सचिन मीना से मिलने नोएडा आई थी। उन्होंने यहां आने के बाद सचिन से शादी की थी। केंद्र सरकार के पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर लिए गए फैसले के बाद सीमा हैदर का वीडियो वायरल हो रहा है।

## पर्यटक वीजा पर भारत आई पाकिस्तानी महिलाओं ने कहा

# 10 साल बाद आए थे, अब लौटना पड़ रहा है, पहलगाम हमले के कारण

**एजेंसी। सहारनपुर**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए पर्यटक वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का फैसला किया है। इसके चलते सहारनपुर में अपनी भांजी की शादी में शामिल होने आईं दो पाकिस्तानी महिलाओं, मस्क्रीन और वकीला बेगम, को बीच में ही वापस पाकिस्तान लौटना पड़ रहा है। आईएएनएस से बातचीत में मस्क्रीन ने बताया कि वह अपनी भांजी की शादी में शामिल होने 10 अप्रैल को सहारनपुर आई थीं। उनका डेढ़ महीने का वीजा था, लेकिन हमले के बाद उन्हें तुरंत वापस जाने को कहा गया। उन्होंने कहा, "दस साल बाद परिवार से मिलने आई थी। शादी की रस्में चल रही थीं, लेकिन तीन दिन पहले हमें वापस जाने का आदेश मिला। सारी खुशियां अधूरी रह गईं। दिल में बहुत तकलीफ है।"मस्क्रीन ने बताया कि उनके तीन रिश्तेदार आने वाले थे, लेकिन बच्चों का वीजा नहीं मिला, इसलिए सिर्फ वह और उनके पति आए। अब शादी की वीडियो ही फोन पर देख पाएंगे। वकीला बेगम ने भी अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने कहा, "मेरी सगे भाई की बेटी की शादी थी। 10 साल बाद भारत आई थी। खुशी का माहौल गम में बदल गया। हमने सोचा था शादी की सारी रस्में देखेंगे, लेकिन अब बॉर्डर पर तलाशी और वापसी का इंतजार है।" उन्होंने आतंकियों की निंदा करते हुए कहा, "जिन्होंने पहलगाम में लोगों को मारा, उनका कोई धर्म नहीं। कश्मीरी मुसलमानों ने हिंदू पर्यटकों की जान बचाई। यह इंसानियत है।" दोनों महिलाओं ने हमले के बाद बढ़े तनाव और कारोबारी प्रतिबंधों पर भी चिंता जताई। मस्क्रीन ने कहा, "पुलवामा हमले के बाद से ट्रेन और कारोबार बंद हैं। अब पहलगाम हमले के बाद अफगानिस्तान के रास्ते कारोबार भी बंद हो गया।




### वाराणसी पुलिस ने शॉर्ट टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिक को भेजा वापस

**वाराणसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से वापस भेजने के निर्देश दिए। केंद्र के निर्देश के बाद वाराणसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शॉर्ट टर्म वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया है। वाराणसी पुलिस के अनुसार, शहर में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। इनमें से 9 के पास लॉन्ग टर्म वीजा है जबकि एक व्यक्ति शॉर्ट टर्म वीजा पर वाराणसी में रह रहा था। सरकार के ताजा निर्देशों के बाद शॉर्ट टर्म वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिक को तुरंत शिवगंगा ट्रेन से दिल्ली रवाना किया गया, वहां से उसे वाघा बॉर्डर होते हुए पाकिस्तान भेजा जाएगा। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक, जिस घर में रह रहा था, उस परिवार के एक सदस्य और पुलिस के एक जवान को भी साथ में भेजा गया है। इसके अलावा, फिलहाल जिन 9 पाकिस्तानी नागरिकों के पास लॉन्ग टर्म वीजा है, उनके लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई नया निर्देश नहीं आया है, लेकिन पुलिस सतर्क है और उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी इक्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# असम में 'पाकिस्तान समर्थित' पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। असम**

असम पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भारत विरोधी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में असम के विभिन्न जिलों के कई लोग शामिल हैं और उनमें से एक ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायक अमीनुल इस्लाम भी हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए कहा कि यह राष्ट्र विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। सरमा ने चेतावनी दी कि और भी गिरफ्तारियाँ होंगी क्योंकि अधिकारी पहलगाम हमले से जुड़े भड़काऊ पोस्ट के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी रखना जारी रखेंगे।

सरमा ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समानता नहीं है। दोनों देश दुश्मन राष्ट्र हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि कृषक मुक्ति संग्राम समिति के एक नेता को शुक्रवार को उसकी 'भारत विरोधी टिप्पणी' के लिए गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कोई भी ऐसा रुख अपनाएगा, उसे गिरफ्तार किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा, ''अगर जरूरत पड़ी तो हम उन पर रासुका के प्रावधान लगाएंगे। हम सभी (सोशल मीडिया) पोस्ट की समीक्षा कर रहे हैं और हमें जो भी राष्ट्र विरोधी लगता है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'' शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने फेसबुक पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखा था। सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि कछार जिले में इसी तरह के आरोपों में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''कछार पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है।'' मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि 'ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (एआईयूडीएफ) के अमीनुल इस्लाम सहित दो लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया जबकि शुक्रवार को राज्यभर में छह और गिरफ्तारियां की गईं।

# 'दुकानदार से पूछें धर्म और हनुमान चालीसा पढ़ने को कहें, फिर खरीदें सामान': नितेश राणे

**एजेंसी। मुबंई**

> भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा।

महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि हिंदुओं को दुकानदारों से कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। यह विवादास्पद टिप्पणी पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज़्यादातर दूसरे राज्यों के पर्यटक थे। बचे हुए कुछ लोगों के अनुसार, आतंकवादियों ने पुरुष पर्यटकों को गोली मारने से पहले उनका नाम और धर्म पूछा। बचे हुए लोगों ने यह भी बताया कि आतंकवादियों ने कुछ पर्यटकों से 'कलमा' पढ़ने को कहा और जो ऐसा करने में विफल रहे, उन्हें गोली मार दी गई। रत्नागिरी जिले के दापोली शहर में एक सभा को संबोधित करते हुए मंत्री राणे ने कहा, "उन्होंने हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा। इसलिए, हिंदुओं को भी कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। अगर वे आपका धर्म पूछ रहे हैं और आपको मार रहे हैं, तो आपको भी खरीदारी या कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। हिंदू संगठनों को ऐसी मांग उठानी चाहिए। भाजपा नेता ने कहा कि संभावना है कि कुछ दुकानदार अपना धर्म नहीं बताएंगे या फिर अपने धर्म के बारे में झूठ बोलेंगे। उन्होंने भीड़ से कहा, "जब भी आप खरीदारी करने जाएं, तो उनका धर्म पूछें। अगर वे कहते हैं कि वे हिंदू हैं, तो उन्हें हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए कहें। अगर वे हनुमान चालीसा का पाठ करना नहीं जानते हैं, तो उनसे कुछ भी न खरीदें।" औरंगजेब का जिक्र करते हुए श्री राणे ने कहा कि मुगल बादशाह ने अपने पिता और भाई को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा, "औरंगजेब को देखिए। उसने अपने पिता और भाई का भी सम्मान नहीं किया। अगर उसने अपने पिता और भाई का सम्मान नहीं किया, तो वे आप लोगों का कैसे सम्मान कर सकते हैं?"



# बिहार के वैशाली में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में 40 साल का अधेड़ गिरफ्तार

**एजेंसी। वैशाली**

बिहार के वैशाली जिले के बलिगांव थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक 40 वर्षीय अधेड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने एक मक्के के खेत में नाबालिग को ले जाकर दुष्कर्म किया था। महुआ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) दुर्गा शक्ति ने शनिवार को बताया कि छह साल की बच्ची के साथ एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश किया है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पहले भी बलिगांव थाना क्षेत्र के एक मामले में वह जेल जा चुका है। उस पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था।

गिरफ्तार व्यक्ति पर आरोप है कि उसने गुरुवार, 25 अप्रैल को छह वर्षीय बच्ची के साथ मक्के के खेत में दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिवार के अनुसार, बच्ची गुरुवार रात अपने घर से 10 रुपए लेकर पास की दुकान पर बिस्कुट खरीदने गई थी। वह अपने और अपने भाई के लिए बिस्कुट लेने जा रही थी। लेकिन, वह दुकान तक नहीं पहुंची। कथित तौर पर, आरोपी उसका मुंह दबाकर उसे जबरन पास के मक्के के खेत में ले गया। वहां उसने बच्ची का मोबाइल छीनकर फेंक दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया।

## 'नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड' में तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित आईटी सेवाएं हो रहीं बहाल : एससी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कहा कि नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण कई सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रभावित सेवाओं को बहाल करने का काम जारी है। एक नोटिस के जरिए बताया गया कि रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एनजीसी में तकनीकी गड़बड़ी के कारण प्रभावित रहीं। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में बताया, "सुबह से ही नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एनजीसी) में तकनीकी गड़बड़ी के कारण रजिस्ट्री द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सूचना संचार प्रौद्योगिकी-आधारित सेवाएं, जैसे वेबसाइट, ई-फाइलिंग, एससीआर और डिजीएससीआर पोर्टल पर प्रतिकूल असर पड़ा है।" कोर्ट ने आगे कहा कि सभी संबंधित टीम सेवाओं की शीघ्र बहाली पर काम कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, "आपको हुई किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। हम आपके धैर्य, समझ और सहयोग की सराहना करते हैं।" नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड एक यूनिक क्लाउड सर्विस है। यह सर्विस एनआईसी के तहत विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को दी जा रही है। यह संगठनों को सिंगल एंड यूज पोर्टल का इस्तेमाल कर कई निजी और सार्वजनिक क्लाउड सेवाओं को चुनने की अनुमति देता है। नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा संचालित एक सुरक्षित डेटा सेंटर में कंप्यूट, स्टोरेज, डेटाबेस और नेटवर्क जैसी विभिन्न ऑन-प्रिमाइस सेवाएं प्रदान करता है।

## भारत व चीन जैसे देशों ने 100-150% तक टैरिफ लगाकर खूब पैसा कमाया है, अब अमेरिका भी ऐसे ही कमाएगा

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने टैरिफ़ वार के समर्थन में नया तर्क दिये हैं कि अमेरिका व्यापार करने वाले देशों पर ज्यादा टैक्स लगाकर खूब पैसा कमाएगा ।टाइम्स मैगजीन को दिए साक्षात्कार में कहा है - भारत व चीन जैसे देशों ने 100-150% तक टैरिफ लगाकर खूब पैसा कमाया है। अब उसी तरह 'अमेरिका खूब पैसा बनाएगा। देखिए, चीन ने हमारे साथ ऐसा ही किया। वे हमसे 100% चार्ज करते हैं। अगर आप भारत को देखें- भारत 100 से 150% चार्ज करता है। और भी कई देश ज्यादा टैरिफ लेते हैं। वे ऐसे ही अमीर बने हैं।' ट्रंप ने यह जवाब उस सवाल पर दिया जिसमें पूछा गया था कि क्या एक साल बाद विदेशी सामान पर 20%, 30% या 50% तक का ऊंचा टैरिफ लगाना अमेरिका के लिए जीत माना जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो कंपनियां अमेरिका में सामान बनाएंगी, उन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे कंपनियां अमेरिका में ही फैक्ट्री लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगी। ट्रंप के अनुसार कई कंपनियां अमेरिका में वापस आ रही हैं। यहां तक कि कई ने तो अमेरिका में अपना काम शुरू भी कर दिया है। ट्रंप ने टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के दौरान बातचीत के बारे में बात करते हुए दावा किया कि 200 डील साइन हो चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने इन डील्स के बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी। एक तरफ़ ट्रम्प यह कह रहे हैं , दूसरी तरह हालत यह है कि टैरिफ का असर दिखने लगा है। दुनिया भर की कंपनियों को इससे परेशानी हो रही है। कीमतें बढ़ रही हैं, कंपनियों के अनुमान गलत साबित हो रहे हैं। ट्रंप की व्यापार नीतियों से लागत बढ़ रही है। सप्लाई चेन में दिक्कतें आ रही हैं और आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है ।वर्ष 2025 की पहली तिमाही की रिपोर्ट में पता चला है कि दुनिया भर की कंपनियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कंपनियों के बड़े अधिकारियों को ट्रंप की बदलती व्यापार नीतियों के हिसाब से काम करना पड़ रहा है। रॉयटर्स के अनुसार, कंपनियां अब यह देख रही हैं कि उन्हें कितना नुकसान हुआ है और वे इससे कैसे निपटें ।इस तरह ट्रम्प ने अपने मनमानेपन से विश्व की अर्थव्यवस्था को ही अस्थिर कर बर्बादी की तरफ धकेल दिया है। ऐसे तानाशाह प्रवृति के लोग अपना हनक दिखाने के लिए कुछ भी करते कहते रहते हैं।

### 26/11 हमले के आरोपी तहाव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, कहा

# मुंबई में हमला मैंने नहीं डेविड हेडली ने कराया

- पूछताछ के दौरान कहा, मुंबई हमले की साजिश में मेरी कोई भूमिका नहीं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहाव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में



जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहाव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। राणा को लॉस एंजेल्स से एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की टीमों के साथ एक विशेष विमान से भारत लाया

### वर्षों के प्रयास के बाद भारत प्रत्यर्पित हुआ है तहाव्वुर राणा

एनआईए ने राणा के प्रत्यर्पण के लिए वर्षों तक प्रयास किए। एजेंसी ने अमेरिका की एफबीआई, न्याय विभाग (यूएसडीओजे) और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। राणा पर आरोप है कि उसने मुंबई हमलों की साजिश में अहम भूमिका निभाई थी।

गया। अमेरिका में राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई कानूनी कोशिश की, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका भी शामिल थी। सभी याचिकाएं खारिज होने के बाद प्रत्यर्पण संभव हो सका। भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया।

मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को हुए थे, जब 10 आतंकियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस समेत कई जगहों पर हमला किया था। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। राणा पर लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर हमले की योजना बनाने का आरोप है।

## सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटकों को आज सुबह से निकाला जाएगा

**गंगटोक (हि.स.)।** सिक्किम के उत्तरी जिले लाचेन में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम आज सुबह से शुरू किया जाएगा जबकि लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का काम जारी है। मंगन के जिलापाल अनंत जैन ने शनिवार को लाचुंग सड़क साफ करने की प्रगति का आकलन करने के लिए स्थलगत दौरा किया। यात्रा के दौरान जिलापाल के साथ चुंगथांग के एसडीएम, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंगन के प्रतिनिधि, लाचुंग जुम्सा के पिपन, ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ सिक्किम और ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्य भी थे। भ्रमण टोली ने ट्विन फॉल्स से अपना निरीक्षण शुरू किया, जहां जिलापाल ने मशीन ऑपरेटरों को सड़क साफ करने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम खिदुम चेकपॉइंट के लिए रवाना हुई और वहां चल रहे पुनर्स्थापना प्रयासों की निगरानी की। जिला प्रशासन ने बताया कि अब तक चुंगथांग और ट्विन फॉल्स के बीच दो बड़ी बाधाओं को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। इसी तरह, खिदुम और लेमा में भी सड़कें खोल दी गई हैं। इन स्थानों के बीच शेष दो अवरोध बिंदुओं को भी जल्द ही हटा दिए जाने की उम्मीद है। उत्तरी जिला प्रशासन ने बताया है कि लाचुंग में फंसे पर्यटकों को निकालने का प्रयास चल रहा है। इसी प्रकार, लाचेन में फंसे पर्यटकों को भी कल सुबह से सुरक्षित निकाल का कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन हुआ था।

## लू से बचें, एक घंटे की धूप से भी हो सकता खतरा

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इन दिनों धूप में एक घंटे बिताना बहुत नुकसानदेह हो सकता है। सूरज से आ रहीं अल्ट्रा वॉयलेट (यूवी) किरणें इतने ही देर में सनबर्न, ब्लैक स्पॉट व शरीर का पानी सूखा सकती हैं। मौसम का आकलन करने वाली एजेंसी के अनुसार, इन दिनों यूवी किरणों का स्तर 10 से 12 के आसपास दर्ज किया जा रहा है। जो कि बहुत उच्च खतरे की श्रेणी में आएगा। दिन में चार घंटे, सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक, सबसे ज्यादा यूवी किरणें धरती की ओर आ रहीं हैं। इससे आंख की रेटिना पर बहुत बुरा असर हो सकता है ।इसके साथ ही शरीर की नमी सूख सकती है। डिहाइड्रेशन, त्वचा पर काले काले धब्बे और चक्कर आने की समस्याएं भी हो सकती हैं। इन दिनों आसमान साफ हो गया है, जिससे प्रकाश के आने की तीव्रता बढ़ जाती है। इस तरह से सीधे किरणें आती हैं।

तपती धूप में सूर्य से तीन तरह की यूवी किरणें ए, बी व सी निकलतीं हैं। इसमें से यूवी ए इंसानों तक पहुंचने से पहले ही अवशोषित हो जाती हैं। बाकी बी व सी धरती तक आती हैं, जो कि सीधे इंसानों को असर करती हैं। यदि इंडेक्स का स्तर 10 से ऊपर हो जाए तो फिर एक ही घंटे में शरीर के स्किन पर काले चकत्ते पड़ सकते हैं। आंख में जलन व खुजली हो सकती है। शरीर में पानी की कमी होने से चक्कर आ जाएंगे। ये काफी खतरनाक हो सकता है। कपड़े पहनने के बाद भी अल्ट्रा वायलेट को फिल्टर करके बाहर नहीं रोक पा रहा है, क्योंकि शरीर की ऑब्जर्व करने की क्षमता कम हो जाती है। शरीर का तापमान बढ़ने के साथ ही पसीना आना, सिरदर्द होना या सिर का भारीपन महसूस हो सकता है। सबसे पहले बीमार को ठंडे व छायादार स्थान पर ले जाएं। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। व्यक्ति बेहोश न हो तो उसे ठंडा पानी पिलाएं, उसके कपड़े को निकाल कर शरीर पर गीले कपड़े या स्पंज रखें।

### ऐसे में लू से बचने के लिए करें ये उपाय

- धूप तेज हो जाए तो दोपहर 12:00 बजे से 3 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें।
- बीच -बीच में पानी पीते रहें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते व चप्पल का इस्तेमाल करें।
- यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें।
- यदि आपका काम बाहर का है, तो गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।
- चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- घर में बना पेय पदार्थ - लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना पीएं।
- अपने घर को ठंडा रखें, रात में खिड़कियां खुली रखें।
- शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।
- धूप में खड़े वाहनों के अंदर बच्चों व पालतू जानवरों को न छोड़ें।
- खाना बनाते समय कमरे के खिड़की-दरवाजे खुले रखें, जिससे हवा का आना-जाना बना रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## लश्कर ए तैयबा के 3 आतंकियों के घर ध्वस्त

- शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में ढहाया गया है घर
- हमले में शामिल दो आतंकियों के घर एक दिन पहले ही गिराए गए थे

**श्रीनगर (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां, कुलगाम और पुलवामा जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन आतंकियों के घरों को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार देर शाम और शनिवार को की गई। पुलवामा जिले के मुरान गांव में आतंकी एहसान-उल-हक शेख का घर ढहाया गया। कुलगाम जिले के मटालहामा गांव में आतंकी जाकिर अहमद गनी का घर तोड़ा गया, जो वर्ष 2003 से सक्रिय है। वहीं, शोपियां जिले के चोटीपोरा गांव में आतंकी शाहिद अहमद कुटे के घर को भी ध्वस्त किया गया, जो वर्ष 2002 से आतंकी गतिविधियों में शामिल है। इसके पहले, शुक्रवार को पहलगाम हमले में शामिल दो अन्य आतंकियों, आसिफ अहमद शेख (त्राल) और आदिल ठोकर (बिजबेहरा) के घरों को भी तोड़ा गया था।

पहलगाम आतंकी हमले पर पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि आतंकियों, उनके समर्थकों और प्रायोजकों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसके बारे में उन्होंने सोचा भी नहीं होगा।

बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक सभा



को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था- आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी के साथ सुरक्षा समीक्षा की और सुरक्षा बलों को निर्देश दिया कि 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी में निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वालों को पकड़ने के लिए हर जरूरी बल का उपयोग करें। पिछले छह दिनों से ड्रोन, हेलीकॉप्टर और अन्य तकनीकों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकी कश्मीरी पंडितों और घाटी में काम करने वाले गैर-स्थानीय लोगों को टारगेट कर सकते हैं।

### पाक में सिंधु नहर परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन तेज, प्रदर्शनकारी बोले

## प्रोजेक्ट रद्द होने तक जारी रहेगा धरना

- सिंधु नदी पर प्रस्तावित छह नहरों के निर्माण के विरुद्ध दिया जा रहा धरना
- प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों समेत दो लाख से ज्यादा लोग शामिल

**सिंध (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में केंद्रीय सरकार की सिंधु नदी पर छह नई नहरें बनाने की परियोजना के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन और तेज हो गया है। वकील, राजनीतिक दल और कई नागरिक संगठनों ने खैरपुर जिले के बाबरलोई बाइपास पर पिछले हफ्ते से धरना जारी रखा है।

### प्रदर्शन के कारण प्रभावित हुई है आपूर्ति व्यवस्था

प्रदर्शन के कारण देश की आपूर्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट गुड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक गुज्जर ने बताया कि सक्कुर-लरकाना और बहावलपुर के आसपास 10,000 से 15,000 ट्रक, कंटेनर, और तेल टैंकर सड़क जाम होने के कारण फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सक्कुर-लरकाना क्षेत्र से बहावलपुर तक माल की आवाजाही पूरी तरह ठप है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को ब्लॉक कर रखा है, जिससे व्यापार और परिवहन पर भारी असर पड़ा है।

प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा है कि जब तक सरकार इस परियोजना को पूरी तरह रद्द नहीं करती, वे धरना खत्म नहीं करेंगे। आंदोलनकारियों के मुताबिक, इस प्रदर्शन में दो लाख से ज्यादा लोग शामिल हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह विरोध सिंधु नदी पर प्रस्तावित छह नहरों के निर्माण के विरुद्ध है। सिंध की जनता इसे अपनी आजीविका और पर्यावरण के लिए खतरा मानती है। बाबरलोई में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन (केबीए) के अध्यक्ष आमिर नवाज वाराइच ने पुलिस को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, अगर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को परेशान किया या कोई कदम उठाया, तो पूरा सिंध बंद हो जाएगा और इसके लिए पुलिस जिम्मेदार होगी।

वाराइच ने कहा कि धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक परियोजना रद्द करने की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती। उन्होंने केंद्र सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है कि वह परियोजना रद्द करने की अधिसूचना जारी करे। वाराइच ने कहा, अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हम रोहरी में रेलवे ट्रैक जाम कर देंगे।

जमीअत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) सिंध के नेता अल्लामा राशिद महमूद सूमरो ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने गुरुवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस बयान को खारिज कर दिया।

## एपस्टीन मामले में आरोप लगाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 वर्ष की आयु में आत्महत्या की

**कैनबरा (आईएएनएस)।** जेफरी एपस्टीन के शोषण और तस्करी नेटवर्क को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वर्जीनिया गिफ्रे ने 41 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली। उनके परिवार ने शुक्रवार को पुष्टि की कि उनका निधन ऑस्ट्रेलिया के नीर्गेबी में हुआ। गिफ्रे ने साहस के साथ एप्सटीन और उनके प्रभावशाली सहयोगियों के खिलाफ आरोप लगाए। उन्होंने यौन शोषण और तस्करी से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और न्याय की लड़ाई लड़ी। अंत में उन्होंने ऐसे लोगों को सजा दिलाई। फ्लोरिडा में जन्मीं और पली-बढ़ीं गिफ्रे को बचपन में ही एक पारिवारिक परिचित से यौन शोषण का सामना करना पड़ा। इन शुरुआती आघातों ने उनकी किशोरावस्था को बहुत प्रभावित किया। वह बेघर भी हो गईं। इसी दौर में उनकी मुलाकात एप्सटीन की करीबी सहयोगी घिसलीन मैक्सवेल से हुई। 1999 से 2002 के बीच, यह आरोप लगाया गया है कि एप्स्टीन ने गिफ्रे को कई बड़े लोगों के पास गलत कामों के लिए भेजा था। उसने जिन लोगों के नाम लिए, उनमें ब्रिटेन के प्रिंस एंड्र्यू और फ्रांस के मॉडलिंग एजेंट जीन-ल्यूक ब्रनेल शामिल थे।



### कहानी फिल्म जगत की

## एआर रहमान पर लगा 'शिव स्तुति' धुन चोरी का आरोप, 2 करोड़ का जुर्माना, कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'पोन्नियन सेलवन 2' के गाने 'वीरा राजा वीरा' से जुड़ा है। कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है। पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि 'वीरा राजा वीरा' गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज 'शिव स्तुति' से कॉपी की गई है। उन्होंने दावा किया कि बेशक गाने के बोल अलग हैं, लेकिन इस गाने की लय और बीट्स 'शिव स्तुति' से बिलकुल मिलती है और इसका श्रेय उनके परिवार को नहीं दिया गया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना कि गाना 'शिव स्तुति' की पूरी तरह नकल है। बस कुछ मामूली बदलाव किए गए हैं। रहमान और निर्माता कंपनी ने उनके काम को कोई श्रेय नहीं दिया।



कोर्ट ने साफ कर दिया कि डागर के काम को बिना उचित श्रेय के इस्तेमाल करना कॉपीराइट उल्लंघन है। कोर्ट ने 2 करोड़ का जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया है कि गाने में साफतौर से लिखा जाए कि यह दिवंगत उस्ताद नासिर फैयाजुद्दीन डागर और उस्ताद नासिर जाहिरुद्दीन डागर की 'शिवा स्तुति' पर आधारित रचना है। इसे सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन माध्यमों पर अपडेट किया जाए। यही नहीं, डागर परिवार को भी दो लाख रुपये का हर्जाना देना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मूल रचनाएं कॉपीराइट कानून के तहत संरक्षित हैं। अगर कोई रचना संगीतकार की अपनी है तो उसे पूर्ण कानूनी अधिकार मिलेगा। वहीं एआर रहमान ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने तर्क दिया कि 'वीरा राजा वीरा' गाना एक मौलिक रचना है।




## कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना हरकतः अब्दुल

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया की बैठक में दहशतगर्दों के जरिए कश्मीर के पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की नृशंस हत्या की घटना की एक स्वर में निन्दा की गई। अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों व सभी सदस्यों ने आतंकी हमले पर गंभीर चिंता जताई। इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि इस तरह की आतंकी घटनाओं का उद्देश्य देश में रहने वाले हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सौहार्द को बिगाड़ना है। उन्होंने मांग की कि भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि सरकार आतंकी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो। उन्होंने सरकार से इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को न बख्शने का आग्रह किया। बैठक में नाइब सदर हाजी नईम खान, सैयद आरीफ हुसैन, कोषाध्यक्ष फिरोज शाह, सहसचिव अल्ताफ कुरैशी, अनवर अंसारी, फारूक कुरैशी, सारफुल अंसारी, सरफुद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, रूस्तम अंसारी, दानिश अली, वासिफ कय्यूम, यासीन कुरैशी, सरवर खान, सरफुल अंसारी, सफरूद्दीन खलीफा, इरशाद आलम, अली रहमान कुरैशी, इकरामुल अंसारी, समेत सभी पदाधिकारी व मेंबर्स मौजूद थे।

## सिसई थाना ने नहीं लिया दुष्कर्म का केस पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**गुमला।** गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र में इंसाफ की तलाश में भटक रही एक नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने थाना द्वारा केस लेने से इनकार किए जाने पर आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि जब वह बार-बार न्याय की गुहार लेकर थाना पहुँची, तो पुलिस ने उसे झिड़क कर भगा दिया और दोबारा न आने की चेतावनी तक दी। थाना की बेरुखी से आहत होकर पीड़िता ने अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि समय रहते परिवार वालों ने उसे बचा लिया और हिम्मत दी। इसके बाद पीड़िता ने गुमला एसपी से मिलकर अपनी आपबीती बताई और ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म की घटना उस वक्त हुई थी जब वह मात्र 17 वर्ष की थी और गर्भवती हो गई थी। अब उसकी उम्र 18 साल हो चुकी है, लेकिन उसे अब भी न्याय नहीं मिला है। पीड़िता का कहना है कि जब तक दोषियों और केस नहीं लेने वाली पुलिस पर कार्रवाई नहीं होती, वह चुप नहीं बैठेगी और अपनी लड़ाई खुद लड़ेगी। इस संबंध मे एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यदि थाना स्तर पर कोई लापरवाही हुई है तो उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पीड़िता को हरसंभव न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में दिया निवेश...**

खनिज संपदा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। राज्य कोयला, लोहा, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वाट्र्जाइट, मैंगनीज, यूरेनियम, चाइना क्ले, ग्रेफाइट, सोपस्टोन, फायर क्ले, फॉस्फोराइट, एपेटाइट, क्वाट्र्ज, फेल्ड्सपार, सोना और पाइरोक्सीनाइट जैसे अनेकों बहुमूल्य खनिजों से परिपूर्ण है। निवेशकों को बताया गया कि झारखंड को कोकिंग कोल का एकमात्र उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। इसके अलावा राज्य देश में कोयला भंडार में दूसरा, लौह अयस्क में दूसरा, तांबा अयस्क में तीसरा और बॉक्साइट में सातवां स्थान रखता है। इन सभी तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि झारखंड देश के खनिज मानचित्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों में खनिज संसाधनों का व्यापक वितरण है। राज्य के कई जिलों में खनिजों का व्यापक भंडार मौजूद है। इससे राज्य को न केवल खनिज उत्पादन में बढ़त मिलती है, बल्कि उद्योगों के लिए भी बड़े अवसर उपलब्ध होते हैं।

**आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर'...**

सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है। इस संगठन के प्रतिबंधित होने के बाद यह देश का पहला आपराधिक कांड है। झारखंड एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हिज्ब उत तहरीर, अलकायदा अकीस (अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट), आईएसआईएस और कुछ अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कुछ व्यक्ति राज्य के अन्य युवकों को अपने नेटवर्क से जोड़कर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए गुमराह कर रहे हैं। साथ ही, ये धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त हैं।एटीएस के अनुसार, यह बात भी प्रकाश में आई कि इन संगठनों से संबंधित व्यक्तियों के जरिए धनबाद जिला में अवैध आर्म्स के व्यापार के साथ-साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक महिला सहित चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों के पास से दो पिस्टल, 12 कारतूस, कई इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप के साथ-साथ भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज और किताबें बरामद किए गए हैं। इस संबंध में एटीएस, रांची में आपराधिक कांड दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सरकार युवाओं के लिए रोजगार के...**

सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों से जुड़े जनसमूह को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना है। इससे ना केवल देश के लाखों छोटे उद्योंगो और लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा। इस आयोजन के केंद्र में देश के युवा क्रिएटर्स हैं।

**युवा भागीदार बनता है...**

पर अब देश की आर्थिक मजबूती की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब युवा देश निर्माण में भागीदार बनता है, तो राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ता है। उन्होंने सभी नवनियुक्त युवाओं से राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करने की बात कही। सेठ ने कहा आप सभी युवा भारत के धरोहर हैं। आप सभी भारत के 2047 के विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर हैं।

**जमीन ऑनलाइन रिकार्ड...**

कोड की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। सरकार को कम से कम आदिवासी कोड अवश्य देना चाहिए। एलएम उरांव सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर एलएम उरांव ने कहा कि झारखंड में आरक्षण रोस्टर की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों की भी अवहेलना हो रही है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भी मामले में कुछ नहीं कर रहा है। रिम्स रांची, सभी विश्वविद्यालय और सरकारी विभागों में आरक्षण रोस्टर संबंधी प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के 23 प्रावधानों को यथावत लागू किया जाए। सरकारी पदों पर आरक्षण लागू करने के बजाए राज्य सरकार अनुबंध और आउटसोर्सिंग के माध्यम से युवाओं का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि एसएआर कोर्ट में हजारों मामले लंबित हैं और अनेक मामलों में रैयतों को अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए दौड़ लगानी पड़ रही है, जिस कारण डुमरी विधायक जयराम महतो ने अपनी अगवानी में दखल-देहानी करवाई। पड़हा समन्वय समिति के अध्यक्ष राणा प्रताप उरांव ने कहा कि सभी सरकारें झारखंड के आदिवासियों को प्राकृतिक न्याय से वंचित करती आ रही हैं और षड्यंत्र के तहत आदिवासियों को उनकी जमीन पर ऋण नहीं दिया जा रहा है, जिससे औने-पौने अपनी जमीन बेचने को मजबूर है।

**पहलगाम आतंकी हमला मामले में...**

ट्रंप ने पहलगाम हमले के बाद यह बयान देकर अमेरिका से लेकर भारत तक में सनसनी मचा दी है कि 'मैं भारत और पाकिस्तान के करीब हूं... कश्मीर का मुद्दा एक हजार सालों से चल रहा है, शायद उससे भी ज्यादा... उस सीमा पर लगभग 1,500 सालों से तनाव है... वे इसे किसी न किसी तरह सुलझा लेंगे।' ट्रंप के इस बयान में आतंकवाद का कहर झेल चुके अमेरिका का पुराना इतिहास छिपा है और शायद उसी की पोल पट्टी खुल रही है, तो वह अपने पुराने दोस्त को कूटनीतिक लॉलीपॉप देने की कोशिश कर रहा है! लेकिन जब खुद पर पड़ता है, तो अमेरिका क्या करता है? ट्रंप उसी अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, जिसे 9/11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में गुपचुप तरीके से घुसकर मारना पड़ा।

## प्रपत्र VI 'क' समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)

**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 481/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 23.04.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–अरंगी, थाना नं0–237, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75** से मझिऑव **PWD** पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौड़ीकरण योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–अरंगी, थाना नं0–237, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–5.83700 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 68 | 266 | रैयती | – | 0.03800 | मंदीप महतो पिता मुन्द्रिका महतो | उ0–रास्ता, द0–मंदीप महतो जगदीश महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 2 | 68 | 290 | रैयती | – | 0.06000 | कौली देवी पति शालिक राम | उ0–नीज द0–नीज, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 3 | 60 | 293 | बकास्त | – | 0.05400 | शालिख राम पिता आला राम | उ0–शिवटहल राम, द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 4 | 82 | 297 | रैयती | – | 0.05000 | मंदीप महतो पिता मुन्द्रिका महतो | उ0–रास्ता, द0–मंदीप महतो,, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 5 | 82 | 297 | रैयती | – | | जगदीश महतो पिता मुन्द्रिका महतो | उ0–मंदीप महतो, द0–उपेन्द्र पासवान, पू0–रास्ता, प0–रास्ता, |
| 6 | 68 | 298 | रैयती | – | 0.01600 | रामशिष पासवान पिता शिवव्रत पासवान | उ0–उपेन्द्र पासवान, द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 7 | 68 | 298 | रैयती | – | | उपेन्द्र पासवान पिता शिवव्रत पासवान | उ0–संदीप महतो, द0–राम शिष पासवान, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 8 | 0 | 299 | | – | 0.00500 | – | उ0–298 द0–300 पू0–रास्ता, प0–295 |
| 9 | 83 | 300 | रैयती | – | 0.01600 | बली राम पिता राम चलितर राम | उ0–प्रभू राम,द0–अवधेश राम,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 10 | 83 | 300 | रैयती | – | | प्रभू राम पिता राम लगन राम | उ0–रामाशिष पासवान द0–बली राम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 11 | 83 | 302 | रैयती | – | 0.03000 | अवधेश राम पिता राम चलितर राम | उ0–बली राम द0–दुखी राम गौतम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 12 | 83 | 302 | रैयती | – | | सुग्रीम राम गौतम पिता राम चलितर राम | उ0–अवधेश राम, द0–लक्ष्मी राम प0–रास्ता, पू0–नीज |
| 13 | 83 | 302 | रैयती | – | | लक्ष्मी राम पिता राम लगन राम | उ0–सुग्रीम कुमार गौतम द0–दिनानथ राम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 14 | 83 | 302 | रैयती | – | | दिनानाथ राम पिता रामलगन राम | उ0–मंदीप महतो, द0–उपेन्द्र पासवान, पू0–रास्ता, प0–रास्ता, |
| 15 | 60 | 306 | बकास्त | – | 0.03100 | जमुना बिन्द वगै0 पिता बिगन बिन्द | उ0–शिव पूजन बिन्द, द0–डोमनी देवी, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 16 | 60 | 306 | बकास्त | – | | सनमतिया कुँवर पति फकिरचन्द्र बिन्द | उ0–शिव पूजन बिन्द, द0–डोमनी देवी, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 17 | 60 | 310 | बकास्त | – | | डोमनी देवी पिता शिवपूजन बिन्द | उ0–चलितर राम, द0–सनमतिया कुवर, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 18 | 60 | 310 | बकास्त | – | | राजेन्द्र प्रसाद गौतम वगै0 पिता नान्हू राम | उ0–मोटा आर, द0–चलितर राम, पू0–नीत प0–रास्ता, |
| 19 | 60 | 310 | बकास्त | – | 0.05700 | चलितर राम पिता शिव टहल राम | उ0–राजेन्द्र प्र0 वगै0 द0–प्रभू राम, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 20 | 60 | 310 | बकास्त | – | | प्रभू राम वगै0 पिता राम लगन राम | उ0–चलितर रामद0–रामपवन दास,पू0–नीजप0–रास्ता, |
| 21 | 60 | 310 | बकास्त | – | | राम पवन राम पिता शिवटहल साव | उ0–प्रभू राम, द0–डोमनी देवी, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 22 | 43 | 348 | रैयती | – | 0.02100 | मेनन कृष्ण महतो पिता हरी प्रसाद अन्य | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–पंचम... कुशवाहा, |
| 23 | 41 | 350 | बकास्त | – | 0.03300 | इनद्रदेव महतो वगै0 पिता माधव महतो | उ0–मंदीप महतो, द0–उपेन्द्र पासवान, पू0–रास्ता, प0–रास्ता, |
| 24 | 41 | 350 | बकास्त | – | | जितेन्द्र प्रसाद वगै0 पिता शम्भू मेहता | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 25 | 60 | 351 | बकास्त | – | 0.09300 | अकलू राम पिता छड्डु भुईयाँ | उ0–प्लॉट सं0–350 द0–मंदीप महतो वगै0, पू0–विकास सिंह कुशवाहा, प0–रास्ता, |
| 26 | 60 | 355 | बकास्त | – | 0.01000 | मंदीप महतो वगै0 पिता मुन्द्रिका महतो | उ0–अकलू राम, द0–जगदीश महतो, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 27 | 134 | 356 | आम रास्ता | – | 0.17200 | रास्ता +जगदेव प्र0 जी का आदमकद प्रतिमा चौक | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 28 | 40 | 357 | गै0मा0 | – | 0.01200 | गंगा महतो वगैरह पिता छठन महतो | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 29 | 16 | 358 | बकास्त | – | | सुरेन्द्र महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–बैजनाथ महतो, द0–दितकरण महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 30 | 16 | 358 | बकास्त | – | | तारकेश प्रसाद पिता मोती महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–इफकेत प्रसाद, प0–नीज, |
| 31 | 16 | 358 | बकास्त | – | 0.07000 | अर्जुन प्रसाद वगै0 पिता मोती महतो | उ0–नीज,द0–रास्त,पू0–तारकेश्वर,प0–प्लॉट सं0 357, |
| 32 | 16 | 358 | बकास्त | – | | इफकेतु प्रसाद पिता हरि महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–दित्यकरण कुशवाहा, प0–मोती महतो |
| 33 | 16 | 358 | बकास्त | – | | दित्यकरण कुशवाहा पिता हरि महतो | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–इफकेतू प्रसाद, |
| 34 | 56 | 386 | रैयती | – | 0.00100 | रामचन्द्र तिवारी पिता बेलास तिवारी | उ0–रास्ता, द0–नीज, पू0–पारसनाथ, प0–रास्ता, |
| 35 | 41 | 387 | बकास्त | – | 0.02200 | विकास सिंह कुशवाहा पिता नकछेदी मेहता | उ0–रास्ता नीज, द0–नीज, पू0–विकास सिंह, प0–प्लॉट 386, |
| 36 | 41 | 387 | बकास्त | – | | पारस नाथ सिंह कुशवाहा पिता नकछेदी महतो | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–विकास सिंह, प0–प्लॉट सं0 386, |
| 37 | 48 | 388 | रैयती | – | 0.00100 | अंगद कुमार वगै0 पिता जगरनाथ प्रजापति | उ0–रास्ता, द0–नीज, पू0–बिमलेश प्रजापति, प0–बिकास सिंह कुशवाहा, |
| 38 | 48 | 388 | रैयती | – | | बिमलेश प्रजापति पिता यदूनाथ प्रजापति | उ0–रास्त द0–नीज, पू0–विकास सिंह कुशवाहा, प0–अंगद कुमार प्रजापति, |
| 39 | 41 | 395 | बकास्त | – | 0.00100 | विकाश सिंह पिता नकछेदी महतो | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–,बैजनाथ महतो प0–,विमलेश सिंह |
| 40 | 41 | 399 | बकास्त | – | 0.06900 | बैजनाथ महतो पिता स्व0 जगत महतो | उ0–रास्ता, द0–नीज, पू0–सुमित्रा देवी, प0–विकाश महतो, |
| 41 | 41 | 399 | बकास्त | – | | सुमित्रा देवी पति बैजनाथ महतो | उ0–रास्ता, द0–नीज, पू0–बैजनाथ महतो, प0–बिकास सिंह कुशवाहा, |
| 42 | 41 | 400 | बकास्त | – | 0.01700 | सुमित्रा देवी पति बैजनाथ महतो | उ0–रास्तादद0–नीज,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 43 | 41 | 401 | बकास्त | – | | सुगन्ध प्रजापति पिता मुखदेव प्रजापति | उ0–यशवंत प्रजापति, द0–बैजनाथ महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 44 | 41 | 401 | बकास्त | – | 0.04800 | यशवंत प्रजापति पिता मुखदेव प्रजापति | उ0–बैजनाथ, द0–नकछेदी महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 45 | 41 | 401 | बकास्त | – | | बैजनाथ महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–रास्ता, द0–यशवंत प्रजापति, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 46 | 54 | 402 | रैयती | – | 0.00200 | जगत महतो पिता गोलट कोईरी | उ0–मुखदेव प्रसाद द0–राम स्वराथ पू0–,रास्ता प0–,नीज |
| 47 | 45 | 404 | रैयती | – | | रामस्वरूप महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–मंदीप महतो, द0–उपेन्द्र पासवान, पू0–रास्ता, प0–रास्ता, |
| 48 | 45 | 404 | रैयती | – | 0.03500 | नारद महतो वगै0 पिता हरिनारायण महतो राम लखन प्रसाद | उ0–रामनरेश प्रसा0 कुशवाहा, द0–मोटा आर पू0–रास्ता, प0–रास्ता, |
| 49 | 45 | 404 | रैयती | – | | राम नरेश प्रसाद कुशवाहा पिता नकछेदी महतो | उ0–बिरेन्द्र कुशवाहा, द0–नीज पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 50 | 16 | 416 | बकास्त | – | 0.04900 | पारस नाथ सिंह कुशवाहा वगै0 पिता नकछेदी महतो, गंगा महतो वगै0 | उ0–बॉध द0–रास्ता एवं 417 पू0–रास्ता प0–नीज |
| 51 | 40 | 417 | गै0म0 | – | 0.01600 | मंगल महतो वगै0 पिता नकछेदी महतो | उ0–प्लॉट सं0 416, द0–रास्ता, पू0–रास्ता, प0–प्लॉट सं0 416, |
| 52 | 45 | 404 | रैयती | – | | बिरेन्द्र कुमार पिता राजबली मेहता | उ0–रामस्वरूप मेहता द0–राम नरेश मेहता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 53 | 40 | 418 | गै0म0 | – | 0.01600 | बैजनाथ महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–रास्तादद0–सुरेन्द्र महतो,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 54 | 34 | 420 | रैयती | – | 0.04700 | राजेन्द्र कुमार गौतम पिता नान्हू राम, राम पवन राम पिता शिवटहल राम | उ0–अशोक मेहता द0–राम पवन राम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 55 | 34 | 421 | रैयती | – | 0.02100 | राम पवन राम पिता शिवटहल साव | उ0–नीज द0–राम स्वरूप महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 56 | 16 | 423 | बकास्त | – | 0.02700 | उदय महतो वगै0 पिता नकछेदी महतो | उ0–राम पवन राम, द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 57 | 40 | 424 | गै0म0 | – | 0.01000 | उदय महतो वगै0 पिता नकछेदी महतो | उ0–नीज, द0–मंगल महतो पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 58 | 40 | 427 | गै0म0 | – | 0.02000 | मंगल महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–उदय महतो वे राम स्वरूप महतो, द0–मंगल महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 59 | 133 | 428 | गै0म0 | – | 0.02100 | मुस्लिम अंसारी पिता मुमताज अंसारी | उ0–मंगल महतो, द0–रास्ता, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 60 | 16 | 437 | बकास्त | – | 0.13900 | गंगा महतो वगैरह पिता छइन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–मोती महतो, प0–शत्रुधन महतो, |
| 61 | 40 | 427 | गै0मा0 | – | 0.00000 | सुरेन्द्र महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–मंगल मेहता द0–मुस्लिम पू0–,नीज प0–,रास्ता |
| 62 | 16 | 437 | बकास्त | – | | सुष्मा देवी पति कदूल बिन्द | उ0–कृष्णा बिन्द, द0–लव कुमार महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 63 | 16 | 437 | बकास्त | – | | कृष्णा बिन्द पिता चनर बिन्द | उ0–बिगन बिन्द, द0–सुष्मा बिन्द, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 64 | 16 | 437 | बकास्त | – | | बिगन बिन्द पिता चनर बिन्द | उ0–लव कुमार,द0–कृष्णा बिन्दपू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 65 | 16 | 437 | बकास्त | – | 0.00000 | लव कुमार पिता मंगल महतो | उ0–बैजनाथ महतो, द0–बिगन बिन्द पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 66 | 16 | 437 | बकास्त | – | | सुमित्रा देवी पति बैजनाथ महतो | उ0–शिव कुमार, कुशवाहा द0–रास्ता, पू0–जितेन्द्र प्रसाद वगै0, प0–महाबीर राम, |
| 67 | 16 | 437 | बकास्त | – | | अशोक महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–जागबली महतो,, द0–राजेन्द्र कु0 गौतम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 68 | 16 | 437 | बकास्त | – | | राजबली महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–राम नरेश महतो, द0–अशोक महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 69 | 16 | 437 | बकास्त | – | 0.00000 | राम नरेश महतो पिता नकछेदी महतो | उ0–बैजनाथ महतो द0–राजबली महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 70 | 16 | 437 | बकास्त | – | | बैजनाथ महतो पिता पिता नकछेदी महतो | उ0–मंगल महतो, द0–राम नरेश महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 71 | 16 | 437 | बकास्त | – | | बचन कुमार पिता मंगल महतो | उ0–लव कुमार द0–बैजनाथ महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 72 | 16 | 437 | बकास्त | – | | लव कुमार पिता मंगल महतो | उ0–सूनिल बिन्द, द0–बचन कुमार पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 73 | 20 | 451 | रैयती | – | 0.00700 | बैजनाथ महतो पिता जगत महतो | उ0–नहर, द0–एस0, पू0–जितेन्द्र प्रसाद वगै0, प0–महाबीर राम, |
| 74 | 45 | 453 | रैयती | – | 0.02900 | महाबीर राम पिता जोखन राम | उ0–निज, द0–रास्ता, पू0–इन्द्रदेव महतो वगै0, प0–रघुविर प्रसाद, |
| 75 | 45 | 453 | रैयती | – | | रघुबीर प्रसाद पिता जोखन राम | उ0–निजद0–रास्ता,पू0–महाबीर राम,प0–इन्द्रदेव महतो वगै0, |
| 76 | 41 | 455 | बकास्त | – | 0.00800 | जितेन्द्र प्रसाद पिता शम्भू प्रसाद सिंह | उ0–नहर द0–रास्ता, पू0–बैजनाथ महतो, प0–452 प्लॉट |
| 77 | 41 | 472 | बकास्त | – | 0.01600 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 78 | 44 | 473 | रैयती | – | 0.01700 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 79 | 57 | 474 | रैयती | – | 0.12300 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 80 | 44 | 475 | रैयती | – | 0.12000 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 81 | 54 | 476 | रैयती | – | 0.07100 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 82 | 54 | 478 | रैयती | – | 0.02400 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 83 | 41 | 481 | बकास्त | – | 0.05400 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 84 | 41 | 483 | बकास्त | – | | रामरूप महतो पिता स्व0 नरायण महतो | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–जितेन्द्र महतो, प0–शिला कुवर, |
| 85 | 41 | 483 | बकास्त | – | 0.03500 | शीला कुँवर | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रामरूप महतो, प0–नीज |
| 86 | 41 | 483 | बकास्त | – | | जितेन्द्र महतो | उ0–एस0 कुमार कुशवाहा,द0–बैजनाथ महतो,पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 87 | 41 | 484 | बकास्त | – | 0.02700 | रीना देवी पति राजू ठाकुर | उ0–पृथ्वी कुमार कुशवाहा, द0–नीज पू0–पृथ्वी कुमार एवं रीना देवी , प0–रास्ता, |
| 88 | 41 | 484 | बकास्त | – | | शिशु पाल कुशवाहा | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रीना देवी, प0–शीला कुँवर, |
| 89 | 41 | 484 | बकास्त | – | | शिला कुवंर पति स्व0 संतोष मेहता | उ0–राम रूप महतो, द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–पृथ्वी कुमार, |
| 90 | 41 | 490 | बकास्त | – | | धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह पिता शम्भू प्रसाद सिंह, जितेन्द्र प्रसाद | उ0–जितेन्द्र प्रसाद द0–पारसनाथ सिंह, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 91 | 41 | 490 | बकास्त | – | | बिरेन्द्र प्रसाद सिंह पिता शम्भू प्रसाद सिंह | उ0–सूर्यदेव महतो, द0–जितेन्द्र प्रसाद, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 92 | 41 | 490 | बकास्त | – | | सूर्यदेव महतो पिता माधव महतो | उ0–राजदेव महतो, द0–बिरेन्द्र मेहता, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 93 | 41 | 490 | बकास्त | – | | राजदेव कुमार पिता माधव महतो | उ0–रामदार मेहता द0–सूर्यदेव मेहता, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 94 | 41 | 490 | बकास्त | – | 0.38300 | रामधार मेहता व राज कुमार महतो पिता बैजनाथ महतो | उ0–सरजू साह,, द0–राजदेव कुमारा पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 95 | 41 | 490 | बकास्त | – | | प्रेमा देवी पति प्रदीप कु0गुप्ता | उ0–रेलवे द0–बैजनाथ महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 96 | 41 | 490 | बकास्त | – | | चन्द्रदेव महतो वगै0 पिता माधव महतो | उ0–पारस महतो, द0–विकास सिंह कुशवाहा, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 97 | 41 | 490 | बकास्त | – | | पारस नाथ सिंह कुशवाहा पिता नकछेदी महतो | उ0–धमेन्द्र प्रसाद सिंहद0–ब्रहम्देव महतोपू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 98 | 41 | 490 | बकास्त | – | | सदन कुमार प्रजापति पिता लक्ष्मण प्रजापति | उ0–नहर द0–नीज पू0–,नीज प0–,रास्ता |
| 99 | 41 | 490 | बकास्त | – | | विकाश सिंह कुशवाहा पिता स्व0 नकछेदी महतो | उ0–चन्द्रदेव मेहता द0–नहर पू0–,नीज प0–,रास्ता |
| 100 | 41 | 491 | बकास्त | – | 0.04100 | इन्द्रदेव महतो पिता माध्व महतो | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–महाविर चन्द, प0–विकाश सिंह |
| 101 | 1 | 494 | बकास्त | – | | विकास सिंह कुशवाहा वगै0 पिता नकछेदी मेहता | उ0–निज, द0–रास्ता, पू0–इन्द्रदेव महतो, प0–अनुरूध महतो, |
| 102 | 59 | 492 | गै0म0 | – | | प्रवेश प्रजापति पिता रामदेव प्रजापति | उ0–मदन प्रजापति द0–अनुरूध महतो, पू0–निज, प0–रास्ता, |
| 103 | 59 | 492 | गै0मा0 | – | 0.05000 | सदन कुमार प्रजापति पिता लक्ष्मण प्रजापति | उ0–नीज द0–प्रवेश प्रसाद, पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 104 | 59 | 492 | गै0मा0 | – | | अनुरूध महतो पिता _ | उ0–प्रवेश प्रजापति, द0–रास्ता, पू0–विकास सिंह, प0–रास्ता, |
| 105 | 1 | 498 | बकास्त | – | | सुरेन्द्र मेहता पिता जितन महतो | उ0–उपेन्द्र मेहता द0–महेन्द्र मेहता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 106 | 1 | 498 | बकास्त | – | 0.02400 | उपेन्द मेहता पिता जितन महतो | उ0–रामाशिष कुशवाहा, द0–सुरेन्द्र मेहता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 107 | 1 | 498 | बकास्त | – | | रामाशिष प्रसाद कुशवाहा वगै0 पिता जितन महतो | उ0–एस0 कुमार कुशवाहा, द0–बैजनाथ महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 108 | 1 | 499 | बकास्त | – | | रामाशिष प्रसाद कुशवाहा पिता जितन महतो | उ0–उपेन्द्र मेहतो,द0–नीज,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 109 | 1 | 499 | बकास्त | – | 0.03800 | उपेन्द्र मेहता पिता जितन महतो | उ0–नहर, द0–रामाशिष कुशवाहा, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 110 | 59 | 492 | गै0मा0 | – | | विकाश सिंह कुशवाहा पिता स्व0 नकछेदी महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नीज प0–अनीरूध महतो, |
| 111 | 15 | 501 | गै0मा0 | – | 0.00400 | लालधारी प्रजापति पिता रामदेव प्रजापति | उ0–उमेश्वर महतो द0–नीज पू0–,रास्ता प0–,नीज |
| 112 | 1 | 502 | बकास्त | – | | उमेश्वर मेहता पिता दानेश्वर मेहता | उ0–यदू मेहता द0–लालधारी महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 113 | 1 | 502 | बकास्त | – | | यदु महतो पिता राम किशुन महतो | उ0–जितेन्द्र महतो द0–उमेश्वर महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 114 | 1 | 502 | बकास्त | – | | जितन महतो पिता राम किशुन महतो | उ0–दिलीप महतो, द0–युदू महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 115 | 1 | 502 | बकास्त | – | | राम गहन महतो पिता रामजित महतो | उ0–दिलीप महतो, द0–युदू महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 116 | 1 | 502 | बकास्त | – | | दिलीप महतो पिता रामजित महतो | उ0–रामगहन, द0–जितन महतो, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 117 | 1 | 502 | बकास्त | – | | महाबिर महतो पिता चतुरी अन्य | उ0–परशु महतो, द0–नहर, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 118 | 1 | 502 | बकास्त | – | 0.39400 | परशु महतो पिता चतुरी अन्य | उ0–लालधारी प्र0 द0–महाबीर महतो पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 119 | 1 | 502 | बकास्त | – | | लालधारी महतो पिता रामदेव महतो | उ0–उमेश्वर महतो,द0–महाबीर राम महतो,पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 120 | 1 | 502 | बकास्त | – | | गोपाल महतो पिता महादेव महतो | उ0–संतोष मेहता, द0–रामगहन, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 121 | 1 | 502 | बकास्त | – | | संतोष कुमार पिता बिनोद महतो | उ0–पंचम कुशवाहा, द0–गोपाल महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 122 | 1 | 502 | बकास्त | – | | शिशुपाल मेहता वगै0 पिता हरि प्रसाद मेहता | उ0–रास्ता द0–संतोष मेहता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 123 | 1 | 502 | बकास्त | – | | शिशुपाल कुशवाहा पिता हरि प्रसाद मेहता | उ0–रेलवे द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 124 | 1 | 502 | बकास्त | – | | मेनन कृष्ण महतो पिता हरी प्रसाद | उ0–शिशु पाल कुशवाहा द0–संतोष मेहता, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 125 | 15 | 518 | गै0मा0 | – | 0.15100 | रेलवे | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 126 | 59 | 529 | गै0म0 | – | 0.13500 | विकास सिंह कुशवाहा वगै0 पिता नकछेदी मेहता | उ0–देवबली, द0–विकास सिंह, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 127 | 1 | 544 | बकास्त | – | 0.01300 | दित्यकरण मेहता वगै0 पिता स्व0 हरि महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–,छइन महतो प0–,नीज |
| 128 | 1 | 547 | बकास्त | – | 0.02300 | यदु महतो वगै0 पिता स्व0 राम किशुन महतो | उ0–नीज द0–नीज पू0–,रास्ता प0–,नीज |
| 129 | 1 | 548 | बकास्त | – | 0.02900 | यदू महतो पिता स्व0 राम किशुन महतो | उ0–नीज द0–नीज पू0–,रास्ता प0–,नीज |
| 130 | 132 | 564 | गै0मा0 | – | 0.89000 | अवधेश महतो वगै0 पिता स्व0 रामपृत महतो | उ0–नीजद0–नीज पू0–,रास्ताप0–,नीज |
| 131 | 126 | 566 | बकास्त | – | 0.13500 | अवधेश महतो वगै0 पिता स्व0 रामपृत महतो | उ0–नीज द0–नीज पू0–,नीज प0–,रास्ता |
| 132 | 51 | 567 | गै0मा0 | – | 0.03200 | नाला | उ0–बिकताम शिवाना द0–अवधेश महतो पू0–,नाला प0–,रास्ता |
| 133 | 126 | 571 | बकास्त | – | 0.02500 | अवधेश महतो पिता स्व0 राम पृत महतो | उ0–नीज द0–561 पू0–,रास्ता प0–,रास्ता |
| 134 | 133 | 572 | गै0म0 | – | 0.21800 | मंगल महतो वगै0 पिता नकछेदी महतो | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 135 | 16 | 575 | बकास्त | – | | कंचन महतो | उ0–दित्यकारण, द0–कंचन, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 136 | 16 | 575 | बकास्त | – | | मेनन कृष्ण महतो पिता हरी प्रसाद | उ0–कंचन द0–सुनिता देवी पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 137 | 16 | 575 | बकास्त | – | 0.60200 | युगल किशोर प्रसाद पिता मोती महतो | उ0–एस0 कुमार कुशवाहा, द0–बैजनाथ महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 138 | 16 | 575 | बकास्त | – | | अर्जुन प्रसाद पिता मोती महतो | उ0–एस0 कुमार कुशवाहा, द0–बैजनाथ महतो, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 139 | 16 | 575 | बकास्त | – | | प्रहलाद प्रसाद मोती महतो | उ0–प्रहदाल, द0–देवबली पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 140 | 40 | 576 | गै0मा0 | – | 0.02400 | अनिल कुमार महतो पिता स्व0 छइन महतो | उ0–युगल किशोर द0–धमेन्द्र प्रसाद पू0–,रास्ता प0–,नीज |
| 141 | 16 | 575 | बकास्त | – | | पारस नाथ सिंह कुशवाहा पिता नकछेदी महतो, व गंगा महतो | उ0– द0– पू0–नीज प0–,रास्ता |
| 142 | 16 | 577 | बकास्त | – | | देवबली महतो, गंग महतो राम्भा कँवार | उ0–अनिल मे0 द0–गंगा मेहता पू0–नीज, प0–रास्तारास्ता, |
| 143 | 16 | 577 | बकास्त | – | | गंगा महतो पिता स्व0 छइन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–,अनिल मेहता प0–,कंचल मेहता |
| 144 | 16 | 577 | बकास्त | – | | अनिल कुमार महतो पिता स्व0 छइन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–प्लॉट सं0 579, प0–रास्ता, |
| 145 | 16 | 577 | बकास्त | – | 0.22000 | रंभा कुवंर पति स्व0 सुनिल मेहता | उ0–गंगा महतो द0–कंचन महतो पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 146 | 16 | 577 | बकास्त | – | | कंचन मेहता पिता स्व0 छइन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 147 | 16 | 577 | बकास्त | – | | कंचन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–देवबली महतो प0–अनिल महतो |
| 148 | 16 | 577 | बकास्त | – | | देवबली महतो पिता स्व0 छइन महतो | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–रंभा कुवर प0–कंचन महतो |
| 149 | 16 | 577 | बकास्त | – | | रंभा कुवंर पति स्व0 सुनिल मेहता | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–579 प0–कंचन महतो |
| 150 | 16 | 577 | बकास्त | – | | गंगा महतो पिता स्व0 छठन महतो | उ0–देवबली द0–रंभा कुवर पू0–,नीज प0–,रास्ता |
| 151 | 40 | 578 | गै0मा0 | – | 0.15800 | रोड | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| 152 | 40 | 579 | गै0म0 | – | 0.32300 | गंगा महतो वगै0 पिता छइन महतो | उ0–नीज,द0–रास्तापू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 153 | 40 | 579 | गै0मा0 | – | 0.00000 | राम रूप महतो वो शिव शंकर महतो पिता नारायण महतो | उ0–नीज, द0–प्लॉट सं0 577, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 154 | _ | 783 | – | – | 0.06400 | अज्ञात | उ0– द0– पू0–, प0–, |
| | | | | कुल :– | 5.83700 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा।

अपर समाहर्त्ता, गढ़वा।

उपायुक्त, गढ़वा।

PR 351099 Land Reforms(25-26)D

## एक नजर

### ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड।** चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में रूस की अनस्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ 64 में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूनार्मेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग वाली पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा।
सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग की मुख्य समस्या उनकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 40 प्रतिशत अंक ही जीत पाईं, जबकि पोटापोवा ने बहुत अधिक निरंतरता दिखाई, उन्होंने पहले सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा।
झेंग ने तब निर्णायक मोड़ पाया जब उसने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी। हालांकि, पोटापोवा ने 10वें गेम में फिर से झेंग की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।

### आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है: रिंकू सिंह



**नई दिल्ली।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूनार्मेंट में 300 रन बनना भी संभव है।
आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरूआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूनार्मेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है।

### भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 43 पदक पक्के किए



**अम्मान।** टीम इंडिया ने विश्व मुक्केबाजी के तहत नव मान्यता प्राप्त एशियाई मुक्केबाजी निकाय द्वारा आयोजित उद्घाटन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 43 पदक पक्के किए हैं, जिसमें 7वें दिन चार और मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।
भारत ने अब अंडर-15 श्रेणी में कम से कम 25 पदक और अंडर-17 में 18 पदक पक्के कर लिए हैं, क्योंकि सभी सेमीफाइनलिस्ट के कांस्य पदक पक्के हैं। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के वर्ग में बढ़त बनाई, दोनों ने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के आखिरी सेट में क्रमशः फिलीपींस और जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) जीत हासिल की।]

## एमएस धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी



एजेंसी

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार के बाद, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दावा किया कि चेन्नई सुपर किंग्स ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम ने कई समस्याओं का सामना किया है, लेकिन शायद उनमें से सबसे बड़ी समस्या उनका लगातार कम स्कोर है।
पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे, मिड-सीजन में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस और दीपक हुड्डा द्वारा देर से किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज फिर से लड़खड़ा गए और केवल 154 रन ही बना पाए। दूसरे हाफ में कुछ पल के लिए खेल को अपने पक्ष में करने के बावजूद, यह स्कोर बहुत कम साबित हुआ और उन्हें लगातार चौथी बार घरेलू हार का सामना करना पड़ा।
एमएस धोनी ने मैच के बाद कहा, इस तरह के टूनार्मेंट में, अगर आपके पास एक या दो क्षेत्र हैं जहां आप कमियों को दूर कर सकते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन अगर आपके अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है, क्योंकि आपको कुछ बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन अगर अधिकांश अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो आप उन खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच खेलने देते हैं और अगर यह काम नहीं करता है तो आप अगले मैच में चले जाते हैं, लेकिन अगर उनमें से 4 एक ही समय में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो आपको बदलाव करने ही होंगे, क्योंकि आप सिर्फ इसलिए नहीं खेल सकते क्योंकि हम बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बना पा रहे हैं, क्योंकि यह अभी जरूरी है, खेल बदल गया है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह हमेशा 180-200 होता है, लेकिन परिस्थितियों का आकलन करें और फिर बोर्ड पर रन बनाने की कोशिश करें।

## वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में चरनी के प्रदर्शन पर रहेगी नजर : हरमनप्रीत कौर



**कोलंबो।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में कैसा प्रदर्शन करती हैं, जहां टीम रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगी। आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले से आने वाली चरनी ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए दो मैचों में चार विकेट लेकर ध्यान आकर्षित किया, जहां रन फ्लो को नियंत्रित करने और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को चकमा देने की उनकी क्षमता सबसे अलग थी। बाद में उन्होंने देहरादून में सीनियर महिला मल्टी-डे चैलेंजर ट्रॉफी के तीन मैचों में नौ विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया।

## डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले आईपीएल 2025 के एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में जब आमने-सामने होंगे, तो उत्साह और उम्मीद का माहौल रहेगा।
दोनों टीमें अच्छी स्थिति में हैं और यह इस बात से पता चलता है कि उनके पास 12-12 अंक हैं - हालांकि डीसी नेट रन रेट के आधार पर आरसीबी से आगे हैं और उनसे एक हार कम है। आरसीबी ने नई दिल्ली में डीसी के खिलाफ अपने दस मुकाबलों में से छह जीते हैं, दोनों टीमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने प्रदर्शन के मामले में सचमुच एक-दूसरे से बराबरी पर हैं।
क्रिकेट-21 के आंकड़ों के अनुसार, बैटिंग पावर-प्ले में आरसीबी का स्ट्राइक-रेट (161) और रन-रेट (9.7) डीसी (क्रमशः 155 और 9.3) से बेहतर है, जिसका श्रेय विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को जाता है जो शानदार फॉर्म में हैं। लेकिन जब बात मिडिल और डेथ ओवरों में बैटिंग की आती है, तो डीसी का पलड़ा भारी रहता है। केएल राहुल, अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा की दमदार बल्लेबाजी के साथ, डीसी का स्ट्राइक-रेट 152 और मिडिल ओवरों में रन-रेट 9.1 है, जो उस चरण में आरसीबी (क्रमशः 139 और 8.3) से ज्यादा है।

# प्रियांश-प्रभसिमरन के अर्धशतक कोलकाता को मिला 202 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 का 44वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच ईडन गार्डन्स में शुरू हो गया है। यह सीजन का दूसरा मौका है जब ये दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर में 111 रनों का सबसे कम स्कोर डिफेंड करते हुए केकेआर को 16 रनों से हराया था, जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम स्कोर डिफेंड करने का रिकॉर्ड है। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। प्रियांश ने 69, प्रभसिमरन सिंह 83 ने शानदार खेल दिखाया और टीम को 201 रन तक पहुंचा दिया।



**पंजाब किंग्स : 201/4 (20 ओवर)**

पंजाब के लिए ओपनिंग पर प्रियांश आर्य के साथ प्रभसिमरन सिंह आए। दोनों ने पहले 8 ओवर में 71 रन जोड़े। इस सीजन में ऐसा पहली बार हुआ है जब पंजाब ने पावरप्ले में विकेट नहीं गंवाया है। प्रियांश इस दौरान 150 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाते दिखे। प्रियांश ने 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं, प्रभसिमरन भी लय में दिखे। उन्होंने आईपीएल में अपना 1000 रन भी पूरा कर लिया। प्रियांश 12वें ओवर में आंद्रे रसेल की गेंद पर वैभव के हाथों कैप आऊट हो गए। उन्होंने 35 गेंदों पर 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। इसी बीच प्रभसिमरन ने 38 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन अपना दूसरा आईपीएल शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने 49 गेंदों पर 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 83 रन बनाए। मैक्सवेल फिर फ्लॉप रहे। वह चक्रवर्ती की गेंद पर 7 रन बनाकर आऊट हो गए।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हम पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं। चूंकि हम उसी विकेट पर खेल रहे हैं जिस पर वे खेले थे। कुछ दरारें देखी जा सकती हैं, इससे अंदाजा लग जाएगा कि यह कैसे खेल रहा है। इस भीड़ के सामने खेलना हमेशा शानदार रहा है। यहां आकर खेलने का एक और दिन। हमें शानदार शुरूआत मिल रही है। हम कुछ स्थितियों के बारे में बात कर रहे हैं, हमें अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से खेलने और खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि गेंदबाज विकेट लें, इससे गति बदल जाती है। पावरप्ले में हम जितने अधिक विकेट लेंगे, दूसरे गेंदबाजों को मौका मिलेगा। मैक्सवेल और उमरजई आएंगे।



## अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड तोड़ने पर लॉन्ग जंपर शैली सिंह ने कहा: 'यह मेरे सफर की बस शुरूआत है'

**नई दिल्ली।** फेडरेशन कप में 6.64 मीटर की जोरदार छलांग लगाकर अंजू बॉबी जॉर्ज का 23 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लॉन्ग जंपर शैली सिंह ने कहा कि यह उनके सफर की बस शुरूआत है। 21 वर्षीय शैली ने एनार्कुलम के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नेशनल फेडरेशन कप एथलेटिक्स में अपनी कोच और दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शैली ने 6.64 मीटर की छलांग लगाई और अंजू के 2002 के 6.59 मीटर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।
शैली ने कहा, अंजू मैम के लंबे समय से चले आ रहे फेडरेशन कप रिकॉर्ड को तोड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। उनकी उपलब्धियां हमेशा से मेरी प्रेरणा रही हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह रिकॉर्ड 23 साल तक कायम रहा क्योंकि वह कितनी असाधारण थीं और अब मैं इस विरासत का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह मेरी यात्रा की शुरूआत है और मुझे उम्मीद है कि मैं आने वाले समय में कई और मील के पत्थर हासिल करके अपने देश को गौरवान्वित करती रहूंगी।

### अमित मिश्रा की बराबरी पर हर्षल पटेल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को मात्र 154 रन पर रोकने में हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर्षल ने 28 रन देकर 4 विकेट लीं। वह आईपीएल इतिहास में पांच बार एक पारी में चार विकेट लेने के मामले में अमित मिश्रा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में भुवनेश्वर, बुमराह, बालाजी, मोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव (4-4 बार) भी बने हुए हैं। बहरहाल, हर्षल ने सैम कुरेन, डेवाल्ड ब्रेविस, धोनी के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण प्लेयर ऑफ द मैच बने हर्षल पटेल ने कहा कि बहुत ही सुखद जीत। हम 3-4-5 खेलों में भी यही कोशिश कर रहे थे, लेकिन हर एक खेल में कुछ न कुछ कमी रह जाती थी। जब हमें अपने सभी खेल जीतने की जरूरत होती है, तो यह सब एक साथ आना बहुत ही सुखद होता है। मुझे बहुत पहले ही पता चल गया था कि लेंथ पर हिट करना और उसे स्टिक पर रखना महत्वपूर्ण है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफार्म से कोलेस्ट्रॉल की जांच हो जाएगी आसान

### इसे मानव खून, चूहे के खून सीरम व दूध जैसे विभिन्न नमूनों पर सफलतापूर्वक परखा गया है

■ यह सेंसर हृदय रोगों जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, हाई ब्लड प्रेशर व कैंसर जैसे गंभीर रोगों के शुरुआती लक्षणों की पहचान करने में मदद कर सकता है

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने एक अत्याधुनिक ऑप्टिकल सेंसिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो कोलेस्ट्रॉल की सूक्ष्मतम मात्रा को भी पहचानने में सक्षम है। यह अत्यधिक संवेदनशील व सटीक तो है ही, पर्यावरण के भी अनुकूल है। जो कि भविष्य में स्वास्थ्य जांच तकनीकों की दिशा बदल सकता है। इसे गुवाहाटी के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएएसएसटी) के शोधकताओं ने विकसित किया है। यह तकनीक रेशम के फाइबर व फॉस्फोरीन क्वांटम डॉट्स के संयोजन से तैयार की गई है। इसके साथ ही इसे सेल्यूलोज नाइट्रेट झिल्ली में एकीकृत किया गया है, जिससे इसकी कार्यक्षमता व स्थायित्व में वृद्धि हुई है। शोध का नेतृत्व प्रो. नीलोत्पल सेन शर्मा, डॉ. आशीष बाला व सीनियर रिसर्च फेलो नसरीन सुल्ताना ने किया है। उनकी टीम ने प्वाइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) डिवाइस तैयार की है, जो प्रयोगशाला में या जरूरत पड़ने पर कहीं भी तुरंत कोलेस्ट्रॉल की जांच कर सकती है। इस डिवाइस को मानव रक्त, चूहे के रक्त सीरम व दूध जैसे विभिन्न नमूनों पर सफलतापूर्वक परखा गया है। इससे यह तकनीक केवल चिकित्सा क्षेत्र ही नहीं बल्कि दूध व खाद्य गुणवत्ता जांच जैसे अन्य क्षेत्रों में भी उपयोगी हो सकती है। यह डिवाइस पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित है, क्योंकि इसके उपयोग से ई-कचरे का उत्पादन नहीं होता। जो इसे पारंपरिक परीक्षण विधियों की तुलना में कहीं अधिक टिकाऊ और भविष्योन्मुख बनाता है। यह सेंसर हृदय रोगों जैसे एथेरोस्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, मायोकार्डियल इन्फार्क्शन, हाई ब्लड प्रेशर और यहां तक कि कैंसर जैसे गंभीर रोगों के शुरूआती लक्षणों की पहचान करने में मदद कर सकता है। ये सभी बीमारियाँ कोलेस्ट्रॉल असंतुलन से जुड़ी होती हैं। जहां तक कोलेस्ट्रॉल की बात है तो यह एक आवश्यक लिपिड है, जो शरीर में लिवर बनाता है और यह विटामिन डी, हार्मोन और पित्त रस के निर्माण में सहायक होता है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है। एलडीएल, जिसे खराब कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह धमनियों में जमकर ब्लॉकेज का कारण बन सकता है। दूसरा एचडीएल यानी अच्छा कोलेस्ट्रॉल कहलाता है। यह धमनियों को साफ रखने में मदद करता है। स्वस्थ जीवन के लिए दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। असंतुलन होने पर गंभीर बीमारियों का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

## 625 'उड़ान' मार्गों का संचालन शुरू, 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को मिला लाभ: केंद्र




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि 625 'उड़ान मार्गों' का संचालन शुरू हो चुका है, जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं। इसी के साथ उड़ान तहत किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा से 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ पहुंचा है।
उड़ान योजना 21 अक्टूबर, 2016 को शुरू की गई थी और पहली उड़ान फ्लाइट 27 अप्रैल, 2017 को शिमला और दिल्ली के बीच संचालित की गई थी।
भारत का हवाई अड्डा नेटवर्क 2014 में 74 हवाई अड्डों से बढ़कर 2024 में 159 हवाई अड्डों तक पहुंच गया है, जो एक दशक में दोगुना से भी अधिक है।
नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वंचित और दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023 करोड़ से अधिक का वितरण किया गया है। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना के तहत सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उड़ान ने क्षेत्रीय पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और व्यापार को मजबूत किया, जिससे टियर-2 और 3 शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।
इस योजना ने रियायतों और वीजीएफ के माध्यम से एयरलाइनों को क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे किफायती किराया और बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई।
भारत और इंडिया के बीच आसमान को जोड़कर इस योजना ने लाखों लोगों के लिए सस्ती हवाई यात्रा के सपने को सच बना दिया है। मंत्रालय ने आगे कहा, उड़ान ने न केवल दूरदराज के क्षेत्रों को राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और पर्यटन को बढ़ावा देते हुए पूरे देश में रोजगार पैदा किया है।

## अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक नियुक्त, एक मई को संभालेंगे कार्यभार



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक मई, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए होगी। यह कंपनी के सदस्यों की मंजूरी के अधीन है। आरआईएल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में मानव संसाधन, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर विचार किया। कंपनी के निदेशक मंडल ने उन्हें कंपनी का कार्यकारी निदेशक नामित किया है। उनका कार्यकाल एक मई, 2025 से पांच साल के कार्यकाल के लिए होगा। अनंत अंबानी को 01 मई, 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के कार्यकाल के लिए आरआईएल के गैर-कार्यकारी निदेशक अनंत एम. अंबानी को पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। अभी गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत अनंत अंबानी अब आरआईएल की नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

कोस्टल स्टेट्स मीट 2025

## 255 करोड़ रुपए की लागत वाली मत्स्य परियोजनाओं को किया जाएगा पेश

**मुंबई।** केंद्र सरकार 28 अप्रैल को मुंबई में कोस्टल स्टेट्स मीट 2025 का आयोजन करने जा रही है, जिसमें समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 255 करोड़ रुपए की लागत वाली मत्स्य परियोजनाओं को पेश किया जाएगा।
शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत मत्स्य पालन विभाग, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 255.30 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत बनाने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री कई महत्वपूर्ण पहलों को भी लॉन्च करेंगे। इनमें समुद्री मत्स्य पालन जनगणना संचालन, टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (टीईडी) प्रोजेक्ट और वेसल कम्युनिकेशन और सपोर्ट सिस्टम के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया रिलीज करना शामिल है। भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र ग्रामीण आजीविका का समर्थन करने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने में महत्वपूर्ण